संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    करनाल, सोमवार, 18 मार्च 2024 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 76 पृष्ठः 12    RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com    हरियाणा संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



'भारत की सिलिकॉन वैली' कहे जाने वाली शहर बेंगलुरु में इस समय जल संकट एक गंभीर चुनौती बनी हुई है।

## तीसरे कार्यकाल में होंगे बड़े निर्णयः पीएम मोदी

= एनडीए के सभी सांसद और विधायक जनता के लिए बहुत मेहनत से काम करेंगेः पीएम

**गरजे पीएम**

8 इस बार एनडीए 400 पार जाएगी। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश को शिक्षा का केन्द्र बनाया जाएगा।

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** चुनाव आयोग ने शनिवार को आम चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है। चुनाव तारीखों के एलान के बाद पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश के पलनाडु में एनडीए गठबंधन की पहली रैली में शिरकत की। खास बात यह है कि इस रैली में पीएम मोदी के साथ ही एनडीए में शामिल टीडीपी के चीफ चंद्रबाबू नायडू और जन सेना पार्टी के चीफ पवन कल्याण भी मौजूद रहे।

**तीसरे कार्यकाल में होंगे बड़े निर्णयः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तीसरे कार्यकाल में बड़े निर्णय लिए जाएंगे। विकसित भारत के लिए इस बार एनडीए 400 पार जाएगी। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश को शिक्षा का केन्द्र बनाया जाएगा। कांग्रेस पर साधा निशाना पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए में हम सबको साथ लेकर चलते हैं, लेकिन दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी का एक ही एजेंडा है 'गठबंधन के लोगों को इस्तेमाल करो और फेंक दो।' उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस ने भले ही इंडिया गठबंधन बना लिया हो, लेकिन उनकी सोच वही है।

**एनडीए की ताकत बढ़ रही है- पीएम मोदी**

रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश कह रहा है अबकी बार 400 पार। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में हमारे सहयोगी लगातार बढ़ रहे हैं। एनडीए की ताकत बढ़ रही है। चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण लंबे समय से आपके अधिकारों और आंध्र प्रदेश के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए का लक्ष्य विकसित भारत के लिए विकसित आंध्र प्रदेश का निर्माण करना है। पीएम मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश में केंद्र सरकार की योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए जनता को एनडीए सांसदों और विधायकों को जिताना होगा। एनडीए के सभी सांसद और विधायक जनता के लिए बहुत मेहनत से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आंध्र को शिक्षा का केन्द्र बनाएंगे। ये मोदी की गारंटी है।

**आंध्र प्रदेश नशे का गढ़ बन गया है- पवन कल्याण**

इससे पहले जन सेना पार्टी की अध्यक्ष पवन कल्याण ने दावा किया कि ह्र2024 में भी एनडीए सरकार बनाएगी।ह्न उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। पवन कल्याण ने वाईएसआर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जगन मोहन रेड्डी ने आंध्र प्रदेश को शराब और नशे का गढ़ बना दिया है।



**'पिछले 10 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए'**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार के पिछले 10 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। आंध्र प्रदेश में, एनडीए सरकार ने पीएम आवास योजना के तहत लगभग 10 लाख घर दिए हैं। यहां पालनाडु में गरीबों के लिए करीब 5 हजार पक्के घर बनाए गए हैं। जल जीवन मिशन के तहत आंध्र प्रदेश में करीब एक करोड़ परिवारों को नल कनेक्शन मिल चुका है।- आंध्र प्रदेश में पिछले 10 वर्षों में एनडीए यह पहली संयुक्त रैली है। आंध्र प्रदेश में 13 मई को एक चरण में लोकसभा और सभी विधानसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे। पीएम मोदी ने इस दौरान कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि एनडीए में हम सबको साथ लेकर चलते हैं, लेकिन दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी गठबंधन के लोगों को यूज एंड थ्रो करती है।



लोकसभा चुनाव के घोषणा के बाद एक रैली में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत।

## उद्धव को झटकाः आमश्या पाडवी शिवसेना शिंदे गुट में शामिल

**मुंबईः** महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे को तगड़ा झटका लगा है। शिवसेना (यूबीटी) के विधान परिषद सदस्य आमश्या पाड़वी रविवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि आमश्या पाडवी शुरू से ही शिवसैनिक रहे हैं। आज वे असली शिवसेना में शामिल हुए हैं। विधायक पाड़वी के निर्णय से आज उन्हें लग रहा है कि उन्होंने जो निर्णय लिया था वह सही था। पार्टी में आमश्या पाडवी को पूरा न्याय और सम्मान दिया जाएगा। नंदुरबार के विधायक आमश्या पाड़वी ने कहा कि पहले हम सभी एक ही पार्टी में थे।

## '5 साल का रोडमैप और नई सरकार का एक्शन प्लान...'

### लोकसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी ने कैबिनेट को दिया खास संदेश, नई सरकार 100 दिनों का रोडमैप तैयार करने का आदेश



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां काफी तेज हो गई है। ऐसे में भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काफी सक्रिय नजर आ रहे हैं। उन्होंने रविवार को कैबिनेट मंत्रियों से नई सरकार के लिए पहले 100 दिनों और अगले पांच साल के लिए एक रोडमैप तैयार करने को कहा। कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते हुए, प्रधानमंत्री ने मंत्रियों से अपने-अपने मंत्रालयों के सचिवों और अन्य अधिकारियों से मिलकर चर्चा करने के लिए कहा कि पहले 100 दिनों और अगले पांच वर्षों के एजेंडे को बेहतर ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है।

**चुनावी तारीखों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया शुरूः** यह बैठक चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद हुई। कैबिनेट ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चुनाव आयोग की सिफारिश भेजकर सात चरण के संसदीय चुनावों की तारीखों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया भी शुरू की।

**तैयारियां**

8 पहले 100 दिनों और अगले पांच वर्षों के एजेंडे को बेहतर ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है

**पहले चरण में 102 सीटों पर होगा मतदानः** समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, 19 अप्रैल को 102 सीटों पर पहले चरण के मतदान के लिए पहली अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही किसी विशेष चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाती है। चुनाव आयोग ने 16 मार्च को चुनावी तारीखों का एलान करते हुए कहा कि 18वीं लोकसभा चुनाव का आयोजन 7 चरणों में किया जाएगा।


**आदर्श विचार**



"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"

भागवद्

**मन की बात**



"जब तक जीना, तब तक सीखना अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक हैं।"

स्वामी विवेकानंद




## कर्नाटक का मूड बीजेपी के पक्ष मेंः विजयेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया**

**बेंगलुरुः** लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद कर्नाटक बीजेपी के प्रमुख बीवाई विजयेंद्र ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और कहा कि पूरे राज्य में माहौल बीजेपी के पक्ष में है। कर्नाटक बीजेपी प्रमुख ने कहा, "कांग्रेस को राज्य की सत्ता में होने के बावजूद उन्हें किसी भी लोकसभा क्षेत्र में उम्मीदवार नहीं मिल पा रहे हैं। वे अपने मंत्री को चुनाव लड़ने के लिए मनाने की बहुत कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सौभाग्य से राज्य भर में मूड बीजेपी और पीएम मोदी के पक्ष में है।" कर्नाटक में 28 लोकसभा सीटें हैं, 2019 में 28 में से बीजेपी ने 51.7 फीसदी वोट शेयर के साथ 25 सीटें जीतीं।

कर्नाटक में कांग्रेस ने 32.1 प्रतिशत वोट शेयर के साथ 1 सीट जीती, जबकि जेडीएस और निर्दलीय ने एक-एक सीट जीती।

## इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर एक और याचिका दाखिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त निर्देश देते हुए एसबीआई को इसकी जानकारी चुनाव आयोग को सौंपने का आदेश दिया था। जिसके बाद एसबीआई ने सारी जानकारी चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय समय में उपलब्ध करा दी। वहीं, चुनाव आयोग ने एसबीआई की तरफ से इलेक्टोरल बॉन्ड पर मिली जानकारी को अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है जिसमें 1 मार्च, 2018 से लेकर 11 अप्रैल, 2019 तक बेचे गए सभी चुनावी बांड के विवरण का खुलासा करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि मतदाता को इस योजना की शुरूआत के बाद से पूरी अवधि के लिए राजनीतिक दलों को कितने की फंडिंग मिली इसके बारे में सभी जानकारी को जानने के वह हकदार हैं।

**मांग**

8 राजनीतिक दलों को कितने की फंडिंग मिली इसके बारे में सभी जानकारी को जानने के वह हकदार हैं

## अरुणाचल-सिक्किम में मतगणना अब 2 जून को

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** 2024 लोकसभा और विधानसभा चुनावों की तारीखों के एलान के एक दिन बाद निर्वाचन आयोग (ईस) ने चुनावी कार्यक्रम में बदलाव किया है। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के चुनावी कार्यक्रम में बदलाव करते हुए आयोग ने कहा कि अब दोनों राज्यों में मतगणना 4 जून की जगह 2 जून को होगी। बता दें कि कल ही चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के 19 अप्रैल से 7 चरणों में शुरू होने की घोषणा की थी।

**अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में अब कब आएंगे नतीजे :** चुनाव आयोग ने पहले घोषणा की थी कि दोनों विधानसभा चुनावों में पड़े वोटों की गिनती लोकसभा चुनाव के वोटों के साथ 4 जून को की जाएगी। चुनाव आयोग ने कहा, लेकिन चूंकि दोनों विधानसभाओं का कार्यकाल 2 जून को समाप्त हो रहा है, इसलिए तारीख पहले कर दी गई है। आयोग ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कार्यक्रम के संबंध में कोई बदलाव नहीं होगा। आंध्र प्रदेश और ओडिशा में संसदीय चुनावों के साथ विधानसभा चुनाव भी हो रहे हैं।




## सीएए के खिलाफ फिर दायर हुई याचिका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केरल ने सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर कर नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग की है। याचिका में यह तर्क दिया है कि यह अधिनियम भेदभावपूर्ण, मनमाना और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन है। केंद्र ने 11 मार्च को प्रासंगिक नियमों की अधिसूचना के साथ नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 के कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त किया था। इस अधिनियम के जरिए 31 दिसंबर, 2014 से पहले पड़ोसी देश पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के गैर-प्रवासी मुस्लिमों को तेजी से भारतीय नागरिकता दी जाएगी।



**सीएए को बताया भेदभावपूर्ण अधिनियमः** राज्य सरकार ने सीएए नियमों को 'असंवैधानिक' करार देते हुए कहा कि धर्म और देश के आधार पर वर्गीकरण भेदभावपूर्ण, मनमाना, अनुचित है और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन है। याचिका में कहा गया, "तथ्य यह है कि प्रतिवादी (संघ) को 2019 अधिनियम के कार्यान्वयन में कोई तात्कालिकता नहीं है।

**उल्लंघन**

8 तर्क दिया है कि यह अधिनियम भेदभावपूर्ण, मनमाना और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन है

## जेपीएससी परीक्षा का पेपर लीक, छात्र भड़के!

**टीम एक्शन इंडिया**

**चतराः** झारखंड में आयोजित जेपीएससी प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के एक केंद्र पर परीक्षार्थियों ने जमकर हंगामा किया। चतरा जिला मुख्यालय स्थित उपेंद्रनाथ इंटर महाविद्यालय परीक्षा केंद्र में यह हंगामा हुआ। परीक्षार्थियों का आरोप है कि प्रश्नपत्र सील बंद नहीं आया था। टूटे हुए सील को देखकर परीक्षार्थी कुछ समय के लिए परीक्षा को बहिष्कार कर दिए। बहिष्कार के बाद कमरे से बाहर निकाल कर हंगामा करने लगे।

## महादेव एपः भूपेश बघेल के खिलाफ एफआईआर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ महादेव एप मामले में रायपुर की आर्थिक अपराध शाखा ने बघेल और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मामला आईपीसी की धारा 120बी, 34, 406, 420, 467, 468 और 471 के तहत दर्ज किया गया है। भूपेश बघेल और 21 अन्य के खिलाफ चार मार्च को मामला दर्ज किया गया था। लोकसभा चुनाव से पहले ये मामला कांग्रेस नेता के लिए कई समस्याएं पैदा कर सकता है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ पुलिस की एफआईआर में आईपीसी के तहत धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, विश्वासघात और जालसाजी से संबंधित विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 11 के तहत आरोप लगाया गया है।



**'भूपेश बघेल की छवि खराब करने की कोशिश'**: कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ईओडब्ल्यू और एसीबी ने मिलकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल की छवि खराब करने के लिए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है।

**शिकंजा**

8 पूर्व सीएम बघेल के खिलाफ पुलिस की एफआईआर में आईपीसी के कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया

## सरकार के इशारों पर काम करता है इलेक्शन कमीशनः कपिल सिब्बल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में सात चरण का लोकसभा चुनाव इस बात का सबूत है कि चुनाव आयोग सरकार के इशारों पर काम करता है।

**चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर उठाया सवालः** सिब्बल ने हाल ही में दो चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति पर भी सवाल उठाया और कहा कि उन्हें इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया गया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को भी इसका सदस्य होना चाहिए। उन्होंने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा, "जहां तक देश में लोकसभा चुनाव के सात चरणों का सवाल है, इसकी उम्मीद थी। वास्तव में जिस तरह से उन्होंने इन दोनों चुनाव आयुक्तों को इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि सीजेआई को भी समिति का सदस्य होना चाहिए।" जिस तरह से उन्होंने सुप्रीम में चुनौती लंबित होने के बावजूद संविधान पीठ के फैसले को खारिज कर दिया है सिब्बल ने आरोप लगाते हुए कहा कि अदालत और जिस तरह से उन्होंने नियुक्ति को आगे बढ़ाया, उससे पता चलता है कि उनका इरादा वहां अपने लोगों को रखने का था।



**तृणमूल ने जताई चिंताः** सिब्बल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सात चरणों का चुनाव इस बात का सबूत है कि चुनाव आयोग सरकार के इशारों पर काम करता है।

**हथकरघा** 'वो क्या जानें हमारा इतिहास...' सीएए की आलोचनाओं को लेकर जयशंकर ने अमेरिका समेत पश्चिमी देशों को दिखाया आईना

## सीएए भारत का अंदरूनी मामलाः विदेश मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** अमेरिका और दुनिया के अन्य हिस्सों से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की आलोचना हो रही है। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि इसे विभाजन के संदर्भ में रखना महत्वपूर्ण है। साथ ही रेखांकित किया कि ऐसे 'कई उदाहरण' हैं जिनमें कई देशों के पास फास्ट-ट्रैक नागरिकता है। जयशंकर ने अमेरिकी धरती पर एक खालिस्तानी अलगाववादी को मारने की साजिश रचने के आरोपों का सामना कर रहे एक भारतीय नागरिक और एक दिन पहले अमेरिकी राजदूत एरिक गासेटी की टिप्पणियों पर सवालों के जवाब दिए।



**सीएए को लेकर हो रही आलोचनाओं का दिया जवाबः** जयशंकर ने कहा 'आप भारत और कनाडा का कई उदाहरण दे रहे है, अमेरिकी राजनीति ने हिंसक चरमपंथी विचारों और गतिविधियों को उस तरह की जगह नहीं दी है जो कनाडा ने दी है। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि इन्हें एक साथ रखना अमेरिका के लिए उचित है। जयशंकर ने कहा कि मैं दोनों के बीच अंतर करूंगा।'जयशंकर ने वाशिंगटन और दुनिया के अन्य हिस्सों से सीएए को लेकर हो रही आलोचनाओं का भी जवाब दिया। दरअसल, अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि वह भारत में सीएए की अधिसूचना को लेकर चिंतित है और इसके कार्यान्वयन पर करीब से नजर रख रहा है।

**दो टूक**

8 ऐसे 'कई उदाहरण' हैं जिनमें कई देशों के पास फास्ट-ट्रैक नागरिकता है : विदेश मंत्री

**मैं हमारे इतिहास के बारे में उनकी समझ पर सवाल उठा रहा हूंः** इस पर जयशंकर ने जवाब दिया कि 'मैं उनके लोकतंत्र या उनके सिद्धांतों की खामियों पर सवाल नहीं उठा रहा हूं। मैं हमारे इतिहास के बारे में उनकी समझ पर सवाल उठा रहा हूं। यदि आप दुनिया के कई हिस्सों से टिप्पणियां सुनते हैं, तो ऐसा लगता है जैसे भारत का विभाजन कभी नहीं हुआ था, कोई परिणामी समस्याएं नहीं थीं जिन्हें सीएए को संबोधित करना चाहिए।

# लोकसभा चुनाव: 'आदर्श आचार संहिता लागू हुई'

## अब नई विकास परियोजनाओं की हरियाणा सरकार घोषणा नहीं कर सकती-मुख्य निर्वाचन अधिकारी, चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के बारे शिकायत दर्ज करने के लिए चुनाव आयोग ने सी-विजिल एप बनाया है, जिस पर कोई भी नागरिक वीडियो व आडियो बनाकर भेज सकता है, शिकायत मिलने पर 100 मिनट में होगी कार्रवाई, राज्य में 1 करोड़ 99 लाख 38 हजार 247 मतदाता अपने मत का चुनाव में कर सकेंगे प्रयोग

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा 2024 के आम चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। अब नई विकास परियोजनाओं की हरियाणा सरकार घोषणा नहीं कर सकती। जिन परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है वे जारी रहेगा। चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के बारे शिकायत दर्ज करने के लिए चुनाव आयोग ने सी-विजिल एप बनाया है, जिस पर कोई भी नागरिक वीडियो व आडियो बनाकर भेज सकता है, जिस पर 100 मिनट में कार्रवाई की जाएगी। यह एप चुनाव आयोग की पैनी नजर के रूप में कार्य करेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी आज यहां पत्रकारवार्ता कर रहे थे। श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में हरियाणा में लगभग 70 प्रतिशत मतदान हुआ था, आगामी चुनाव में मतदान बढ़े इसके लिए मतदाताओं से अपील की गई है कि वे मतदान में अवश्य भाग लें। राज्य में 1 करोड़ 99 लाख 38 हजार 247 मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि 85 वर्ष से अधिक मतदाताओं की संख्या 2 लाख 64 हजार 760 है। इसी तरह से 100 से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 11 हजार 28 है। 120 आयु के 41 मतदाता हैं। ऐसे मतदाताओं के लिए चुनाव रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय से घर जाकर उनसे विकल्प लिया जाएगा कि वे मतदाता केंद्र में आकर मतदान करना चाहते हैं या फिर घर से। सर्विस मतदाताओं का संख्या 1 लाख 8 हजार 572 है। 18 से 19 आयु के मतदाताओं की संख्या 3 लाख 65 हजार 504 है तथा 20 से 29 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 39 लाख 31 हजार 717 है। 26 अप्रैल 2024 तक प्रदेश में महिला व पुरुष अपने वोट बनवा सकते हैं। अब सूची से वोट काटने का काम नहीं होगा, सिर्फ वोट जोड़ने का होगा। एक प्रश्न के उत्तर में श्री अग्रवाल ने कहा कि चुनाव के लिए अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी की जाएगी। 6 मई को नामांकन भरने की अंतिम है। 7 मई को नामांकन पत्रों की समीक्षा की जाएगी। 9 मई तक प्रत?ाशी अपने नामांकन वापस ले सकते हैं। 25 मई को मतदान होगा। 4 जून को मतगणना होगी और चुनाव प्रक्रिया 6 जून से पहले पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदान ईवीएम (इलेक्ट्रानिक्स वोटिंग मशीन) के माध्यम से होगा। पर्याप्त संख्या में ईवीएम उपलब्ध हैं। इसके अलावा वीवीपैट भी हर मतदान केंद्र पर रखे जाएंगे। 10 से 15 प्रतिशत आरक्षित ईवीएम सेक्टरल मजिस्ट्रेट की पास उपलब्ध रहेंगी, जहां भी शिकायत होगी वहां ईवीएम उपलब्ध करा दी जाएगी।



### प्रदेश में कुल 19 हजार 812 मतदान केंद्र होंगे: अग्रवाल

**प्रदेश** में कुल 19 हजार 812 मतदान केंद्र होंगे, जिनमें 6 हजार 224 शहरी और 13 हजार 588 ग्रामीण मतदान केंद्र शामिल हैं, जिनमें 2289 वल्नरबल और 63 क्रिटिकल मतदान केंद्र हैं। एक मतदान केंद्र पर औसतन 1001 मतदाता अपने मत डाल सकेंगे। सभी मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित जन सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। श्री अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी की चुनाव खर्च सीमा 95 लाख रुपये होगी और जिस दिन नामांकन पत्र दाखिल करेगा उसी दिन से राशि की गणना शुरू कर दी जाएगी। प्रत्याशी को अलग से चुनाव खर्च विवरण की जानकारी बैंक खाते के माध्यम से देनी होगी। उन्होंने बताया कि निष्पक्षता व पारदर्शी तरीके से चुनाव करवाना आयोग की प्राथमिकता है। चुनाव को लेकर प्रदेश में केंद्रीय शस्त्र पुलिस बलों की 15 कंपनियां आ चुकी हैं। गृह मंत्रालय से 200 कंपनियों की मांग की गई है। अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई है, जो सप्ताह में कम से कम से दो बार बैठक करेगी और मुख्य निर्वाचन अधिकारी को अपनी सिफारिशें भेजेगी।

### आदर्श आचार संहिता के लागू रहते मंत्रिमंडल विस्तार करने के बारे में आयोग का कोई निर्देश नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** भारतीय चुनाव आयोग द्वारा शनिवार को लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित किए जाने के साथ ही देशभर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई हैं। अब हरियाणा में नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मंत्रिमंडल का विस्तार चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने से पहले किए जाने पर आचार सहिता का उल्लंघन होगा या नहीं इस बारे में आयोग का कोई निर्देश उपलब्ध नही है। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने रविवार को इस बारे में सवाल पर कहा कि आयोग का कोई निर्देश इस बारे में मोजूद नही है। अगर कोई ऐसी स्थिति सामने आती है तो आयोग से निर्देश मांगा जाएगा।

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की निगरानी कैसे की जाएगी इस सवाल पर अग्रवाल ने कहा कि आयोग ने इस मामले में शिकायत भेजने के लिए सी विजिल ऐप तैयार किया है। यह एप डाउन लोड कर आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत भेजी जा सकती है। शिकायत मिलने के बाद सौ मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी।इसके अलावा एनजीआरएस पोर्टल पर भी शिकायत भेजी जा सकती है।

अग्रवाल ने कहा कि आम मतदाता को शिक्षित करना पहली प्राथमिकता है। इस कार्य में मीडिया की भी अहम भूमिका है।

मतदाता को जागरूक कर मतदान का प्रतिशत बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019के लोकसभा चुनाव में हरियाणा में कुल मतदान प्रतिशत 70.36प्रतिशत रहा था।इस बार मतदान प्रतिशत और बढ़ाना है। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी भी बनाना है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में लोकसभा चुनाव की अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी की जाएगी।

# रूस-यूक्रेन से युवाओं की वापसी की गारंटी क्यों नहीं लेती सरकार: सैलजा



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव उत्तराखंड की प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने सवाल किया है कि बात-बात पर गारंटी का ढिंढोरा पीटने वाली भाजपा सरकार रूस-यूक्रेन में धोखे से फंसा दिए गए हरियाणा के युवाओं की तत्काल वापसी की गारंटी क्यों नहीं ले रही। आज यहां जारी बयान में कुमारी सैलजा ने भाजपा सरकार व इसके नेताओं की कथनी-करनी में जमीन-आसमान के अंतर पर तीखे कटाक्ष किए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी से सवाल पूछते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि कैथल-करनाल-अंबाला व हरियाणा के अन्य जिलों के युवा रोजगार की तलाश में भटकते हुए यूक्रेन-रूस रूपी मौत की खाई में फंस गए हैं पर देश-प्रदेश में भाजपा सरकार ने बेबस नौजवानों की घर वापसी से मुंह क्यों मोड़ा हुआ है। कब तक कैथल के सात व हरियाणा के सैकड़ों युवाओं को सुरक्षित घर वापस लाया जाएगा? क्या पीएम व सीएम को मटौर, कलायत निवासी साहिल व रवि की पुकार व उनके पिता बाग सिंह की चीत्कार सुनाई नहीं देती? कुमारी सैलजा ने सवाल दागा-क्या आपने करनाल के हर्ष की मार्मिक अपील नहीं देखी?

तीखे तेवरों के साथ भाजपा व इसके सहयोगियों को आईना दिखाते हुए कुमारी सैलजा ने कहा, जब कई महीनों से नौकरी बेचने वाले दलाल हरियाणा के सैकड़ों युवाओं से पैसा वसूल कर विदेशों में धकेल रहे थे, तब तत्कालीन सीएम मनोहर लाल खट्टर व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला क्यों आंखें मूंदे रहे ? मौजूदा मुख्यमंत्री ने तब कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? एक बड़ा मुद्दा उठाते हुए कुमारी सैलजा ने कहा है कि इनमें से दर्जनों बच्चे पूर्व सीएम के विधानसभा क्षेत्र और मौजूदा सीएम के लोकसभा क्षेत्र से संबंधित हैं, फिर भी युवाओं को भगवान भरोसे क्यों छोड़ दिया गया।

## न्यूज फ्लैश

### गुरुग्राम: भाजपा जिला अध्यक्ष ने 6 मोर्चों व 15 मंडलों के प्रभारी नियुक्त किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम:** लोकसभा चुनाव को जीतने की रणनीति के तहत भाजपा ने तैयारियां तेजी कर दी है। जिला अध्यक्ष कमल यादव ने सभी 6 मोर्चों और 15 मंडलों के प्रभारी नियुक्त किए हैं। कमल यादव ने दिनेश शर्मा को युवा मोर्चा का प्रभारी बनाया है, वहीं जगतार सिंह को किसान मोर्चा, सुंदरी खत्री को ओबीसी मोर्चा, गगन गोयल को एससी मोर्चा और हर्ष वर्धन मित्तल को अल्पसंख्यक तथा जयंती चौधरी को महिला मोर्चा की प्रभारी नियुक्त किया है। जिला अध्यक्ष ने नवनियुक्त प्रभारियों को शुभकामनाएं देते हुए पार्टी प्रत्याशी की बड़ी जीत सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जिला अध्यक्ष कमल यादव ने विधानसभा अनुसार मंडल प्रभारियों की नियुक्ति करते हुए गुरुग्राम विधानसभा के सरस्वती मंडल का प्रभारी अरूण बंसल को बनाया है। शीतला मंडल का प्रभारी कृष्ण स्वामी, दयानंद मंडल का प्रभारी महेश वशिष्ठ और अर्जुन मंडल का प्रभारी सीमा पाहुजा को नियुक्त किया है। इसी तरह बादशाहपुर विधानसभा के खेडकी दौला मंडल प्रभारी पवन जांघू, बादशाहपुर मंडल प्रभारी संदीप राघव, फर्रूखनगर मंडल प्रभारी अजीत यादव, नवीन मंडल प्रभारी अर्जुन शर्मा और डूंडाहेड़ा मंडल का प्रभारी पीसी सैनी को नियुक्त किया है। सोहना विधानसभा के तावडू मंडल प्रभारी प्रदीप सैनी, सोहना मंडल प्रभारी सुरेंद्र गहलोत, भोंडसी मंडल प्रभारी विपिन यादव को बनाया है। पटौदी विधानसभा के पटौदी मंडल का प्रभारी राजबीर यादव मानेस, मोनसर मंडल प्रभारी मेहरचंद गांधी और हेलीमंडी मंडल प्रभारी हंसराज सैनी बिल्लू को नियुक्त किया है।

### बस में शरारत करने से रोका तो कंडक्टर पर दो युवकों ने बोला हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** टोहाना से फतेहाबाद आ रही निजी बस में शरारत कर रहे दो युवकों को रोकने पर उन्होंने बस के कंडक्टर के साथ मारपीट शुरू कर दी और ईंटों से हमला कर दिया। घायल कंडक्टर को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। रविवार को इस मामले में पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव समैण निवासी प्रदीप ने कहा है कि वह एक प्राइवेट बस पर कंडक्टर की नौकरी करता है। उनकी बस का रूट टोहाना से फतेहाबाद का है। शनिवार को वह बस लेकर टोहाना से फतेहाबाद आ रहे थे। जैसे ही वे पुन्नी फैक्ट्री के पास पहुंचे तो बस की खिडकी में दो लडके शरारत कर रहे थे। वे कभी खिडकी से बाहर तो कभी अंदर हो रहे थे। इस पर बस चालक राजेन्द्र ने बस को साइड में रोककर लडकों को समझाया तो दोनों युवक तैश में आ गए और चालक के साथ मारपीट करने लगे। जब वह चालक को छुड़वाने गया तो उक्त युवकों ने उसके साथ भी मारपीट की और ईंटों से हमला कर दिया।

### डिवाइडर से टकराई कार दो महिलाओं की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** कस्बा कलायत के रामगढ़ रोड के पास रविवार को हिसार-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीषण सडक हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। हादसे में कार ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा सडक हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। मिली जानकारी अनुसार रविवार दोपहर बाद करीब 2.30 बजे कैथल की तरफ से नरवाना की तरफ जा रही हुंडई एक्सेंट कार का अचानक टायर फट गया।

# फरीदाबाद: रोडरेज के बाद पुलिसकर्मी पर किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** रोडरेज की घटना में बाइक व स्कूटी सवार युवकों ने पुलिसकर्मी पर हमला कर उसे घायल कर दिया। उसकी कार में तोडफोड़ की। पुलिसकर्मी की शिकायत पर पल्ला थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने रविवार को इसकी शिकायत पुलिस को दी। नवीन नगर पुलिस चौकी में एएसआइ राज सिंह ने रविवार को दी शिकायत में बताया कि वह मूल रूप से गांव धर्मपुर जिला गुरुग्राम का रहने वाला है। 15 मार्च की देर शाम वह किसी काम से ओम एन्क्लेव गया था। उसके पास अपनी निजी कार थी और उसने पुलिस की वर्दी नहीं पहनी थी। वहां उसकी कार को एक बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। बाइक पर तीन युवक सवार थे। उसने अपनी कार देखी तो बंफर में काफी नुकसान हो गया था। उसने बाइक सवार युवकों को पूछा कि टक्कर क्यों मारी। इस पर युवक उससे बहस करने लगे। समझाने पर वह नहीं माने। वह अपनी कार लेकर चल दिए। तभी बाइक सवार आए और उसकी कार के आगे अपनी बाइक लगा दी। उनके साथ स्कूटी सवार युवक भी थे। उसने कार रोक ली। युवकों के हाथ में डंडे थे। उन्होंने डंडों से उस पर हमला कर दिया। युवकों ने कार के शीशे तोड़ दिए और गाड़ी पर डंडे बरसाए। मौक पर काफी लोग गए और बीच-बचाव किया। इसके बाद युवक उसे धमकी देकर भाग गए। पुलिसकर्मी ने बताया कि आरोपितों में एक को वह पहचानते हैं।

# 'अब केंद्र में और हरियाणा में भी सरकार बदलने का समय'

## कांग्रेस सरकार बनने पर बुजुर्गों को 6000 रुपये बुढ़ापा पेंशन, 500 रुपये में गैस सिलेंडर

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** महम की नयी अनाज मंडी में आयोजित जन-आक्रोश रैली को संबोधित करने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने वहां उमड़े जनसैलाब को देखकर अपने अंदाज में कहा कि महम हलके से काँग्रेस को 1 लाख वोटों से जीत के बाद थारी सरकार हम बनवा देंगे। 1 लाख वोटों की जीत तभी होगी जब हर बूथ पर हर वोट पड़े और वोट प्रतिशत 90 फीसदी हो। उन्होंने कहा कि चुनाव का बिगुल बज चुका है, अब हरियाणा में भी सरकार बदलने का समय है। पहले लोकसभा का चुनाव है, फिर विधान सभा का चुनाव आयेगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उनके दिल में इस बात की टीस है कि जो हरियाणा 2014 से पहले तक प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, कानून-व्यवस्था, खेल-खिलाड़ी, रोजगार देने में नंबर 1 था आज वो हरियाणा बेरोजगारी, अपराध, नशे और भ्रष्टाचार में नंबर 1 बन गया है। भारत सरकार द्वारा जारी सामाजिक प्रगति सूचकांक में कहा गया है कि हरियाणा सबसे असुरक्षित प्रदेशों में से एक है। पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा ने कहा कि चुनाव के बाद प्रदेश में सत्ता परिवर्तन तय है और काँग्रेस सरकार आने पर बुजुर्गों को 6000 रुपये महीना पेंशन, हर परिवार को 300 यूनिट बिजली फ्री, महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर, युवाओं के लिए खाली पड़े 2 लाख सरकारी पदों पर पक्की भर्ती, गरीब परिवारों के लिए 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट योजना लागू कर उस प्लॉट पर मकान बनाकर देंगे।



### 'कांग्रेस पार्टी ने हर वर्ग के लिये योजना बनायी'

**कांग्रेस** पार्टी ने हर वर्ग के लिये योजना बनायी है। उदयभान ने बीजेपी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होने का आवाहन किया। उन्होंने कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समय हुए विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान साढे 81 किलोमीटर तक मेट्रो लाइन हरियाणा में बिछी। हरियाणा में 4 बड़े बिजली के कारखाने और एक न्यूक्लियर पावर प्लांट स्थापित हुआ। जबकि मौजूदा सरकार ने एक यूनिट भी बिजली पैदा करने का काम नहीं किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हुड्डा सरकार के प्रदेश में 12 यूनिवर्सिटी और 6 मेडिकल कॉलेज बने, रेल लाईन, नेशनल हाईवे बनवाये।

# गुरुग्राम: कार्यकर्ता ही भाजपा को अजेय बनाते हैं: फणीन्द्रनाथ शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम:** भाजपा ने रविवार को दयानंद मंडल के अंतर्गत राजेन्द्रा पार्क शक्ति केंद्र में शक्ति केंद्र प्रवास सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कार्यकताओं से अपने-अपने बूथ मजबूत कर लोकसभा चुनाव में जुटने का आह्वान किया। फणीन्द्रनाथ शर्मा ने सम्मेलन में कांग्रेस को निशाने पर रखते हुए संगठन की मजबूती के मंत्र भी दिए। कार्यकताओं में जोश भरते हुए उन्होंने ने कहा कि भाजपा का हर बार विजयी होना भाजपा कार्यकताओं के दम पर ही संभव हुआ है। कार्यकर्ता ही पार्टी को अजेय बनाते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए संगठन को मजबूती दें। शक्ति केंद्र कार्यकताओं को पार्टी के जो



कार्यक्रम मिले उनमें भागीदार रहकर कार्य करें। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की बड़ी जीत सुनिश्चित करने की दिशा में ज्यादा से ज्यादा लोगों से संपर्क करें और उन्हें पार्टी की नीतियों और मोदी तथा नायब सैनी की सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं से अवगत कराएं।

प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने मोदी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि 10 सालों में मोदी सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित हुआ है और विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। इस मौके पर हरविन्द्र कोहली, जिला महामंत्री सर्वप्रिय त्यागी, जिला सचिव महेश वशिष्ठ, योगेंद्र सारवान, मंडल अध्यक्ष अजीत भारद्वाज के अलावा अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

# अलीपुर बरोटा में हो रहा था मिट्टी का अवैध खनन, दी दबिश

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** गांव अलीपुर बरोटा में मिट्टी का अवैध खनन की सूचना पर मौके पर पहुंची खनन एवं भू विज्ञान विभाग हिसार की टीम को कुछ लोगों द्वारा धमकाने और सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का मामला सामने आया है। इस बारे खनन अधिकारी की शिकायत पर सदर फतेहाबाद पुलिस ने शनिवार को केस दर्ज किया है। रविवार को इस मामले में पुलिस काफी सक्रिय रही। पुलिस को दी शिकायत में खनन एवं भू विज्ञान विभाग हिसार के खनन अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि 15 मार्च को उनके कार्यालय को सूचना मिली थी कि जिला फतेहाबाद में गांव अलीपुर बरोटा से फुलां रोड पर मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है। इस पर कार्यवाही करते हुए सरकारी क्षेत्रीय अमला टीम जिसमें स्टेनो कपिल कुमार, खनन रक्षक सागर, चालक सुनील कुमार शामिल थे।

# तेज बुखार से बच्चे की मौत, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** जिला नागरिक बादशाह खान अस्पताल में रविवार दोपहर तेज बुखार से एक बच्ची की मौत हो गई। स्वजन ने इस मामले में आपातकालीन विभाग के डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। गोछी निवासी सलमान अपनी एक वर्षीय बेटी इनाया को रविवार सुबह अस्पताल के आपातकालीन विभाग में लाए थे। बच्ची बुखार से पीड़ित थी। सलमान ने कहा कि अस्पताल में मौजूद डॉक्टर ने काफी देर तक उनकी बच्ची का हाल-चाल नहीं लिया। वह सुबह चार चार बजे आपातकालीन विभाग में आ गए थे और बच्ची को सुबह आठ बजे देखा गया। इस मामले में बच्ची की दादी ने भी रोज प्रकट किया। उन्होंने कहा कि अगर बच्ची को समय पर डॉक्टर देख लेते तो उसकी जान बच सकती थी।

**गंभीर आरोप**

> 8 बेटी इनाया को रविवार सुबह अस्पताल के आपातकालीन विभाग में लाए थे। बच्ची बुखार से पीड़ित थी

इस मामले में रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर डॉ. रोहित गौड ने बताया कि उनके पास भी ऐसी शिकायत आई थी। उन्होंने जांच कराई है। बच्चों की तबीयत बहुत बिगड़ी हुई थी इसलिए उसे रेफर किया गया था, मगर स्वजन ने बच्ची को दूसरे अस्पताल ले जाने ने में देरी की। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग स्थिति गंभीर होने के बाद अस्पताल में आते हैं। ऐसे में कई बार मरीज को बचा पाना मुश्किल हो जाता है। किसी डॉक्टर की कोई लापरवाही नहीं है।

# अक्षय नरवाल व उसके साथियों को सोमवार को मिलेगी रिहाई: प्रियंका

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** भारतीय किसान संघर्ष समिति की प्रदेश प्रवक्ता किसान नेत्री प्रियंका खरकरामजी, संदीप चहल, सुशील नरवाल ने कहा कि 13 फरवरी को दातासिंहवाला बार्डर से गिरफ्तार किए गए किसान नेता अक्षय नरवाल, विरेंद्र कोयल और प्रवीन मदीना की रिहाई सोमवार को होगी। सात मार्च को एसपी कार्यालय का घेराव करने के लिए आए किसानों के साथ बैठक में एसपी द्वारा सोमवार तक का समय किसानों को दिया गया था। वे रविवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। प्रियंका खरकरामजी ने बताया कि गिरफ्तार किसानों की रिहाई की मांग को लेकर कथूरा गांव में धरना भी चल रहा है तो वहीं किसान प्रशासनिक अधिकारियों से मिल कर उनकी रिहाई की मांग कर चुके हैं। प्रशासन ये भी मान चुका है कि तीनों निर्दोष हैं, इसके बावजूद भी उन्हें छोड? में देरी की जा रही है।

**अवगत कराया**

> 8 आए किसानों के साथ बैठक में एसपी द्वारा सोमवार तक का समय किसानों को दिया गया था

अक्षय नरवाल और उनके साथियों पर धारा 307 समेत 10 से ज्यादा धाराएं लगाई हैं जबकि इनका सबूत भी कहीं नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि किसान नेताओं की रिहाई के बाद ही कथूरा गांव में चल रहा धरना और उनका संघर्ष खत्म होगा। प्रियंका ने बताया कि सोमवार तक कानूनी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और उनके साथियों की रिहाई हो जाएगी। अगर प्रशासन द्वारा वादाखिलाफी की जाती है तो फिर बड़े आंदोलन का आगाज कर दिया जाएगा। किसान नेता संदीप ने कहा कि यह हमारा साथियों की रिहाई करवाने का आखिरी प्रयास होगा।

# ग्रामीणों ने कृष्णपाल गुर्जर के पुतले की शव यात्रा निकाल किया दहन

## आचार संहिता लगने से पहले समस्या का समाधान हो जाएगा, लेकिन ग्रामीणों की इस समस्या का किसी भी जनप्रतिनिधि ने समाधान नहीं किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद: फरीदाबाद** लोकसभा सीट से तीसरी बार के भाजपा उम्मीदवार कृष्ण पाल गुर्जर को टिकट मिलने के बाद फरीदाबाद के अलग-अलग इलाकों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। बीती 15 मार्च को डबुआ इलाके में स्वागत समारोह में पहुंचे लोकसभा उम्मीदवार कृष्ण पाल गुर्जर को स्थानीय लोगों ने काले झंडे दिखाकर विरोध जताया गया था। रविवार को फिर फरीदाबाद के मोहना इलाके में कृष्ण पाल गुर्जर के की शवयात्रा निकाल कर दहन किया गया। इस मौके पर प्रदर्शन कर रहे ईश्वर लंबरदार ने बताया कि ग्रीन एक्सप्रेस-वे पर कट की मांग को



लेकर वह लोग 5 महीने से ज्यादा समय से धरने पर बैठे हैं । बीते 3 में 2022 को पन्हेड़ा में मुख्यमंत्री एक कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए पहुंचे थे, जहां पर ग्रामीणों ने मोहना के पास ग्रीन एक्सप्रेस वे पर कट दिए जाने की मांग की थी। इस मांग का पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने समर्थन करते हुए आश्वासन दिया था कि मोहना के पास उतार-चढ़ाव के लिए ग्रीन एक्सप्रेस वे पर कट दिया जाएगा, लेकिन 5 माह से ज्यादा समय बीतने के बावजूद ग्रीन एक्सप्रेसवे पर कट नहीं दिया गया। इस कट की मांग को लेकर वह इलाके के सभी विधायक और मंत्रियों से मिल चुके हैं, लेकिन सभी की तरफ से उन्हें केवल आश्वासन दिया गया। ईश्वर नंबरदार ने बताया कि, इस मामले को लेकर ग्रामीण तीन बार केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिल चुके हैं। उन्होंने भी आश्वासन दिया था कि मोहना के पास उतार-चढ़ाव के लिए कट दे दिया जाएगा। हाल ही में वह लोग कृष्ण पाल गुर्जर से भी उनके आवास पर जाकर मिले थे। उन्होंने कहा था कि आचार संहिता लगने से पहले समस्या का समाधान हो जाएगा, लेकिन ग्रामीणों की इस समस्या का किसी भी जनप्रतिनिधि ने समाधान नहीं किया।

**धरना**

> 8 ग्रीन एक्सप्रेस-वे पर कट की मांग को लेकर वह लोग 5 महीने से ज्यादा समय से धरने पर बैठे हैं

ईश्वर नंबरदार ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन में 50 गांव के लोग शामिल रहे। 50 गांव के लोग कृष्णपाल गुर्जर का विरोध कर रहे हैं। वह आने वाले चुनाव में कृष्ण पाल गुर्जर को वोट की चोट देंगे और यदि यहां पर कट दे दिया जाता है तो वह गुर्जर का फूल मालाओं से स्वागत भी करेंगे।

# नांदेड़ (हजूर साहिब) से फ्लाइट 31 मार्च से शुरू होगी.. तेजिंदर सिंह मक्कड़

## मेयर निखिल मदान ने निगम क्षेत्र में 5 करोड़ 20 लाख रु की लागत से होने वाले विकास कार्यों का किया शुभारम्भ

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सचखंडः हजूर साहिब नांदेड़ को 31 मार्च से पांच बड़े शहरों से हवाई सेवा के जरिये जोड़ दिया जाएगा। नानक साईं - फाउंडेशन हुजूर साहिब के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सरदार तेजेंद्र सिंह मक्कड़ ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि नांदेड़ से दिल्ली, हैदराबाद, बेंगलुरु, जालंधर और अहमदाबाद के लिए फ्लाइट 31 मार्च से शुरू होगी। यह स्टार एयर की फ्लाइट है और इन फ्लाइट्स के शेड्यूल की भी घोषणा कर दी गई है। दिल्ली, जालंधर और बेंगलुरु के लिए रोजाना फ्लाइट होगी। इस एयरलाइन सेवा का स्वागत हजूर साहिब सचखंड गुरुद्वारा बोर्ड के प्रशासक सरदार डॉ विजयसतबीर सिंह, लंगर साहिब गुरुद्वारा प्रमुख संत बाबा नरेंद्र सिंह जी और संत बाबा बलविंदर सिंह जी ने किया। हरियाणा पंजाब के सिख श्रद्धालुओं की बहुत समय से डिमांड थी ।पहले सिर्फ. चन्डीगढ अमृतसर दिल्ली से



लिमेटिड उड़ान थी वो भी बन्द कर दी गई थी । पिछले कई वर्षों से बंद रहे नांदेड़ उड़ानों को फिर से शुरू किया जा रहा है। नांदेड़ से पुणे के बीच उड़ान शुरू होने की घोषणा के बाद देश के पांच प्रमुख शहरों को अब हवाई सेवा से जोड़ा जा रहा है। 31 मार्च से नांदेड़ से दिल्ली, हैदराबाद, बेंगलुरु, जालंधर और अहमदाबाद के लिए उड़ानें शुरू होंगी। दिल्ली, जालंधर और बेंगलुरु के लिए दैनिक उड़ानें होंगी, जबकि हैदराबाद और अहमदाबाद सप्ताह में पांच दिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शनिवार और रविवार को संचालित की जाएंगी ।नांदेड़ से उड़ानें पिछले तीन साल से निलंबित थीं। पंजाब समेत देश-विदेश में सिख भाइयों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ये उड़ानें सभी के लिए एक बेहतरीन सुविधा होगी। 31 मार्च से नांदेड़ से दिल्ली, हैदराबाद, बेंगलुरु, जालंधर, अहमदाबाद के लिए उड़ानों का शेड्यूल भी घोषित कर दिया गया है और टिकट बुकिंग भी शुरू हो गई है ।सचखंड गुरुद्वारा बोर्ड के अधीक्षक सरदार ठानसिंह बुंगई और नानक साईं फाउंडेशन के प्रमुख पंढरीनाथ बोकारे और हरियाणा के नानक - साईं फाऊंडेशन प्रदेश अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह मक्कड़ ने हवाई सेवा का स्वागत किया, इस मौके पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रवक्ता सरदार कँवलजीत सिंह अजराना ने भी खुशी का इजहार किया और स्टार एयरलाइंस का हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ने भी स्वागत किया कि हरियाणा पंजाब के श्रद्धालुओं की भावनाओं का सत्कार करते हुए उड़ाने शुरू की गई जो सचखंड श्री हजूरसाहिब नांदेड को प्रमुख शहरों से जोड़ेगी ।इस मौके पर हेमकुंड साहिब सेवा सोसायटी के अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह मक्कड़ एवं मेम्बर बलबीर सिंह,गुरुविंदर सिंह कालडा, अजीत सिंह गुरुद्वारा सिंह सभा सुंदर पुर के प्रधान नरेंद्र सिंह गिल,सुखमनी साहिब सेवा सोसायटी गुरुद्वारा पट्टा साहिब के प्रधान जसपाल सिंह, दिलबाग सिंह बलबीर सिंह दविंदर सिंह आदि ने भी खुशी का इजहार करते स्वागत किया ।

**शुभारंभ**

8 नांदेड़ से दिल्ली, हैदराबाद, बेंगलुरु, जालंधर और अहमदाबाद के लिए फ्लाइट 31 मार्च से शुरू होगी

# हमें भगवान की पूजा अर्चना कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए: संदीप गर्ग



**दलबीर मलिक**

**लाडवा :** शहर के वार्ड नंबर 13 रविदास नगर में स्थित श्री सिद्ध बाबा की समाध पर रविवार को 12वें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शीश झुकाकर बाबा की पूजा अर्चना की, व भंडारे की शुरूआत करवाई। समाध के सेवक इमना कटारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 12 वर्षों से श्री सिद्ध बाबा की समाज पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि उसी कड़ी में रविवार को भी सिद्ध बाबा की समाध पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए और हमें भगवान की पूजा अर्चना कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। इससे पूर्व उन्होंने सिद्ध बाबा की समाज पर पूजा अर्चना की। वहीं भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा की समाध पर पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं द्वारा कढ़ी चावल व हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। वहीं मौके पर सेवकों द्वारा संदीप गर्ग को पटका पहनकर सम्मानित भी किया। वहीं मौके पर घनश्याम कम्बोज, संजीव कुमार, हरीश कुमार, रवि कुमार, काकू, बोबी, जैकी, हैप्पी, विक्की, रमेश चंद, रविंद्र कुमार, कपिल कुमार, जितेंद्र कटारिया, कमल, प्रेमो रानी, सरोज बाला, गेजो रानी, दर्शना, सुषमा, सुनीता, ममता, रिंकी, राजबाला सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

**भंडारा**

8 भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शीश झुकाकर बाबा की पूजा अर्चना की, व भंडारे की शुरूआत करवाई

# डीसी डा. शालीन ने अंबाला में प्रचार सामग्री को हटावाया

**निष्पक्ष**

8 लोकसभा आम चुनाव दृष्टिगत कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शिता तरीके से चुनाव करवाना हम सबकी जिम्मेवारी



**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. शालीन ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शिता तरीके से चुनाव करवाना हम सबकी जिम्मेवारी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी गई है जिसके साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसको देखते हुए जिला प्रशासन अम्बाला भी हरकत में आ गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा.शालीन ने चुनाव आयोग की हिदायतो की अनुपालना के तहत सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं। इन्हीं निदेशों के तहत शहरी क्षेत्र में नगर निगम व नगरपालिका तथा ग्रामीण क्षेत्र में पंचायतों द्वारा प्रचार से सम्बन्धित पोस्टर, बैनर एवं अन्य प्रचार सामग्री है, उसे हटवाने बारे निर्देश दिए गए है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. शालीन ने कहा कि 18वीं लोकसभा के तहत हरियाणा में छठे फेस में चुनाव होंगे। चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाने बारे जो नियम एवं दिशा-निर्देश होगे, उनकी सभी को अनुपालना की जायेगी।

इसी कड़ी में आदर्श आचार संहिता लगते ही जिला अम्बाला में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ जहां पर प्रचार सामग्री लगी हुई है उसे हटवाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। आदर्श चुनाव आचार संहिता की अनुपालना के लिए प्रशासन तत्परता के साथ कार्यवाही करेगा।

# साइबर फ्रॉड करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबादः** प्रतिबिंब ऐप के नोडल अधिकारी एवं साइबर थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर अमित कुमार की टीम ने रविवार को फरीदाबाद में बैठकर स्कॉलरशिप दिलवाने के नाम पर साइबर फ्रॉड करने वाले दो आरोपियों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि काबू किए गए आरोपी सोनू और नरेन्द्र है। दोनों आरोपी राजस्थान, जिला डीग के गांव पाटका के रहने वाले है। साइबर टीम ने दोनों आरोपियो को कृष्णा कॉलोनी बाटा चौक के पास से काबू किया है।

आरोपियो ने जयपुर की रहने वाली महिला से मिनिस्ट्री ऑफ लेबर एंड एम्पलाइमेंट गर्वमैंट ऑफ इंडिया के अधिकारी बनकर बात कर महिला को अपने झांसें में लिया। आरोपियो ने पीडित को बताया कि उसके बच्चों की 1,30000/-रु की एजुकेशन स्कॉलरशिप आई है, जिसको भेजने के लिए कुछ डॉक्यूमेंट, प्रोससिंग अन्य कुछ फॉर्मेलिटी की जानी है।

# धार्मिक आयोजनों से बढ़ता है भाईचारा: सुमित्रा गुप्ता



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** बाबा संवारनाथ डेरा बाहरी में महात्मा मुकेश नाथ जी ने बताया कि संवार नाथ चेला मोहरू नाथ चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आज वार्षिक उत्सव में सांग का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुमित्रा गुप्ता ने रिबन काटकर किया । यह सॉन्ग प्रसिद्ध सांगी सूरज बेदी और उसकी टीम द्वारा किया गया। बाबा मुकेश नाथ ने बताया 15 तारीख से 18 तारीख तक प्रत्येक दिन सांग होगा और 18 तारीख को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आज सांग के अवसर पर सबसे पहले कमेटी द्वारा मुख्य अतिथि सुमित्रा गुप्ता का फूल माला व गुरु महाराज जी का सिरोपा और स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया । सुमित्रा गुप्ता ने कहा कि इस पवित्र डेरे में मुझे आने का सौभाग्य मिला और आदरणीय मुकेश नाथ और समस्त कमेटी की तरफ से आशीर्वाद मिला। इस पवित्र डेरे में आसपास के सभी गांव की संगत आस्था से जुडी है ।इस अवसर सूरजभान नरवाल श्री गुरु रविदास सभा के प्रधान व आम आदमी पार्टी से जवाहरलाल गोयल, रिंकू थाना सुमित हिंदुस्तानी ,रोहतास रंगा, ईश्वर अमीन, कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा, आशा पठानिया, पुष्पा चौधरी, ट्रस्ट के प्रधान मानसिंह बजगांव ,श्यामलाल अढोंन, फूल सिंह दयालपुर, मिहा सिंह रंगा कलसाना, रामकुमार जोगना खेड़ा, बलवंत सिंह, शेर सिंह, सम्राट टिंकू अढ़ौण व गणमान्य व्यक्ति और आसपास के सम्मानित बुजुर्ग, महिलाशक्ति प्यारे बच्चे उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कुवि की एनएसएस इकाई-1 का ज्योतिसर गांव में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज, की एनएसएस यूनिट-1 ने 17 मार्च 2024 को ज्योतिसर गांव, कुरुक्षेत्र में अपने सात दिवसीय विशेष शिविर का सफल समापन किया। यह शिविर 11 मार्च 2024 को शुरू हुआ। प्रतिभागियों के बीच सामुदायिक जुड़ाव और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिन और रात की गतिविधियों को शामिल करने वाला एक गहन अनुभव था। शिविर के समापन सत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर ए.आर. चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने संबोधन में प्रोफेसर ए.आर. चौधरी ने स्वयंसेवकों को प्रेरणा प्रदान करते हुए राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया ।शिविर का मुख्य आकर्षण कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग, के सम्मानित अतिथि वक्ता डॉ. राज रतन द्वारा दिया गया व्याख्यान था। डॉ. रतन ने अनुकरणीय नागरिक बनने के महत्व पर प्रकाश डाला और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के तरीकों पर जोर दिया ।एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संदीप कुमार ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के योगदान को स्वीकार करते हुए गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके बहुमूल्य समय और प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया। राष्ट्र-निर्माण के प्रति एकता और समर्पण की भावना को समाहित करते हुए, राष्ट्रगान की प्रस्तुति के साथ यह कार्यक्रम देशभक्तिपूर्ण स्वर में संपन्न हुआ।

### राजनैतिक गतिविधियों के लिए जिला में स्थित सरकारी विश्राम गृहों, डाक बंगलों व अन्य सरकारी आवासों का नहीं किया जाएगा प्रयोग

**सोनीपत:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 की घोषणा के बाद 16 मार्च से जिला में आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार आचार संहिता के दौरान जिला में स्थित सरकारी विश्राम गृहों, डाक बंगलों व अन्य सरकारी आवासों का प्रयोग किसी भी राजनैतिक गतिविधियों के लिए नहीं किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आचार संहिता के दौरान सरकारी विश्राम गृहों, डाक बंगलों व अन्य सरकारी आवासों का प्रयोग कोई भी पार्टी या उम्मीदवार नहीं कर सकता है। इसके अलावा यहां पार्टी या उम्मीदवार के प्रचार-प्रसार के लिए कोई भी बैठक करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और ना ही किसी को यहां अपना कार्यालय स्थापित करने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि गेस्ट हाउस में आवास आवंटित व्यक्ति द्वारा उपयोग किए जा रहे वाहन को ही गेस्ट हाउस परिसर में ले जाने की अनुमति होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि किसी भी एक व्यक्ति को 48 घण्टे से अधिक समय के लिए कमरा उपलब्ध नहीं करवाया जाएगा और मतदान बंद होने से 48 घण्टे पहले किसी व्यक्ति को कमरा आवंटित नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकारी रेस्ट हाउस, डाक बंगलों व अन्य सरकारी आवासों से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिना उनकी अनुमति के बिना किसी व्यक्ति को कमरा आवंटित नहीं किया जाएगा।

# नेहरू युवा केंद्र ने मतदान के प्रति लोगों को किया जागरूक



**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** नहरू युवा केन्द्र की ओर से अम्बाला के सिंगावाला गाँव में जिला युवा अधिकारी अर्शदीप कौर के निर्देश अनुसार एनवाईवी कोमल और इशिता ने मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। जिसमें महिला विकास मंडल की प्रधान प्रीति व कविता सिंगला आशा वर्कर मौजूद रहे ।कार्यक्रम में सभी महिलाओं और बच्चों को अपनी वोट के हेतु जागरूकता प्रदान की। सभी ने इस कार्यक्रम में अनुशासन का भी परिचय दिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। इसमें बताया गया कि किस प्रकार आप सभी अपने नजदीकी वोटिंग बूथ में जाकर अपना कीमती वोट देकर इस देश को उन्नति के मार्ग पर ला सकते है। इसमें बताया गया कि अपकी समझदारी से चुनी हुई सरकार किस तरह आपके देश के गौरव को बढ़ाएगा। इस कार्यक्रम के अंत में सभी को जलपान करवाया गया।

**मत का अधिकार**

8 अर्शदीप कौर के निर्देश अनुसार एनवाईवी कोमल और इशिता ने मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# राजनैतिक दलों तथा उम्मीदवारों के प्रचार-प्रसार के लिए के लिए पोस्टर, बैनर व होर्डिंग लगाने के स्थान निर्धारित

## -जिला की सभी छः विधानसभाओं में रैली करने के लिए स्थान भी किए निर्धारित

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 की घोषण कर दी गई है, जिससे जिला में आचार संहिता लागू हो गई है। लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिद्गत जिला की सभी छः विधानसभाओं में राजनैतिक दलों तथा उम्मीदवारों द्वारा किए जाने वाले चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए रैली स्थान के साथ-साथ पोस्टर, बैनर तथा होर्डिंग लगाने के लिए स्थान निर्धारित किए गए है।

जिल निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 28-गन्नौर विधानसभा क्षेत्र में रैली करने के लिए नई अनाज मण्डी गन्नौर तथा बीएसटी ग्राउंड गन्नौर को निर्धारित किया गया है। इसके अलावा पोस्टर, बैनर व होर्डिंग के लिए जीटी रोड पर बना हुए पुल के नीचे, पुरानी अनाज मण्डी गन्नौर, थाने वाली दीवार, न्यू लघु सचिवालय की रोड़ के साथ लगती दिवार तथा बस स्टैण्ड गन्नौर को निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार 29-राई विधानसभा क्षेत्र में रैली करने के लिए एचएसआईआईडीसी राई का मैदान, एचएसआईआईडीसी कुण्डली में निफ्टम के पास वाला मैदान, राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में राई स्पोर्टस स्कूल राई के पीछे वाला स्थान निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही राई विधानसभा में पोस्टर, बैनर व होर्डिंग लगाने के लिए कुण्डली पटवार खाने के साथ लगती खाली जगह, गांव राई में स्पोर्टस स्कूल के सामने खाली जगह, गांव जाट जोशी में जोहड़ के पास खाली जगह, गांव लिवासपुर में श्री पौण्ड के पास स्थित खाली जगह तथा गांव रेवली में जोहड़ के पास स्थित खाली जगह को निर्धारित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 30-खरखौदा विधानसभा क्षेत्र में रोहतक रोड़ खरखौदा स्थित अनाज मण्डी, सरकारी अस्पताल के साथ खाली पड़ा मैदान तथा थाना कलां रोड़ पर स्थित जागृति स्थल को रैली करने के लिए निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार बस स्टैण्ड खरखौदा के दोनों गेटों के पास, पुरानी ट्रेजरी का खाली पड़ा हुआ मैदान तथा भगवान पशुराम पार्क को पोस्टर, बैनर व होर्डिंग लगाने के लिए निर्धारित किया गया है। इसके अलावा 31-सोनीपत विधानसभा क्षेत्र में रैली करने के लिए सेक्ट-15 स्थित हुड्डा ग्राउंड, न्यू अनाज मण्डी सोनीपत, सेक्टर-23 में राजू पैलेस के नजदीक स्थित हुड्डा ग्राउंड को निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही सोनीपत विधानसभा में दिल्ली-बहालगढ रोड पर ओसराम कंपनी के सामने हुड्डा विभाग की खाली भूमि, पुराने औद्योगिक क्षेत्र में हॉकी ग्राउंड के साथ लगते पार्क, हुड्डा विभाग की ग्रीन बैल्ट सेक्टर-12 व 13 की मुख्य सडक, हुड्डा विभाग की ग्रीन बैल्ट सेक्टर-14 व 15 की मुख्य सडक, गढी ब्रह्मद्दणान में स्टाफ क्वार्टर के पीछे स्थित नगर निगम की खाली भूमि, ऑफिसर कालोनी की तरफ स्थित स्वर्ण जयंती पार्क, गढ़ी ब्रह्मद्दणान की तरफ स्थित स्वर्ण जयंती पार्क, सेक्टर-23 ग्रीन बैल्ड बीटीडब्ल्यू के पास, पैट्रोल पंप के पास स्थित लेजर वैली पार्क, हुड्डा पार्क यूनिपोल, शनि मंदिर की पार्किंग, सुभाष चौंक पर टोईलेट के सामने खाली स्थान, बहालगढ़ रोड पर जाट जोशी कट, गेटवे स्कूल के पास हुड्डा की खाली जमीन, सेक्टर-23 के बाहरी रोड़ वाली ग्रीन बेल्ट तथा गांव बैयांपुर में नरेला रोड़ स्थित इंडियन ऑयल पैट्रोल पंप के सामने वाले स्थान को पोस्टर, बैनर व होर्डिंग लगाने के लिए निर्धारित किया गया है।


**निर्धारित**

8 रैली करने के लिए नई अनाज मण्डी गन्नौर तथा बीएसटी ग्राउंड गन्नौर को निर्धारित किया गया

# पर्यावरणीय चेतना को बढ़ाने के लिए मिशन लाईफ महत्वपूर्ण अभियान: प्रो. सोमनाथ

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के क्रश हॉल में सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा मिशन लाईफ अभियान के तहत मैराथन, जागरूकता सह प्रदर्शनी व विस्तार व्याख्यान का मुख्यातिथि के रूप में उद्घाटन करेंगे व क्रश हॉल से हरी झंडी दिखा मैराथन दौड़ को रवाना करेंगे। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि युवाओं के बीच पर्यावरणीय चेतना को बढ़ाने के लिए मिशन लाईफ एक महत्वपूर्ण अभियान है जिसके तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरमेंट, फोरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज के ईआईएसीपी प्रोग्राम के सहयोग से वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) इंडिया और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में डब्ल्यूआईआई, एफआरआई व पंजाब के ईआईएसीपी केन्द्र भी भाग ले रहे हैं।

इसमें कुवि के विद्यार्थियों के लिए सुबह 9.30 बजे क्रश हॉल से एक मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। मैराथन दौड़ के बाद उद्घाटन सत्र में विभिन्न केन्द्र इस प्रोग्राम के बारे में छात्रों को प्रस्तुति देंगे और कई सारी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा ।माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिशन लाईफ कार्यक्रम को यूएन क्लाइमेट चेंज कांफ्रेंस जो ग्लास्गो में हुई थी जिसे कोप26 भी कहा जाता है, इसमें दुनिया के सामने पेश किया था। इसका उद्देश्य



व्यक्तियों और समुदायों को ऐसी जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है जो प्रकृति के अनुरूप हो और उसे नुकसान न पहुंचाए। था। मिशन लाइफ का लक्ष्य लाईफ के दृष्टिकोण को मापने योग्य प्रभाव में बदलना है। युवाओं के बीच पर्यावरणीय चेतना को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वाकांक्षी कदम उठाते हुए, वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) भारत के सहयोग से और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ और सीसी) के सहयोग से मिशन लाइफ पर जागरूकता अभियान प्रस्तुत करता है। इसी कड़ी में कार्यक्रम का थीम पर्यावरण के लिए जीवन शैली पहल पर केंद्रित होगा ।इस दौरान प्रदर्शनी में, पूरे भारत में देहरादून, पंजाब और नई दिल्ली के साथ-साथ डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के 4 ईआईएसीपी (पर्यावरण सूचना जागरूकता, क्षमता निर्माण और आजीविका कार्यक्रम) केंद्रों ने ईआईएसीपी की गतिविधियों और मिशन लाइफ के बारे में ध्यान केंद्रित करने वाले प्रकाशन और अन्य ज्ञान उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। इस अवसर पर ऑन-द-स्पॉट फेस पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जो पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवन शैली के लिए अपने दृष्टिकोण प्रदर्शित करेंगी।

**चेतना**

8 कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा क्रश हॉल से हरी झंडी दिखा मैराथन को करेंगे रवाना दलबीर मलिक

# पर्ल इंटरनेशनल स्कूल में लिटल वंडर्स सीजन-2 कार्यक्रम आयोजित

**सर्वांगीण**

8 बच्चों को एक्सट्रा करिक्युलर एक्टिविटीज भी करवाई जानी चाहिए ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** पर्ल इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को लिटल वंडर्स सीजन-2 कार्यक्रम का आयोजन किया गया । पर्ल इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्या दीपशिखा बेनीवाल ने कहा कि पढ़ाई के साथ बच्चों को एक्सट्रा करिक्युलर एक्टिविटीज भी करवाई जानी चाहिए ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। बच्चे देश का भविष्य होते है। इन्हें निखारना हर अध्यापक का कर्तव्य होता है। दीपशिखा बेनीवाल ने कहा कि बच्चों का शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक विकास हो इसलिए ही इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के प्रबंधक रोशन लाल गुप्ता, सुदेश गुप्ता, वरूण गुप्ता व शिल्पी गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में 7 महीने के बच्चों से लेकर 12 वर्ष के बच्चों ने कविता, सोलो डांस, रैम्प वाक, ड्राईंग, कहानी, शो एंड टेल आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# खाटू श्याम के दर्शन मात्र से होती है पुण्य की प्राप्तिः राजीव जैन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा श्री खाटू श्याम के दर्शन मात्र से होती है पुण्य की प्राप्ति और जो भी श्रद्धालु बाबा के दरबार में निर्मल मन से माथा टेकता है उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। हमारे अंदर भी भगवान के प्रति निस्वार्थ श्रद्धा होनी चाहिए। राजीव जैन रविवार को बाबा धाम मंदिर, शंभू दयाल स्कूल, ओल्ड डीसी रोड, आर्य नगर, गीता भवन मंदिर के प्रांगण से शुरू हुई निशान यात्रा तथा खाटू श्याम भजन संध्या में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे।उन्होंने कहा की जिस तरह से खाटू नरेश ने भगवान श्री कृष्ण जी के आदेश पर बिना कोई सवाल खड़ा किये अपना शीश दान कर दिया था उसी तरह का समर्पण हमारे अंदर भी पैदा होना चाहिए तभी प्रभु की प्राप्ति होगी। गुरु सरोज माता आश्रम मे आयोजित जागरण में दीप प्रज्वलन के बाद उन्होंने कहा की गुरु ही हमें भक्ति मार्ग पर ले जाकर प्रभु से मिलाते हैं, उन्होंने कहा की सरोज माता के सानिध्य मे गऊ संरक्षण का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा की संतो के आशिर्वाद से ही समाज में प्यार, प्रेम, भाईचारा कायम है। आनंदपुर दरबार की तरफ से मामचंद वाटिका में आयोजित 28 वे वर्षिक संत समागम में राजीव जैन ने पहुंच कर संतो का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवम आशीर्वाद लिया संतो का संदेश यही था की अपने जीवन की डोर उस प्रभु के हवाले कर दो तभी आनंद ही आनंद बरसेगा।



**मनोकामनाएं**

8 जो भी श्रद्धालु बाबा के दरबार में निर्मल मन से माथा टेकता है उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है

# दर्दनाक सड़क हादसे में कैथल के व्यापारी की हुई मौत

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** निसिंग-बधनारा रोड पर एक तेज रफ्तार कार बिजली के खंभे से जा टकाराई। हादसा इतना दर्दनाक था कि टक्कर के बाद कार 4 बार पलटी। इस हादसे में कार सवार कपड़ा व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुंडरी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों के हवाले कर दिया। निसिंग निवासी बलदेव ने बताया कि कैथल के गांव सिरसल निवासी 38 वर्षीय सुखदेव की करीब 12 साल से निसिंग में कपड़े की दुकान है। सुखदेव रोजाना अपने गांव से निसिंग आता था। बीती रात करीब साढ़े 9 बजे वह कपड़े की दुकान बंद करके अपने गांव लौट रहा था। बलदेव ने बताया कि रात करीब साढ़ 9 बजे जब वह निसिंग बधनारा रोड पर अपने गांव की तरफ जा रहा था तो गांव बधनारा रोड पर गाड़ी तेज रफ्तार में थी। इस दौरान उसकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई और खंभे में जा टकराई। इसके बाद गाड़ी सडक पर चार बार पलटी और आखिर में पेड़ से टकरा गई। हादसा होता देख रात को मौके से गुजर रहे लोगों ने सुखदेव को गाड़ी से निकाला और पुंडरी थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को पुंडरी के अस्पताल में ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बलदेव ने बताया कि सुखदेव अकेला ही परिवार में कमाने वाला था।



**रफ्तार का कहर**

8 कार सवार कपड़ा व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई। पुंडरी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लिया

## न्यूज फ्लैश

### आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना के लिये प्रशासन वचनबद्धः उत्तम सिंह



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने आज यहां लोकसभा और करनाल विधानसभा सीट के उपचुनाव को लेकर जिला सचिवालय में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव संपन्न कराने और आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना के लिये वचनबद्ध है।

उन्होंने प्रतिनिधियों से अपील की कि यदि जिला में कहीं भी आचार संहिता के उल्लंघन का कोई मामला सामने आता है तो आरओ या एआरओ के नोटिस में लायें। इसके लिये टोल फ्री नंबर 1950 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने बताया कि जिला के सरकारी कार्यालयों में कलेंडर आदि पर लगे फोटो को कवर किया जा चुका है, सार्वजनिक स्थलों पर लगाये गये होर्डिंग्स को उतारा जा चुका है। प्राइवेट संपत्ति से बोर्ड अथवा होर्डिंग्स हटवाने के लिये 72 घंटे का समय निर्धारित है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता 6 जून तक जारी रहेगी। उम्मीदवार, चुनावी ऐजेंट अथवा पार्टी वर्कर के लिये 50 हजार से अधिक की नकदी ले जाने की अनुमति नहीं है, यदि वे ऐसा करते हैं तो इसके बारे में पूरा ब्यौरा देना होगा। उन्होंने प्रतिनिधियों को ईवीएम के आबंटन के साथ-साथ वीवीपैट के बारे में जानकारी दी। साथ ही बताया कि रेंडेमाइजेशन के भी तीन चरण होंगे। दूसरे चरण का रेंडेमाइजेशन चुनाव पर्यवेक्षक की निगरानी में किया जायेगा। तीसरे चरण में ही पता चलेगा कि किस नंबर की ईवीएम किस बूथ पर पहुंचाई जायेगी। ईवीएम को सीलबंद कवर में ही निर्धारित बूथ पर पहुंचाया जायेगा।

# एक ही कक्षा में पढने वाली दो छात्राओं का हुआ अपहरण

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सिटी थाना क्षेत्र में दो नाबालिग छात्राओं का अपहरण किए जाने का मामला सामने आया है। दोनों छात्राएं एक ही स्कूल में 7वीं कक्षा में पढ़ती हैं। छात्रा की मां ने अज्ञात व्यक्ति पर अपरहण का आरोप लगाया है। सिटी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अपहरण का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में 14 साल की नाबालिग की मां ने बताया कि शनिवार की दोपहर वह अपनी बेटी को घर में छोडकर बैंक में किसी काम के लिए गई थी, लेकिन वह जब वापस लौटी तो उसे अपनी बेटी घर पर नहीं मिली। उसके बाद आस पड़ोस में पूछताछ की तो पता चला कि उसकी बेटी अपनी सहेली के साथ थी। उसकी उम्र भी 14 साल है और दोनों एक ही स्कूल में 7वीं कक्षा में पढ़ती हैं।

छात्रा की मां ने शिकायत में बताया कि उसने अपनी बेटी व उसकी सहेली की हर जगह तलाश की। रिश्तेदारियों में भी पूछताछ की गई, लेकिन कहीं पर भी कोई सुराग नहीं लगा। काफी छानबीन करने बाद पता चला कि उसकी बेटी व सहेली को किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ देखा गया था। उसी अज्ञात व्यक्ति ने दोनों छात्राओं क अपहरण किया है।

# करनाल के नेवी जवान ने गोल्फ में जीता गोल्ड

**गर्व**

8 चैंपियनशिप में रोहित ने 3-3 स्ट्रोक स्ट्रो की बढ़त के साथ 6 अंडर-282 स्कोर हासिल किया

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** चंडीगढ़ में आयोजित समरवीर साही गोल्फ चैम्पियनशिप में करनाल जिले के नरूखेड़ी गांव के नेवी जवान रोहित नरवाल ने राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीता है। 11 से 16 मार्च तक चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में आयोजित चैंपियनशिप में रोहित ने 3-3 स्ट्रोक स्ट्रो की बढ़त के साथ 6 अंडर-282 स्कोर हासिल करते हुए टॉप पर जगह बनाई। पहले राउंड में 73 का कार्ड खेलने के बाद उन्होंने दो राउंड में 69 और 68 के कार्ड हासिल किए। रोहित की जीत से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है और आस पड़ोस के लोग भी परिवार को बधाई देने के लिए पहुंच रहे हैं। रोहित बताते हैं कि मेरा सबसे ज्यादा फोकस इंटरनेशनल गेम्स पर है, ताकि दुनिया में देश का नाम रोशन कर सकूं। रोहित नरवाल पहले भी नेशनल गोल्फ प्रतियोगिताओं में अपने गांव व प्रदेश का नाम रोशन कर चुका है। उसने वर्ष 2015 में गोल्फ सीखना शुरू किया था, लेकिन वह इस खेल में अपनी सही शुरूआत 2019 से मानता है, क्योंकि इस वर्ष से उसने नेशनल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था। रोहित ने अपना पहला नेशनल गेम चंडीगढ़ में खेला था। उसके तीन नेशनल गोल्ड हैं, एक सिल्वर व एक ब्रॉन्ज मेडल है। अब एक बार फिर उसने गोल्ड मेडल जीता है। रोहित ने बताया कि गोल्फ में आने से पहले वह मधुबन पुलिस अकादमी में रेसलिंग करता था, वहीं पर उसने गोल्फ का बड़ा सा ग्राउंड देखा और उसमें कुछ लोग गोल्फ खेलते दिखे थे।



# 'कृषि मेले में प्रगतिशील किसानों को किया जाएगा सम्मानित'

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 18 मार्च से शुरू हो रहे दो दिवसीय कृषि मेला (खरीफ) को लेकर तैयारियां पूरी ली गई है। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कृषि मेले की व्यवस्थाओं को लेकर गठित कमेटियों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और इस आयोजन को सफल बनाए जाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया इस मेले में हर साल हरियाणा सहित पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से हजारों की संख्या में किसान जुटते हैं। उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया है कि वे कृषि मेले में आकर विश्वविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों, तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस बार कृषि मेला का मुख्य विषय ह्यखेती में ड्रोन का महत्वह्न होगा। मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन के सामने बालसमंद रोड पर मेला ग्राउंड में किया जाएगा। मेले के शुभारंभ अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि होंगे, जबकि महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय, करनाल के कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा और गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। प्रत्येक जिले से दो प्रगतिशील किसानों को किया जाएगा सम्मानित विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि कृषि मेला में प्रदेश के प्रति जिले से दो प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया जाएगा।

# करनाल में प्रदेश स्तरीय कश्यप महासम्मेलन आज

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के कस्बा घरौंडा की नई अनाज मंडी में आज प्रदेश स्तरीय कश्यप महासम्मेलन अपने राजनीतिक हिस्से के लिए हुंकार भरेगा। हरियाणा की 36 विधानसभाओं में अपने वोट बाहुल्य के दम पर राजनीतिक पार्टियों के समीकरण बनाने और बिगाडने वाला कश्यप समाज एकजुटता का परिचय देगा।

कश्यप समाज के नेता और कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के जिला करनाल संयोजक सतपाल कश्यप कोहंड पूरे प्रदेश के कश्यप समाज को एक छत के नीचे लाने का प्रयास कर रहे हैं। सतपाल कश्यप का दावा है कि कांग्रेस समाज को निराश नहीं करेगी और समाज को भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर पूरा विश्वास है। राजनीति में हिस्से का जो सूखा है, वह कहीं न कहीं आज समाप्त होने की उम्मीद है। सतपाल कश्यप कोहंड की अगुवाई में आयोजित कश्यप महासम्मेलन में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया, विधासनभा के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, कांग्रेस नेता चाणक्य पंडित और कांग्रेस के बड़े बड़े नेता पहुंच रहे हैं।

उनका दावा है कि कश्यप समाज का यह महासम्मेलन हरियाणा की राजनीति में एक नया इतिहास लिखने का काम करेगा।



**भरेंगे हुंकार**

8 वोट बाहुल्य के दम पर राजनीतिक पार्टियों के समीकरण बनाने, बिगाड़ने वाला कश्यप समाज एकजुटता का परिचय देगा

# भाजपा की सोनीपत लोकसभा सीट के लिए पूर्व चेयरमैन ने दावा ठोका

**गन्नौर।** पूर्व मार्किट कमेटी के चेयरमैन एवं भाजपा नेता कुलदीप नांगल ने सोनीपत लोकसभा से अपनी दावेदारी जताते हुए कहा कि उन्होंने पार्टी की नीतियों पर चलते हुए लंब समय से पार्टी हित में कार्य किया है।



लोकसभा टिकट को लेकर अपनी दावेदारी जताते हुए उन्होंने वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में टिकट के लिए पैनल में उनका नाम गया हुआ है। कुलदीप नागल ने दावा किया कि पार्टी उन्हें लोकसभा की टिकट देती है तो वे भारी मतों से जीत हासिल करके सोनीपत सीट को भाजपा की -ोली में डालने का काम करेंगे। कुलदीप नांगल ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में मार्किटिंग बोर्ड की मदद से अपने प्रयास से काफी सड़कों का निर्माण करवाया। लोगों का आशीर्वाद उनके साथ है। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों के प्रचार- प्रसार व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से लोगों को अवगत करवाया है। आज देश में लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की नीतियों से खुद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब वर्ग, किसान के अलावा हर वर्ग के उत्थान के नीतियां बनाकर कार्य किया।

# दिनेश गुलाटी ने साधकों से करवाया योग आसनों का अभ्यास

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में रविवार को श्री साई कृपा योग कक्षा में एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा के सभी साधकों ने बढ़-चढकर भाग लिया। सत्र की शुरूआत सूक्ष्म व्यायाम के साथ की गई, जिसमें सभी साधकों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

इसके पश्चात दिनेश गुलाटी ने कक्षा में योग शिक्षकों देवेश भाटिया, नीरज गुप्ता और मंजू शर्मा समेत सभी साधकों को ताड़ासन, वीरभद्र आसन, नाडी तान आदि आसनों का अभ्यास करवाया। वीर आसन के साथ ही सारा वातावरण जय श्री राम और मिशन के नारों के साथ गूंज उठा। उन्होंने प्रत्येक आसन के नाम के साथ-साथ उसकी सही विधि और सावधानियों पर भी प्रकाश डाला। इसके पश्चात सूर्य नमस्कार का पूरे मंत्रोच्चारण के साथ बारीकी से अभ्यास करवाया गया, जिसके द्वारा साधकों ने छोटी-छोटी होने वाली गलतियों में सुधार किया।



# 9 किलो 800 ग्राम गांजा पत्ती सहित तस्कर गिरफ्तार

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः** सीआईए टू कार्यकारी प्रभारी सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया कि उनकी टीम शनिवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान सनौली टोल टैक्स के पास मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक यूपी की और से बाइक पर सवार होकर तामशाबाद यमुना बंधा पर आएगा। युवक के पास मादक पदार्थ होने की संभावना है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए तामशाबाद यमुना बंधा पर नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात संदिग्ध किस्म का एक युवक स्प्लेंडर बाइक पर यूपी की तरफ से आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर बाइक को वापिस मोड़कर भगाने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए युवक को मौके पर ही काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान वाशे खान पुत्र वाहिद खान निवासी हुसैनपुर मुजफ्फरनगर यूपी के रूप में बताई।

पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट ईटीओ सुनील ढूल की मौजूदगी में युवक की बाइक पर रखे प्लास्टिक कट्टे की तलाशी ली तो भारी मात्रा में गांजा पत्ती बरामद हुई। बरामद गांजा पत्ती का वजन करने पर 9 किलो 800 ग्राम पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह पानीपत आसपास के क्षेत्र में गांजा पत्ती बेचकर शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाना चाहत था। उक्त गांजा पत्ती आरोपी ने अपने गांव निवासी परवेज से कम कीमत पर खरीदकर लाने बारे स्वीकारा। सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना सनौली में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने रविवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।



# आदर्श आचार संहिता की दृढ़ता से की जाएगी अनुपालनाः उत्तम सिंह

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर रविवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रेस वार्ता की और चुनावी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढग से सम्पन्न करवाने के लिए आदर्श आचार संहिता की दृढ़तासे अनुपालनाकी जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। उन्होंने जनता से अपील की है कि लोकतन्त्र के महापर्व में अधिक से अधिक संख्या में मतदाता भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

उपायुक्त ने कहा कि चुनाव की घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और इसकी अधिसूचना 29 अप्रैल हो जाएगी। चुनावी प्रक्रिया के तहत 6 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेगे। नामांकन पत्रों की जांच पडताल 7 मई को की जाएगी तथा उम्मीदवारों के लिए नामांकन पत्र वापिस लेने की अंतिम तिथि 9 मई रहेगी। उन्होंने बताया कि 25 मई को मतदान होगा तथा 4 जून को मतगणना होगी। आगामी 6 जून चुनावी प्रक्रिया पूर्ण होने की तिथि है। उन्होंने बताया कि करनाल लोकसभा क्षेत्र के अंर्तगत आम चुनाव के दौरान 20 लाख 81 हजार 560 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगे। जिसमें 10 लाख 95 हजार 941 पुरूष तथा 9 लाख 85 हजार 582 महिला मतदाता और 37 ट्रासजेंडर मतदाता शामिल है। इन मतदाताओं की सुविधा के लिए संसदीय क्षेत्र के अंर्तगत कुल 2023 मतदान केंद्र बनाए गए है, जिनमें से 1147 मतदान केंद्र करनाल जिला में तथा 876 मतदान केंद्र पानीपत जिला में स्थापित किए गए है। मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केंद्रों पर पीने का पानी, शुलभ शौचालय, रैम्प इत्यादि की व्यवस्था की गई है। मीडिया के सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाताओं से घर पर ही मतदान करने के लिए चुनाव कार्यालय की ओर से फार्म भरवाए जाएंगे, उनकी सहमति देने के उपरांत ही मतदान की व्यवस्था के लिए टीम का गठन किया जाएगा। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वह आदर्श आचार संहिता की पालना करें, बिना भय व बिना लालच के अपने मत अधिकार का प्रयोग करें। प्रशासन द्वारा फ्री व फेयर चुनाव करवाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है। कहीं पर भी आचार संहित के उल्लंघन की शिकायत मिली तो तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।



**तैयारी**

8 जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

# संसार में गुरु से बढ़कर कोई ज्ञान नहीं : संतोष मुनि जी महाराज

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** गांव काछवा के श्री कृष्ण मंदिर के प्रांगण में महाराज श्री ब्रह्मलीन केशवानंद जी की पुण्यतिथि पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बाहर से आए संत जन संतोष मुनि जी महाराज, भिवानी आश्रम से साध्वी निष्ठा जी व वासुदेव मुनि जी ने पहुंचकर श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान शिष्यों की ओर से गुरू जी का पूजन किया गया। उन्होंने कहा कि अगर हमने असल मायने में मानवीय गुणों को धारण करना है तो सर्वप्रथम उस परम तत्व से जुडना होगा, क्योंकि संसार में गुरु से बढकर कोई ज्ञान नहीं।

कोई तत्व नहीं है और गुरू से बढकर कोई तप नहीं। इसलिए इंसान के जीवन का आधार गुरु ही हुआ करते हैं, जो पल-प्रतिपल उसका मार्गदर्शन करते हैं। अगर हमने भी वास्तव में अपने जीवन की यात्रा को सरल और सुखमय बनाना है तो पूर्ण सद्गुरु की शरणागत होना होगा। उन्होंने कहा कि जो शिष्य गुरु की बातों पर अमल करता है, वह जीवन की हर खुशी को पा लेता है।



## संपादकीय

# एक देश- एक चुनावः सकारात्मक पहल

**अभी** हाल ही में एक साथ चुनाव कराने को केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई उच्च स्तरीय समिति ने व्यापक मंथन करने के पश्चात अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी। इस समिति ने इस आधार पर एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया है, क्योंकि इसके लिए अधिकांश राजनीतिक दलों की राय एक साथ चुनाव कराने को लेकर सकारात्मक रही। राजनीतिक विद्वानों का मानना है कि एक साथ चुनाव से देश में विकास की धारा को गति मिलेगी। क्योंकि बार-बार चुनाव होने के कारण सभी राजनीतिक दलों के नेता और प्रशासनिक अधिकारी चुनाव में व्यस्त रहते हैं, जिसके कारण जन सामान्य के जुड़े ऐसे कार्य भी प्रभावित होते हैं, जो बहुत जरूरी होते हैं। ऐसे में एक साथ चुनाव कराया जाना सार्थक पहल कही जा सकती है। इससे बार-बार चुनाव में लगने वाले समय में कमी आएगी और आवश्यक कार्यों को तय समय सीमा में पूरा किया जा सकेगा। यह बात स्मरण करने वाली है कि वर्तमान केंद्र सरकार ने देश में कई परियोजनाओं को तय समय से पहले ही पूर्ण किया है। एक साथ चुनाव होने से इसमें और गति आएगी, यह तय है। वर्तमान में भारत में ऐसे कई कारण हैं, जो राष्ट्रीय विकास में बाधक बन रहे हैं। इसमें एक अति प्रमुख कारण बार-बार चुनाव होना है। देश में होने वाले चुनावों के दौरान लगने वाली आचार संहिता के चलते सरकार का कामकाज भी प्रभावित होता है। हमारे देश में किसी न किसी राज्य में हर वर्ष चुनाव प्रक्रिया चलती रहती है। चुनाव के दौरान संबंधित सरकार कोई बड़ा निर्णय नहीं ले सकती। चुनाव होने के कारण राजनीतिक दल हर साल केवल चुनाव जीतने की योजना बनाते रहते हैं। इस कारण देश के उत्थान के बारे में योजना बनाने या सोचने का उतना समय भी नहीं मिल पाता, जितना सरकार का कार्यकाल होता है। इसलिए वर्तमान में जिस प्रकार एक साथ चुनाव कराने की योजना पर मंथन चल रहा है, वह देश को उत्थान के मार्ग पर ले जाने का अभूतपूर्व कदम है। केंद्र सरकार ने देश में एक साथ चुनाव कराने के बारे में प्राथमिक कदम उठा कर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या एक साथ चुनाव कराया जाना उचित है? यकीनन इसका उत्तर यही होगा कि यह ठीक कदम है। अब 47 में से 32 राजनीतिक दलों ने एक साथ चुनाव पर मोहर लगाकर इसके रास्ते की बाधाओं को हटाने का कार्य किया है। यही राष्ट्रीय सोच होना चाहिए। अगर इसे इसी दृष्टिकोण से देखेंगे तो हमें यह कदम अच्छा ही लगेगा। एक साथ चुनाव कराए जाने को लेकर केंद्र सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व में समिति बनाई। उन्होंने राष्ट्रपति रहते एकबार अपने अभिभाषण में भी एक साथ चुनाव कराए जाने पर जोर दिया था। पूर्व राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा था कि बार-बार होने वाले चुनावों से विकास में बाधा आती है, ऐसे में देश के सभी राजनीतिक दलों को एक साथ चुनाव कराने के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। सच कहा जाए तो एक साथ चुनाव कराया जाना राष्ट्रीय हित का विषय है, जिसे सभी दलों को सकारात्मक दृष्टि से लेना होगा। हम यह भी जानते हैं कि देश के स्वतंत्र होने के पश्चात लम्बे समय तक एक साथ चुनाव की प्रक्रिया चली, लेकिन कालांतर में कई राज्यों की सरकारें अपने कार्यकाल की अवधि को पूरा नहीं कर पाने के कारण हुए मध्यावधि चुनाव के बाद यह क्रम बिगड़ता चला गया और चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे।

# लोकसभा चुनावः राजनीतिक पार्टियों के बीच घमासान

किशन सनमुखदास

> "राम मंदिर बीते 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को पार्टीने जबरदस्त उत्साह के साथ मनाया। विपक्षी नेता भी मानते हैं कि राम मंदिर से भाजपा को उत्तर भारत में फायदा हुआ है। विश्लेषकों का मानना ??है किपार्टी को कम से कम 370 सीटें मिलने का ज्यादातर भरोसा इसी राम मंदिर लहर से पैदा हुआ है।चुनावी बॉण्ड मामलानिर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड का आंकड़ा सार्वजनिक कर दिया है. कांग्रेस ने चुनावी बॉण्ड योजना में कथित भ्रष्टाचार के लिए सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ उच्चतम न्यायालय से उच्च स्तरीय जांच और उसके बैंक खातों को 'फ्रीज' करने की मांग की है।
> चुनाव से ठीक पहले यह मुद्दा सामने आया है और विपक्ष ने इसे हाथोंहाथ लिया है, लेकिन यह जमीनी स्तर पर काम करेगा या नहीं, यह अभी भी देखना बाकी है"

**वैश्विक** स्तरपर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों का पूरा शेड्यूल घोषित हो चुका है और इसके साथ ही आचार संहिता अधिसूचना जारी होते ही मॉडल ऑफ कोड आफ कंडक्ट याने आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, जिसके तहत देशभर में अभियान चलाकर राजनितिक दलों के होर्डिंग बैनर पोस्टर उतारे जा रहे हैं, यही नहीं सरकारी योजनाओं के पोस्ट भी उतार दिए जाएंगे। अब आचार संहिता उल्लंघन की जानकारी सीधे चुनाव आयोग को दी जा सकती है, जिस पर चुनाव आयोग तेज रफ्तार से कार्यवाही करेंगे। मेरा मानना है कि यह बता देना जरूरी है कि लोगों में यह गलत धारणा समाई हुई है कि आचार संहिता केवल राजनीतिक दलों पर ही लागू होती है परंतु मेरा मत है कि यह हम सब यानें आम आदमी पर भी लागू होती है इसका उल्लंघन करने पर जेल की हवा खानी पड़ सकती है,परंतु सरकारी काम बंद नहीं होते उन्हें हमारा काम करना पड़ता है हमारा हर सरकारी काम होते रहेगा। सड़क पानी बिजली चालू सहायता परियोजनाएं सब चालू रहेंगे मकान की परमिशन का अगर पहले आवेदन दे दिया है तो पास होगा हमें कोई पोस्ट या मेल करते समय आचार संहिता के नियम पढ़ लेने चाहिए, नहीं तो जेल जाना पड़ सकता है। आचार संहिता का हम उल्लंघन नहीं कर सकते ठीक वैसे ही हम टीवी चैनल सोशल मीडिया पर आज से ही देख रहे हैं कि फिर राजनीतिक प्रतिक्रियाओं डिबेट आरोप प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं। 400 प्लस का बयान, अनेक पार्टियों 00 का बयान, विपक्ष का सत्ता में आने का बयान सहित अनेक बयानों पर सोशल मीडिया और टेलीविजन चैनलों पर बयानबाजी से शब्दों का घमासान शुरू हो गया है। चूंकि लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान हो गया है और राजनीतिकपार्टियों में घमासान शुरू हो गया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 पर पूरी दुनियां की नजर लगी हुई है,इसको हर मतदाताओं ने रेखांकित करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम चुनाव तारीखों की घोषणा के बाद चुनाव प्रचार के मुद्दों, बयानों, प्रतिक्रिया गांव की करें तो, मोदी की गारंटीएःप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसका स्पष्ट संकेत दिया है कि इस चुनाव में उनके प्रचार




अभियान का मुख्य विषय मोदी की गारंटी रहने वाला है. पीएम और पार्टी के अनुसार, 'मोदी की गारंटी' युवाओं के विकास, महिलाओं के सशक्तीकरण, किसानों के कल्याण और उन सभी हाशिए पर पड़े और कमजोर लोगों के लिए एक गारंटी है जिन्हें दशकों से नजरअंदाज किया गया है।कांग्रेस की न्याय गारंटीः देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना के राज्य चुनावों में कुछ हद तक फायदा होता दिखा, जब उसने लोगों को गारंटी दी। अब लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी ने युवाओं, किसानों, महिलाओं, श्रमिकों और आदिवासी समुदाय के लिए न्याय सुनिश्चित करने के साथ-साथ 'भागीदार न्याय' के उद्देश्य से अपनी 5 'न्याय गारंटी' की बात की है। मणिपुर से मुंबई तक युवा नेता की अगुवाई वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों के सामने न्याय की गारंटी पेश की गई है। विपक्षी पार्टि काघोषणापत्र इन गारंटी के इर्द-गिर्द तैयार किए जाने की संभावना है और पार्टी अपना अभियान इन्हीं गारंटी के इर्द-गिर्द तैयार करेगीबेरोजगारी और महंगाई -कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन बेरोजगारी और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों का मुद्दा उठाता रहा है। उन्होंने बार-बार कहा है कि नौकरियों की कमी सबसे बड़ा मुद्दा है और उन्होंने इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश भी की है। पार्टी ने रोजगार वृद्धि और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का हवाला देते हुए पलटवार किया है। इस चुनावी मौसम में रोजी-रोटी से जुड़े इन मुद्दों पर बहस तेज होगी।अनुच्छेद 370 सीएए और समान नागरिक संहिताये तीनों मुद्दे पार्टी के लंबे समय से किए गए वादों में शामिल रहे हैं।पार्टी ने संशोधितनागरिकता अधिनियम, 2019 केक्रियान्वयन और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की अपनी उपलब्धि को पेश करना जारी रखा है। पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा कानून तैयार करने के अपने उद्देश्य के अग्रदूत के रूप में उत्तराखंड में भी समान नागरिक संहिता पर एक कानून पारित किया है. मोदी सरकार ने इन कदमों से यह दिखाने का प्रयास किया है कि वो जो कहती है वो करती है। राम मंदिर बीते 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को पार्टीने जबरदस्त उत्साह के साथ मनाया। विपक्षी नेता भी मानते हैं कि राम मंदिर से भाजपा को उत्तर भारत में फायदा हुआ है। विश्लेषकों का मानना ??है किपार्टी को कम से कम 370 सीटें मिलने का ज्यादातर भरोसा इसी राम मंदिर लहर से पैदा हुआ है।चुनावी बॉण्ड मामलानिर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड का आंकड़ा सार्वजनिक कर दिया है. कांग्रेस ने चुनावी बॉण्ड योजना में कथित भ्रष्टाचार के लिए सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ उच्चतम न्यायालय से उच्च स्तरीय जांच और उसके बैंक खातों को 'फ्रीज' करने की मांग की है।चुनाव से ठीक पहले यह मुद्दा सामने आया है और विपक्ष ने इसे हाथोंहाथ लिया है, लेकिन यह जमीनी स्तर पर काम करेगा या नहीं, यह अभी भी देखना बाकी है।अमृत काल बनाम अन्याय काल,चुनावी मौसम के दौरान भाजपा का यह दावा होगा कि मोदी सरकार ने अमृतकाल में सुशासन, तेज गति से विकास और भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण का आश्वासन दिया है. दूसरी ओर, कांग्रेस ने मोदी सरकार के 10 वर्षों को 'बेरोजगारी, बढ़ती कीमतें, संस्थाओं पर कब्जा, संविधान पर हमला और बढ़ती आर्थिक असमानताओं वाला अन्याय काल करार दिया है।किसानों के मुद्दे और एमएसपी की कानूनी गारंटीचुनाव से ठीक पहले दिल्ली के निकट किसानों का आंदोलन भी चर्चा में हावी रहने की संभावना है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने किसानों के साथ विश्वासघात किया है। एक पार्टी ने किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी देने का वादा किया है। पार्टी नेता किसान नेताओं की चिंताओं को दूर करने के लिए उनसे बातचीत कर रहे हैं और वे आरोप लगाते रहे हैं कि कई आंदोलनकारी राजनीति से प्रेरित थे। सरकार ने इस बात पर भी जोर दिया है कि कैसे उसकी 'पीएम-किसान योजना' ने खेती करने वालों के जीवन को बदल दिया है. अधिकतर चुनावों की तरह किसानों के मुद्दे इस बार भी महत्वपूर्ण होंगे।विचारधाराओं का टकराव,यह चुनाव एक महत्वपूर्ण चरण का भी प्रतीक है जिसे कई लोग दोनो पार्टियों के बीच विचारधाराओं की लड़ाई' कहते हैं. दोनों पार्टियां अपने वैचारिक सिद्धांत लोगों के सामने रखेंगी और उनसे किसी एक को चुनने के लिए कहेंगी।विकसित भारत का दृष्टिकोण। पीएम ने कहा है कि देश का लक्ष्य एक विकसित राष्ट्र बनना है।उन्होंने कहा है कि उनकी सरकार 2047 तक इस लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है. विकसित भारत का दृष्टिकोण भाजपा के चुनावी अभियान में महत्वपूर्ण रहने की संभावना है, जबकि विपक्ष इसे एक और जुमला करार दे रहा है। हालांकि, चुनाव अभियान के दौरान यह एक प्रमुख विषय बना रहेगा। साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग द्वारा 16 मार्च 2024 को 3 बजे चुनाव तारीखों की घोषणा की करें तो,निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों की घोषणा कर दी। इस बार चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे और मतगणना चार जून को होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 18वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही देश में आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है. इसके साथ ही सरकार ऐसा कोई नीतिगत फैसला नहीं कर सकेगी, जो मतदाताओं के फैसले को प्रभावित कर सके।

## कविता

### यदि पंखों वाला होता मानव

यदि पंखों वाला होता मानव, खुले गगन में उड़ता।
धरती की तो बात छोड़ो, अंतरिक्ष को छूता।

कर लेता नभ अपने वश में, जहां-जहां विचरता।
नाप देता व्योम को भी, अपना अधिकार जमाता
यदि पंखों वाला होता मानव........

गगनचर की बढ़ती पीड़ा, पक्षी विवश हो जाता।
युद्ध वहां भयंकर होते, मानव से मानव भिड़ जाता।
यदि पंखों वाला होता मानव........

अर्श का बंटवारा करके, अनंत का अंत होता।
आकाश पर खींच देता सीमाएं, जो मानव के वश होता।
यदि पंखों वाला होता मानव........

अच्छा किया भगवान आपने, इसको पंख नहीं लगाए।
बिन पंख ही उड़ रहा द्यौ में, इसे कौन समझाए।

डॉ. अशोक

## अपने-अपने तमाशे और मूक दर्शक जन

कृष्ण कुमार निर्माण

**लो जी।** सब होशियार,खबरदार हो जाओ क्योंकि आज से ही,अब से ही,अभी से ही तमाम तरह के काले,पीले, नीले,हरे, गुलाबी जादूगर अपनी-अपनी डुगडुगी लेकर गली, मुहल्ले, चौक,चौराहे, नुक्कड़, चौपाड़, धर्मशाला,नगर,डगर, शहर,नदी, नाले, गली और गितवाड़े आएंगे। ये तमाम मदारी अपने हाथ में एक झोला लिए हुए होंगे। अरे! ये झोला छाप डॉक्टर नहीं होंगे? क्या समझ जाते हैं आप भी?झोला छाप डॉक्टर का काटा तो आदमी बच सकता है मगर इन राजनीतिक मदारियों का काटा कोई नहीं बचता क्योंकि ये काटते बहुत ही मीठे तरीके से हैं साहब!इनके आगे तो हसीनाएं भी फेल हैं,उनकी क्या औकात साहब? ये जो मुए असल के मदारी होते हैं ना,उनके झोले में तो असल का सामान होता है बस बेचारे एक बार नजरबंद करते हैं और अपना खेल दिखाकर चले जाते हैं और बदले में थोड़ा आटा भी ले लेते हैं,कोई पांच रुपये,दस-बीस रुपये भी देते हैं।अरे!कमाल है कोई-कोई तो इन्हें अठन्नी-चवन्नी भी दे देता हैं मगर ये उफ! तक नहीं करते। मगर आजकल ऐसे मदारी लगभग लुप्तप्रायः हो चुके हैं। मगर ये राजनीतिक मदारी इनसे अलग हैं।इनके झोले में कोई सामान-वामान नहीं होता बल्कि होते हैं वादे,भाषण,बातें,जुमले आदि-आदि और अपने से इतर मदारियों के लिए गाली-वाली भी।कमाल है इनकी डुगडुगी कोई ना सुने।साहब!कृष्ण की मुरली की धुन थोड़ी खराब हो सकती है मगर मजाल है कि इनकी डुगडुगी की धुन कभी खेल दिखाते हुए बेसुरा गाए।हाँ,खेल दिखाने के बाद इस डुगडुगी के सुर रूपी तेवर ऐसे बदलते हैं कि साहब पूछिए मत फिर तो जनता रूपी दर्शक इनके नतमस्तक भी हो जाएं मगर इनकी डुगडुगी कभी भी सुर का अलाप नहीं कर सकती।गजब यह भी है कि इन तथाकथित मदारियों को आटा-वाटा नहीं चाहिए क्योंकि आटा-वाटा तो ये खुद ही बांटते फिरते हैं और ना ही इन्हें सूट-वूट चाहिए क्योंकि सूट-वूट तो ऐसे-ऐसे पहनकर आते हैं कि सूट देने वाले को ही शर्म आती है।और तो और चवन्नी-अठन्नी से तो इन्हें बड़ी घिन्न आती है जी और इसलिए समय रहते इन्होंने उसे बंद कर दिया ताकि कहीं कोई इन्हें चवन्नी-अठन्नी ना दे बैठे? बस इन्हें तो बांड रूप में मोटी-मोटी राशि चाहिए और फिलवक्त इनकी खुराक है कि जब भी ये आपके आस-पास आएं तब आप अपने परिवार की पूरी पलटन को लेकर, अड़ौसियों-पड़ौसीययों, यारे,प्यारे, रिश्तेदारों,मित्र,वित्रों को लेकर इनका खेल देखने चले जाइए। इनके झंडे हाथ में पकड़े रखिए और जो भी ये बोले,बस वैसा ही बोलते रहिए और जोर से जिंदाबाद करते रहिए। बस यही इनकी खुराक है।और फिर जो ये अपने झोले से निकाल-निकालकर आपकी तरफ फेंके,उसे गुफ़्ते रहिए,विश्वास कीजिए वो सब कुछ असली नहीं होगा पर असली जैसा होगा।ये मुए ऐसा जादू करते हैं कि अच्छे पढ़े-लिखे,कढ़े-वढे भी गच्चा खा जाते हैं।

इसलिए तैयार हो जाइए इनका खेल देखने के लिए। मजा तो तब आएगा कि ये बहरूपिए जादूगर अनेक-अनेक रूपों में आपके सामने आएंगे और फिर भी इनका असली रूप छिपा ही रहेगा और इन्हें बस आपका वोट रूपी प्रसाद चाहिए क्योंकि यही इनके लिए मुफीद होता है जी। इसलिए धर्म,जाति,भाषा,सम्प्रदाय,रंग,नस्ल सब इनके मुद्दे होते हैं।

## विचार

# सावधान चुनाव आचार संहिता लागू आहे

प्रेम शर्मा

**निश्चित तौर पर** विधानसभा का चुनाव उस राज्य की जनता का भविष्य तय करता है। जबकि लोकसभा का चुनाव पूरे देश के भविष्य की धुरी है। केन्द्र सरकार की नियत और योजनाओं का बड़ा असर ग्राम पंचायत, नगर पंचायत,जिला पंचायत एवं स्थानीय निकायों तक देखा जाता है। अब जबकि 47 दिनों की चुनाव प्रक्रिया का बिगुल आयोग ने बंजा दिया है। तो इतना तय है कि केवल राजनैतिक दल, सत्तासीन नेता, विपक्षी नेता, मंत्री से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों का एक दायरा दय कर दिया गया है। क्योकि यह दौर अत्यानुधिक तकनीक और सोशल मीडिया का है। जगह जगह कैमरे, गांव गांव मोबाईल कैमरे होने के कारण आपकी एक छोटी सी गल्ती आपका जीवन तबाह कर सकती है। निश्चित तौर पर एक दूसरे को पटकनी देने के लिए मैदान में आने वाले दल भी इसी टोह में रहते है कि कब उसे विपक्षी की कोई आचार संहिता उल्लघन की वीडियों, फोटोज आदि मिल जाए और उस पर हमला कर सके। यही कारण है कि सरकारी मशीनरी के साथ और कई नजरे आपके आसपास तैनात रहती है। ऐसी स्थिति में अगर आपसे एक चूक हुई तो इससे आपका भविष्य चौपट होना तय है। यही नही सोशल मीडिया के इस दौर में सत्तासीन दिग्गज नेता भी कई बार इसकी चपेट में आ चूके और उनका कैरियर खत्म हो गया। ऐसे हजारों उदाहरण है लेकिन लबोलुआब यह कि चुनाव आचार संहिता के दौरान यह समक्ष ले कि कोई न कोई आपका पीछा कर रहा है।

राजनीतिक दल या नेता ही नहीं, अगर आम आदमी भी आचार संहिता का उल्ल्लंघन करता है तो उसे भी जेल की हवा खानी पड़ सकती है। यह जान ले कि चुनाव के दौरान सभी सरकारी कामकाज बंद नहीं होते हैं. लिहाजा, अगर कोई सरकारी अधिकारी आपके काम को करने से इनकार कर देता है। यह नियम है कि आपकी जिंदगी से जुड़े जरूरी काम आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी सूरत में बंद नहीं होंगे। लेकिन आयोग ने इसके अलावा कुछ काम काजों पर अवश्य रोक लगाई है। जैसे लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने पर प्रत्याशी ऐसा बयान नहीं दे सकते जिससे किसी व्यक्ति की शालीनता और नैतिकता का हनन होता हो। कोई भी प्रत्याशी ऐसी गतिविधि में शामिल नहीं होगा कि जो आपसी घृणा पैदा करे और वोट हासिल करने के लिए जाति या सांप्रदायिक आधार पर कोई अपील नहीं करेगा। सार्वजनिक या निजी स्थान पर सभा आयोजित करने, जुलूस निकालने और लाउडस्पीकर इस्तेमाल करने से पहले स्थानीय पुलिस अधिकारियों से लिखित अनुमति लेना जरूरी है। यही नही इस दौरान आम आदमी द्वारा भी किसी तरह की धर्म विशेष को भड़काने और किसी के सम्मान को ठेस पहुचाने वाली घटना सामने आती है तो इसके लिए स्थानीय पुलिस अलग अलग धारा के तहत कानूनी कार्रवाई करेगी। आचार संहित लागू होते ही राजनीतिक पार्टिया और प्रत्याशी रात 10.00 बजे से प्रातरू 6.00 बजे के बीच लाउडस्पीकर का इस्तेमाल नहीं कर सकते।किसी के घर पर उसकी अनुमति के बिना पोस्टर, बैनर या झंडा नहीं लगा सकता। राजनीतिक दल मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए अपनी गाड़ी की सुविधा भी नहीं दे सकते। मतदाता को अपने पक्ष में मतदान कराने के लिए डरा या धमका नहीं सकते हैं। धार्मिक स्थलों का चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकते। यही नही किसी सरकारी अधिकारी, कर्मी की ट्रांसफर नियुक्ति नहीं होगी। यदि तबादला करना बेहद जरूरी है तो चुनाव आयोग से स्वीकृति लेनी होगी। चुनाव कार्यों से जुड़े अधिकारी को किसी भी नेता या मंत्री से उसकी निजी यात्रा या आवास में मिलने की मनाही होगी। सरकारी भवनों में पीएम, सीएम, मंत्री, राजनीतिक व्यक्तियों के फोटो निषेध होंगे। सरकार की उपलब्धियों वाले प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और अन्य मीडिया में विज्ञापन नहीं दे सकेंगे। अब बॉत करें मंत्री-विधायक के बारे में तो चुनाव आयोग ने मुख्यमंत्री अपने जिला अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग नहीं कर सकते। सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अतिथि गृहों में ठहरने की व्यवस्था नहीं होगी। किसी भी रूप में किसी भी वित्तीय अनुदान की घोषणा नहीं करेंगे और न ही वादा करेंगे। किसी परियोजनाओं या योजनाओं की आधारशिला नहीं रखेंगे। सड़क बनवाने, पीने के पानी को लेकर काम शुरू करवाने का वादा भी नहीं कर सकते। मंत्री अपने आधिकारिक दौरे के समय चुनाव प्रचार नहीं कर सकते। प्रचार के लिए सरकारी गाड़ियों, विमानों या किसी दूसरे सुविधाओं का भी इस्तेमाल नहीं कर सकते। सरकारी खर्च पर चुनावी रैली या चुनाव प्रचार नहीं कर सकते।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादकः राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# धम्म-धम्म

डॉ. सुरेश कुमार

**जब विश्वास से श्वास** दूर भागने लगे तब मंगल ग्रह पर जीवन तलाशने की बात सरासर बेईमानी होती है। कल तक जो विज्ञान के बल पर दुनिया को मुट्ठी में करने चले थे वहीं दुनिया की मुट्ठी से मुक्त होते होते रह गए। जिस देश में ताली ताली बजाकर करोना वायरस भगाने वाले नेता हों, जहाँ के वैज्ञानिक अंतरिक्ष में रॉकेट भेजने से पहले उसे प्रभु के चरणों में रखते हों, जहाँ के प्रोफेसर सड़क पर फेंके हुए नींबू-मिर्ची-कुमकुम-हल्दी से डरकर दूर भागते हों, जहाँ के डॉक्टर आकाश के नक्षत्रों को देखकर जन्मे शिशु का नाम रखते हों, जहाँ के अभिनेता अपने नाम की स्पेलिंग बदलकर सिनेमा हिट होने की कामना करते हों, ऐसे देश में क्षुद्र हत्याएं नहीं तो नए आविष्कार होंगे? नरबलि न होगी तो क्या नोबेल पुरस्कार मिलेंगे? कहने को हम 21वीं सदी में हैं लेकिन अंधविश्वास बाबा आदम के जमाने का है।

शरीर चाहे किसी भी युग का हो यदि मन लकीर का फकीर बन अंधविश्वासों में सुस्ताता है तो पाषाण और आधुनिक युग में वही अंतर है जो नागनाथ और सांप नाथ में है। चिंतन मनुष्य और पशु के समान है जिसे नहीं पता कि उसका जन्म क्यों हुआ? खाओ खुजाओ बत्ती बुझाओ वाली जिंदगी जल्दी से यहां जाओ कहने पर मजबूर कर देती है। विज्ञान विषय की बदकिस्मती देखिए वह अंक प्राप्त करने और ऊंची-ऊंची नौकरी प्राप्त करने का खिलौना बन कर रह गया है। देश में विज्ञान के अध्ययनकर्ता भी अंधविश्वास की पिपड़ी बजाते हुए दिखाई देते हैं। पढ़े लिखे लोग भी अंधविश्वास के चलते अपनी संतान तक की नरबलि देने से पीछे नहीं हटते। जो शिक्षा तर्क करना नहीं सिखाती वह कागज के टुकड़े से ज्यादा कुछ नहीं है। हमारी शिक्षा व्यवस्था तर्क करने, सोचने समझने वालों को नहीं तो तोतों को तैयार कर रही है जो सारा जीवन रटी हुई चीज की उल्टी करने में बिता देते हैं। तर्कहीन शिक्षा की डिग्री वाला रद्दी कागज पशुओं की तरह जीने के लिए नौकरी तो दिला सकता है लेकिन मनुष्य नहीं बना सकता। पुष्पक विमान को पहला वायुयान, सीता को टेस्ट ट्यूब बेबी, गणेश को पहला प्लास्टिक सर्जरी का प्रयोग बताने वाली बातें खुद प्रधानमंत्री से मंत्री और सामान्य नेता तक कहते हों, वहां विज्ञान की बात करना सरासर बेईमानी होगी। आजादी से पहले और बाद में केवल शासकों की चमड़ी बदली है सोच तो वही की वही है। साम्राज्यवाद निजी कंपनियों का उद्धार, पूंजीपतियों का तो भला कर सकता है लेकिन समाज के दबे-कुचले लोगों को भुखमरी, बेरोजगारी, महंगाई, कृषक आत्महत्याओं से नहीं उबार सकता। जब पूंजी मुट्ठी भर लोगों में कैद हो तो गरीबी रेखा का तांडव करना सहज बन पड़ता है। गरीबी रेखा के नीचे जीने वाले लोग हाथ की लकीरें तो बदल सकते हैं लेकिन स्वार्थी सत्ता की लकीरें कभी नहीं बदल सकते। जब सत्ता स्वयं धर्म के नाम पर लोगों में फूट डालने लगे तब निरीह जनता की स्थिति खुली हवा में दीपक के समान है।

# चुनावी बांड पटाक्षेप और 'गुलाम मीडिया' में पसरा सन्नाटा

तनवीर जाफरी

**लोकसभा** चुनावों से ठीक पहले सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर आखिरकार भारतीय स्टेट बैंक ने चुनावी बॉन्ड खरीद का विस्तृत डेटा अदालत को पेश कर ही दिया। साथ ही यह भी सार्वजनिक कर दिया कि इन इलेक्टोरल बांड के माध्यम से किस राजनैतिक दल को कितने पैसे प्राप्त हुये। जैसा कि पहले भी होता आया है कि सत्तारूढ़ दल को ही प्रायः सर्वाधिक चंदा मिला करता है । इस बार भी सत्तारूढ़ दल यानी भारतीय जनता पार्टी को ही सबसे अधिक चुनावी चंदा हासिल हुआ। परन्तु बात केवल सर्वाधिक चंदा प्राप्त करने तक ही सीमित नहीं है। बल्कि इस लेनदेन के और भी कई ऐसे संदिग्ध पहलू हैं जिनके आधार पर विपक्ष भारतीय जनता पार्टी पर यह कहकर हमलावर है कि भाजपा द्वारा चुनावी बॉन्ड खरीद के नाम पर न केवल 'चंदे का धंधा ' यानी चंदा देदो -धंधा ले लो का अनैतिक खेल खेला गया है बल्कि कई ऐसी कंपनियों से भी चंदे ऐंठे गए हैं जिनपर पहले तो ई डी,आई टी या सी बी आई द्वारा छापेमारी की गयी उसके फौरन बाद ही इन्हीं कंपनियों ने इलेक्टोरल बांड खरीद लिये। और इलेक्टोरल बांड की खरीद होते ही इन पर की गयी ई डी,आई टी या सी बी आई की कार्रवाही ठन्डे बास्ते में चली गयी। विपक्ष का यह भी आरोप है कि इलेक्टोरल बांड खरीदने वाली कई कम्पनियाँ भी फर्जी हैं। जबकि कई ऐसी कंपनियों ने भी चुनावी बॉन्ड खरीदे हैं जिनकी कमाई तो बहुत ही कम है परन्तु उन्होंने अपनी कमाई से कई गुना अधिक के बांड खरीदे। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा चंदा दो, धंधा लो, हफ़्ता वसूली,ठेका लो, रिश्वत दो, मनी लॉन्ड्रिंग के लिए फजी कंपनियां जैसी भ्रष्ट नीतियां अपना रही है। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा उपलब्ध कराये गये डेटा के अनुसार जिन कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे हैं उनमें फ़्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज ,मेघा इंजीनियरिंग इंफ़्रा स्ट्रक्चर लिमिटेड,वेदांता लिमिटेड,लक्ष्मी मित्तल, भारती एयरटेल, डीएलएफ कामर्शियल डेवलपर्स,ग्रासिम इंडस्ट्रीज, पीरामल एंटरप्राइजेज , टोरेंट पावर, अपोलो टायर्स, एडलवाइस, पीवीआर, केवेंटर, सुला वाइन, वेलस्पन, और सन फार्मा जैसी अनेक कंपनियां शामिल हैं। सबसे ज्यादा कीमत के इलेक्टोरल बॉन्ड फ़्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज और मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ़्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा खरीदे गये हैं।

फ़्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज ने 1,368 करोड़ रुपये के बांड खरीदे हैं जबकि मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ़्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा 966 करोड़ रुपये के चुनावी बांड खरीदे गये।

## न्यूज फ्लैश

### जजपा कार्यालय में होगी पार्टी कार्यकताओं की बैठक : त्यागी



**गन्नौर** नगरपालिका रोड पर जजपा कार्यालय में जजपा पार्टी कार्यकताओं की बैठक होगी। जानकारी देते हुए हलका अध्यक्ष सुनील त्यागी ने बताया कि बैठक को जिलाध्यक्ष राजसिंह दहिया के अलावा अन्य नेतागण संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में पार्टी के प्रदेश के नेता भी शिरकत करेंगे। उन्होंने कार्यकताओं से सुबह 10 बजे कार्यालय में पहुंचकर बैठक में शामिल होने की अपील की।

### पहली बार महिला संघ करेगा सेवा

**समालखा 17 मार्च ( कुलदीप सिंह )**
श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव चुलकाना धाम में पहली बार पंच परमेष्ठी युवा मंडल समालखा के सहयोग से महिला संघ आने वाली दर्शनार्थियो की सेवा करेगी। महिला मंडल की अध्यक्ष रजनी जैन ने बताया कि सालों से पुरुष मंडल सेवा भंडारों से चुलकाना धाम पर सेवा देते रहे हैं। इस बार लाखों भक्त पहुंच रहे हैं और देश भर से अनेकों जानी मानी हस्तियां भी आ रही है। महोत्सव में पहली बार कोई महिला मंडल सेवा देगा और वो भी बिना पुरूषों के सहयोग के।

### श्याम बाबा का ध्वज फहराया गया

**कमाल हुसैन**
**पानीपत..** रविवार को ब्रह्म मुहूर्त के समय 4 बजे हजारों की संख्या में श्याम बाबा के भक्त हाथों में श्याम बाबा का ध्वज लेकर गोहाना रोड के नजदीक सुविधा शोरूम के सामने पुल के नीचे चुलकाना यात्रा में शामिल होने के लिए एकत्रित होना शुरू हो गए। वृंदावन ट्रस्ट की टीम द्वारा 11 कन्याओं द्वारा शंखनाद किया गया व यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्याम बाबा का राजस्थान से मंगवाया हुआ ध्वज सर्वप्रथम फहराया गया नवरत्नों की वर्षा ध्वज पर की गई। इस अवसर पर विजय जैन, राहुल विज, विक्रम शाह ,लोकेश नागरू, नितिन जैन, गोपाल तायल, एसपी बंसल, सुरेंद्र रेवड़ी, रविंद्र जैन ने पूजन किया। इस अवसर पर वृंदावन ट्रस्ट द्वारा घोषणा की गई कि वर्ष 2024 , 25 में हर गांव में हर कॉलोनी में वृंदावन ट्रस्ट का विस्तार किया जाएगा। वृंदावन ट्रस्ट आज एक ऐसा विश्वविद्यालय है जहां श्याम प्रेम का संस्कार दिया जाता है व श्याम प्रेमी अंकुरित किए जाते हैं वृंदावन ट्रस्ट पानीपत के संरक्षक विकास गोयल ,अध्यक्ष राकेश बंसल ने कहा की हजारों की तादाद में श्याम प्रेमियों ने वृंदावन ट्रस्ट में जो आस्था व्यक्त की है उसने हमें और दायित्व दे दिया हम आने वाले समय में श्री श्याम बाबा की पताका को जन जन तक पहुंचाएंगे वृंदावन ट्रस्ट के महासचिव हरीश बंसल ने कहा की वर्तमान युग श्याम बाबा का योग है आज बच्चा-बच्चा श्याम बाबा को समर्पित है आज हजारों श्याम प्रेमी जीटी रोड पर नाच कर कूद कर गाकर मस्ती में चलते रहे एक मौका ऐसा आया जब आकाश में फूलों की वर्षा हुई और आतिशबाजी भी एक साथ हुई यह नजारा हजारों लोगों ने अपने कैमरे में कैद किया हरियाणा के श्याम प्रेमियों ने उत्तर प्रदेश राजस्थान दिल्ली से यात्रा में शामिल हुए श्याम प्रेमियों का स्वागत किया उन्होंने अपने अनुभव सांझे करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों से हम वृंदावन ट्रस्ट के सहयात्री हैं आस्था का यह सैलाब निरंतर बढ़ता जा रहा है। चुलकाना के तोरणद्वार भूमि का हुआ पूजन। चुलकाना के तोरण द्वार का भूमि पूजन गीता मनीषी महामंडलेश्वर श्री ज्ञानानंद जी महाराज एवं सांसद संजय भाटिया के कर कमल द्वारा हुआ। महाराज श्री ने कहा पानीपत कुरुक्षेत्र युद्ध भूमि का क्षेत्र है महाभारत से जुड़ी घटनाएं इसी 100 किलोमीटर के दायरे में हुई थी आज बाबा का बढ़ता प्रताप सारे इतिहास को जीवंत कर रहा है।



# ओम शांति स्कूल में नए सत्र के परीक्षा परिणाम में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

## स्कूल निदेशक योगराज भारद्वाज व प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने विजेताओं को किया सम्मानित

**परिणाम**

8 ओम शांति शिक्षा सदन नाथपुर में सत्र 2023 -24 का वार्षिक परिणाम घोषित हुआ




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः** ओम शांति शिक्षा सदन नाथपुर में सत्र 2023 -24 का वार्षिक परिणाम घोषित हुआ। छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्कूल छात्रों के साथ अभिभावकों माता-पिता, दादा दादी ने भी छात्रों के साथ व एकल प्रस्तुति दी और प्रतिभागियों को अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों व अभिभावकों ने अनेक देशभक्ति गीत ,भजन, गाना लघु नाटिका ,नृत्य ,भांगड़ा प्रस्तुत करते हुए पूरे स्कूल में खुशी व हर्षोल्लास का माहौल बनाया। कार्यक्रम की शुरूआत मंच संचालिका कुमारी प्राची व तन्नु द्वारा गणेश वंदना के साथ की गई। स्कूल प्रबंधक योगराज भारद्वाज, प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। निदेशक योगराज भारद्वाज ने संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों की मेहनत का परिणाम आज उसके सामने आया है। सफलता प्राप्त करने के लिए हमें मेहनत करनी चाहिए। जीवन में मेहनत करने वालों को जरूर सफलता मिलती है। इसलिए हमें मेहनत से करनी चाहिए। प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम के प्रतिभागियों को व सत्र 2023 - 24 के प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक छात्र को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए अपने भविष्य उज्ज्वल भविष्य में निरंतर मेहनत करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# आस्था के आगे नतमस्तक खस्ताहाल सड़कें



**समालखा कुलदीप सिंह )**
खस्ताहाल सडकें भी भक्तों की आस्था के आगे तो नतमस्तक हो गई। लेकिन इन्होंने प्रशासन की व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। वहीं लालच के चक्कर में दुकानदारों व रेहड़ी वालों द्वारा किए गए अतिक्रमण ने स्थानीय पुलिस के पसीने ला दिए। अतिक्रमण के कारण लगे जाम को हटाने में पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी।
उल्लेखनीय है कि हर वर्ष फाल्गुन महोत्सव पर देशभर से लाखों भक्त गांव चुलकाना स्थित श्री श्याम बाबा के मंदिर दर्शन करने पहुंचते हैं। हजारों भक्त पैदल, नंगे पैर पदयात्रा करते हुए भी आते हैं। प्रशासन को पहले से ही जानकारी थी। लेकिन पानीपत सिटी रोड को दुरूस्त कराने को लेकर कोई पहले से कोई प्रबंधन नहीं किया गया। बाबा के प्रति अथाह आस्था लिए नंगे पैर पैदल यात्रा करने वाले भक्त श्याम का नाम जपते हुए कंकड़-पत्थर चलकर बाबा के धाम पहुंचे। बेशक उनके चेहरे पर कोई शिकन नहीं थी और पैरों में गांठ बन गई थी। जो प्रशासन के प्रबंधों का मजाक उड़ा रहा था। वहीं दूसरी तरफ फाल्गुन महोत्सव पर अच्छी कमाई के लालच में दुकानदारों और रेहड़ी वालों ने अतिक्रमन ना करने के सभी आदेशों की धज्जियां उड़ा दी।

## सर्वजातीय बिनैन खाप के ऐतिहासिक चबूतरे पर हुई महापंचायत

**जींदः नरवाना** खंड के गांव दनौदा स्थित सर्वजातीय बिनैन खाप के ऐतिहासिक चबूतरे पर रविवार को महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें कालवन तपा, धमतान तपा, दनौदा तपा से आए बिनैन खाप के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस महापंचायत का मुख्य एजेंडा बिनैन खाप के प्रधान के रिक्त पद को लेकर रहा। गत 26 दिसंबर 2023 को 20 वर्ष से रहे प्रधान नफे सिंह नैन का हृदयघात होने से निधन हो गया था। जिसके बाद से सर्वजातीय बिनैन खाप में प्रधान का पद रिक्त था।
पंचायत की अध्यक्षता बिनैन खाप के उप प्रधान रामभगत की अध्यक्षता में हुई।

# पौधरोपण पर्यावरण संस्कार है : कादियान

## सम्मान समारोह के आयोजन पर 11 हजार पौधे बांटने के साथ 21 बच्चों को किया सम्मानित



**सम्मान**

8 समाजसेवी देवेंद्र कादियान के पिता व समाजसेवी सतबीर कादियान को स्मृति चिन्ह देकर किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** ठरू-उल्देपुर स्थित माता काली मंदिर परिसर में बाबा सूर्यदेव सेवा समिति के उद्घाटन पर पौधा वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अधिवक्ता गुरमीत कांत को समिति अध्यक्ष बनाया है। समारोह में बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर संस्थापक देवेंद्र कादियान के पिता व समाजसेवी सतबीर कादियान ने शिरकत की। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में कादियान ने धरा को हरा भरा बनाने को लेकर विभिन्न प्रजातियों के 11 हजार पौधे वितरण करने के साथ एनसीसी के 21 बच्चों को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन बाबा सुरेश कुमार, अधिवक्ता गुरमीत कांत व मनीष ट्री ने किया।
समारोह में समाजसेवी सतबीर कादियान ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने परिवार के सदस्यों व खुद के जन्मदिन या खास मौके पर पेड़ लगाए तो पर्यावरण में सुधार हो जाएगा। पौधेरोपण एक सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा ही नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संस्कार है। इस दौरान समाजसेवी सतबीर कादियान को आयोजकों ने देवा सोसायटी के नाम 51 हजार रुपए की राशि देकर सम्मानित किया, लेकिन कादियान ने उक्त राशि को मंदिर व सूर्यदेव समिति के कार्यों के लिए वापस लौटा दिया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच आनंद, डा. रकम सिंह, मास्टर सुरेश, रंजीत, बहन सुनीता ढूल आदि मौजूद रही।

## 173वीं बेसहारा महिला को भेजा अपना घर



**सोनीपतः** समाज कल्याण शिक्षा समिति व सब इंस्पेक्टर जगत व ए एस आई लाल सिंह आर्य के सहयोग से पूरे सहर मे चलाए जा रहे बे सहारा को रस्कू कर अपना घर आश्रम भजने की मुहिम को ध्यान में रखते हुए सहर के भिन्न भिन्न एरियों से 4 बेसहारा पुरुष ओर 1 बेसहारा महिला व पुरुष पुलिस थाना सेक्टर 27 के एरिया में मिले और बेसहारा महिला थाना सदर के एरिया में मिली पुरुष पभूवों को सेक्टर 27 थाने से उनकी फॉर्मेलिटी कराई गई और उस के बाद महिला प्रभु की सदर थाने से पुलिस महिला अधिकारी पूजा ने बेसरहा महिला प्रभु को सिविल अस्पताल में ले जा कर उसका मेडिकल करवाया गया और और अलग अलग अश्रमो से 2एंबुलेंस बुलाई गई 1एंबुलेंस अपना घर आश्रम पूठ खुर्द दिल्ली से जिसमें 4परभुवो को भेज दिया और दूसरी एंबुलेस बूढ़पुर महिला आश्रम से जिसे ड्राइवर कुलदीप महिला सह योगी के साथ सदर थाने मे पहुंचा इसी दौरान सदर थाने के एस एच ओ सेठी मलिक ने एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया इस अवसर पर सदर थाने के एस एच ओ सेठी मलिक ने बताया कि समाज कल्याण शिक्षा समिति व हमारे 2 पुलिस अधिकारी संस्था के साथ लग कर जो कार्य कर रहे हैं।

# 'श्याम ने सेवा करने का दिया आशीर्वाद'

**श्याम सेवा**

8 नई अनाज मंडी में पूर्व विधायक रविन्द्र मच्छरौली ने किया भव्य निशान यात्रा का शुभारम्भ



**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
नई अनाज मंडी से श्री श्याम कृपा सेवा मंडल के तत्वाधान में नौंवी श्री श्याम निशान व रथयात्रा का शुभारम्भ पूर्व विधायक रविन्द्र मच्छरौली द्वारा किया गया और वो भी श्याम भक्तों के साथ पदयात्रा में शामिल हुए। जो जीटी रोड, रेलवे रोड से होते हुए मंदिर पहुंची। जिसमें भक्त हाथों में पीली ध्वजा लिए हुए बाबा के भजनों पर झूमते गाते हुए निकले। उन्होंने कहा कि श्याम बाबा हारे का सहारा हैं। सच्चे मन से उनके दर पर जाने वाला कभी मायूस नहीं होता। ये हमारी संस्कृति है कि बिना किसी भेद के सभी वर्ग इसमें सहयोग करते हैं, सेवा करते हैं। श्याम बाबा की कृपा मुझ पर भी हुई है और मुझे सेवा का मौका मिला।

## गाड़ी सवार व्यक्तियों के ऊपर युवकों ने किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** मोटरसाइकिल सवार लड़को ने गाड़ी सवार व्यक्तियों के ऊपर सरिए से हमला कर घायल कर दिया। हमले में गाड़ी सवार तीन लोग घायल हो गए। आरोपियो ने सरिए से उनकी गाड़ी भी तोड़ दी। घायल ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सरदाना निवासी राजबीर ने बताया कि वह गाड़ी में अपने दोस्त बंटी व धर्मबीर के साथ सामान लेने के लिए गन्नौर गया था। सामान लेकर वापस गांव लौटते समय रेलवे ओवरब्रिज के नीचे मोटरसाइकिल सवार लड़को से उनकी कहासुनी हो गई।
वह बचाव करते हुए अपनी गाड़ी लेकर खेड़ी गुज्जर गांव पहुंचे तो मोटरसाइकिल सवार लड़को ने मोटरसाइकिल उनकी गाड़ी के आगे लगा दी और बाइक सवार लड़को ने सरिये से उन पर हमला कर दिया। उन्होंने गाड़ी के शीशे तोड़ दिए।

# नव ज्योति स्कूल में ज्ञान केसरी -2 प्रतियोगिता में बढ़- चढ़कर भाग लिया

**प्रतिभाग**

8 प्रतियोगिता मे विभिन्न स्कूलों के लगभग 400 बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया



**टीम एक्सन इंडिया**
**गन्नौर।** नव ज्योति शिक्षा सदन के प्रांगण में ज्ञान केसरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता मे विभिन्न स्कूलों के लगभग 400 बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चे बहुत ही उत्साह में नजर आ रहे थे । नव ज्योति शिक्षा सदन की तरफ से बच्चों को ट्रॉफी व प्रसस्ति पत्र वितरित किए गए। बच्चों को रिफ्रेशमेंट भी दी गई। नव ज्योति स्कूल के बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

## जींदः टिकट का फैसला आलाकमान को लेना हैः योगेश्वर दत्त

**जींदः ओलम्पिक** खिलाड़ी एवं भाजपा नेता योगेश्वर दत्त ने कहा कि टिकट किसको देना है या नहीं, उसका फैसला पार्टी आलाकमान ने लेना है। हमारी तैयारियां पूरी है और उनके लिए पार्टी के जो भी आदेश होंगे उनकी वे पालना करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं कि हमारा प्रत्याशी कमल का फूल होता है। मुझे तो बस इतना पता है कि इस बार भारतीय जनता पार्टी देश में 400 से अधिक सीटें जीतेगी और हरियाणा की 10 की 10 सीटें भाजपा की झोली में जाएंगी। भारतीय जनता पार्टी का मकसद देशसेवा करना, समाज को आगे बढ़ाना, समाज में भाईचारा कायम करना और देश को मजबूत बनाना है।

# दुख भंजन दरबार में होली महोत्सव का किया गया आयोजन

## हमें अपने मन व आत्मा की शांति के लिए काम करना चाहिएः आनंद प्रकाश



**महोत्सव**

8 शोभायात्रा का आयोजन किया गया शोभा यात्रा में पंजाब का बैंड आकर्षण का केंद्र रहा

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः** तहसील कैंप स्थित श्री दुख भंजन दरबार में दो दिवसीय होली महोत्सव के दूसरे दिन की शोभायात्रा का आयोजन किया गया शोभा यात्रा में पंजाब का बैंड आकर्षण का केंद्र रहा और डांडिया में मां के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। शोभा यात्रा दुख भंजन दरबार से शुरू होकर स्काईलार्क रोड, गुरुद्वारा भाई लालो .फ़तेहपुरी चौक से होते हुए दुख भंजन दरबार में पहुंची। शोभायात्रा में भक्त सफेद वस्त्र और सिर पर पीला व भगवा कपड़ा ओढ़कर शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह फूलों और इत्र से स्वागत किया। इसके साथ दुख भंजन दरबार में भंडारा लगाया गया। वहीं इससे पहले ध्वजारोहण संदीप गुप्ता नहीं किया जबकि ज्योत प्रज्वलित धीरेंद्र गोयल ने की व पालकी दर्शन में मुख्यअतिथि ?नीतिन काठपालिया रहे। भाजपा नेता विजय सहगल ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। संत आनंद प्रकाश महाराज ने कहा कि आज भौतिकतावादी दौर से इंसान एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में है। वह अपने भौतिकतावादी सुख के लिए भाग दौड़ कर रहा है, लेकिन असली सुख आत्मा का है। हमें अपने मन और आत्मा की शांति के लिए काम करना चाहिए। यह सब भगवान के दर पर ही मिलता है। हमें सुबह व शाम को भगवान का नाम लेना चाहिए। हम भगवान के दर से कभी खाली हाथ नहीं आते। हमें यहां कुछ न कुछ जरूर मिलेगा। मंदिर और धार्मिक स्थल पर अपनी बुराइयों का त्याग कर सकते हैं। इस मौके पर पवन अरोड़ा वीना अरोड़ा, रेखा, सुमन, अनु, दलीप आहुजा, कमल गंभीर, अशोक छाबड़ा, डॉ. अतुल गर्ग और नरेश मोंगिया .आशु नंदा, महक दिवान, डा.अंजू गुप्ता, डा.अतुल गुप्ता, कमल, सुरेंद्र, पवन, पंकज, नरेश मौंगिया, अनमोल, धीरज, अरूण, हेमेंत निरमाणी, कृष्ण लाल, चमन गुलाटी, पूर्व पार्षद अंजली शर्मा, डा.रामनाथ मोंगा, दयानंद खुंगर व दलीप आहूजा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। मंच संचालन वेद बांगा ने किया।

# मनोहर लाल का स्वागत करने हजारो की संख्या में घरौंडा जाएंगे कार्यकर्ता

## विधायक प्रमोद विज के कार्यालय में आयोजित की गयी कार्यकर्ताओं की बैठक



**कमाल हुसैन**
**पानीपतः** पानीपत शहरी विधानसभा के भाजपा विधायक प्रमोद विज के कार्यालय में शहरी विधानसभा के कार्यकताओं की बैठक का आयोजन बीते रविवार को किया गया, बैठक का आयोजन 19 मार्च को करनाल के घरौंडा में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने के बाद प्रथम आगमन पर आयोजित स्वागत समारोह को सफल बनाने हेतु किया गया, मनोहर लाल के स्वागत समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा भी सम्मिलित होंगे एवं लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकताओं का उत्साह वर्धन भी करेंगे क कार्यकर्ता बैठक मे सांसद संजय भाटिया ने भी सम्मिलित होकर कार्यकताओं का उत्साह वर्धन किया एवं स्वागत समारोह को एतिहासिक बनाने की अपील की, वही विधायक प्रमोद विज ने सांसद और जिला अध्यक्ष को कार्यकताओं की ओर से आश्वासन देते हुए कहा कि पानीपत शहरी विधानसभा से हजारों की संख्या मे कार्यकर्ता 19 मार्च को घरौंडा पहुच कर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और करनाल लोकसभा के प्रत्याशी मनोहर लाल का स्वागत करेंगे एवं शहरी विधानसभा के प्रत्येक बूथ पर भाजपा को विजय दिलाने हेतु अपना दिन रात एक करेंगे क जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भी शहरी विधानसभा के कार्यकताओं से स्वागत समारोह को सफल बनाने हेतु अपील की क इस अवसर पर अनिल मदान, प्राण रत्नाकर, रोशन महला एवं बैठक के संयोजक सुनील सोनी, वीरेंद्र तनेजा, विजय सहगल, नीरजा सिंगला, राजेश भारद्वाज, चेतन तनेजा, कमल गोस्वामी, जितेन्द्र रोड़, धर्मपाल चोपड़ा, सतीश मेहता, सन्नी सेठी, महेंद्र कत्याल पूर्व पार्षद अतर सिंह रावल, अशोक कटारिया, जसमेर शर्मा, रविन्द्र भाटिया, अश्विनी ढींगरा, अंजलि शर्मा,रविन्द्र नागपाल एवं समस्त सम्मानित जन उपस्थित रहे क

# गुरुमंत्र भंडारा के उपलक्ष में ब्लॉक स्तरीय नामचर्चा की



**कमाल हुसैन**
**पानीपतः** हरियाणा के जिला पानीपत के ब्लॉक पानीपत की साध संगत ने तहसील कैंप स्थित जद्दू राम धर्मशाला में एमएसजी गुरुमंत्र भण्डारा के उपलक्ष में ब्लॉक स्तरीय नामचर्चा की। नामचर्चा की शुरूआत ब्लॉक प्रेमी सेवक धर्मपाल ढींगड़ा इन्सां ने पवित्र नारा धन धन सतगुरु तेरा ही आसरा लगाकर व एमएसजी गुरुमंत्र भण्डारा की बधाई देकर की।नाम चर्चा में कविराज भाइयों ने पवित्र ग्रंथ से शब्द लगाकर साध संगत को निहाल किया। नामचर्चा की शुरूआत सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक की गई जिसमें ब्लॉक की संगत ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। हरियाणा प्रदेश के 85 मेम्बर सदस्य रमेश ढींगड़ा इन्सां ने बताया कि इस कलयुग के समय में ज्यादा से ज्यादा समय सतगुरु की भक्ति में लगाना चाहिए चलते फिरते बैठते काम धंधा करते हर समय सिमरन करते रहना चाहिए। रमेश ढींगड़ा इन्सां ने दरबार द्वारा चलाए जा रहे मानवता भलाई कार्य के बारे में संगत को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि हम सभी को संत डॉ गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां के वचनों पर अमल करते हुए मानवता भलाई कार्य करते रहना चाहिए।

# केजरीवाल को फिर भेजा समन

## आठ बार समन को नजरअंदाज कर चुके हैं दिल्ली सीएम केजरीवाल

**समन**

**8 सीएम को 21 मार्च को आने के लिए कहा गया है। ईडी केजरीवाल को आठ बार समन भेज चुकी है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 9वां समन भेजा है। सीएम को 21 मार्च को आने के लिए कहा गया है। इससे पहले ईडी केजरीवाल को आठ बार समन भेज चुकी है। लेकिन केजरीवाल एक बार भी ईडी के सामने पेश नहीं हुए। अब एक बार फिर समन भेजकर ईडी ने केजरीवाल को पूछताछ में शामिल होने के लिए कहा है।
पिछले समन पर पेश नहीं होने के मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट से केजरीवाल को जमानत मिली है। इससे पहले पिछसे साल 2 नवंबर, 21 दिसंबर और इस साल 3 जनवरी, 18 जनवरी, 2 फरवरी, 14 फरवरी और 22 फरवरी, 27 फरवरी और 4 मार्च को भी ईडी केजरीवाल को पूछताछ के लिए समन जारी कर चुकी थी। अदालत ने शनिवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में समन पर पेश न होने पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर दो शिकायतों में जमानत दे दी। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने कहा अपराध जमानती होने के कारण आरोपी अरविंद केजरीवाल को जमानत दी जाती है। अदालत ने ईडी को शिकायतों से संबंधित दस्तावेज केजरीवाल को सौंपने का भी निर्देश दिया। अदालत ने केजरीवाल की जमानत 15 हजार रुपये के निजी मुचलके व एक लाख रुपये के एक जमानत पर प्रदान की है। अदालत ने केजरीवाल को पेशी से भी छूट प्रदान करते हुए मामले की सुनवाई एक अप्रैल तय की है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष दो शिकायतें दायर की हैं, जिसमें मामले में उन्हें जारी किए गए कई समन को नजरअंदाज करने के लिए केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग की गई है।

### केजरीवाल को फर्जी मामले में तलब किया गया: आप

**हम** ईडी द्वारा दर्ज मामले से अनजान हैं। समन में डिटेल नहीं है। अरविंद केजरीवाल को इस फर्जी मामले में तलब किया गया है।' उन्होंने कहा कि ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स पीएम के गुंडे बनकर रह गए हैं। मोदी अपने गुंडों के माध्यम से चुनाव से पहले केजरीवाल को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रहे हैं। आतिशी ने कहा, दिल्ली जल बोर्ड के इस मामले के बारे में कोई नहीं जानता। ये समन इसलिए भेजा जा रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी को शक होने लगा है कि क्या वे एक्साइज मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर पाएंगे। अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के लिए एक बैकअप प्लान की शुरूआत की जा रही है।

भाजपा किसी न किसी तरह से केजरीवाल को जेल में डालना चाहती है, ताकि वे अपने प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार न कर सकें। आप नेता और दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा, 'अरविंद केजरीवाल कल कोर्ट गए थे। उन्होंने उन सभी बीजेपी नेताओं को जवाब दिया है जो बार-बार कह रहे थे कि अरविंद केजरीवाल कोर्ट और ईडी से भाग रहे हैं।

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने उनका (भाजपा नेताओं) मुंह बंद कर दिया है।'

### चुनाव से पहले केजरीवाल को गिरफ्तार करने की कोशिशः आप

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ईडी ने एक नया मामला खोल दिया है। आम आदमी पार्टी ने इस बारे में जानकारी दी है। इस मामले पर आप नेता और दिल्ली की मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें उन्होंने कहा कि केजरीवाल को कल शाम ईडी ने एक और मामले समन भेजा। अरविंद केजरीवाल को फर्जी मामले में तलब किया गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने एक साथ दो मामलों में समन भेजे हैं। पहला दिल्ली शराब नीति मामले में 9वां समन भेजा और दूसरा दिल्ली जल बोर्ड मामले में पहला समन भेजा गया है। ईडी ने केजरीवाल को जल बोर्ड वाले में मामले में 18 मार्च और शराब घोटाला मामले में 21 मार्च को बुलाया है। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी के मुताबिक दोनों समन लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के तीन घंटे बाद भेजे गए। मंत्री आतिशी ने कहा, 'दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को कल शाम ईडी द्वारा एक और समन मिला।

## ट्यूशन पढ़ाते वक्त बच्चियों से करता था अश्लील हरकत

**नई दिल्ली: उत्तर**-पश्चिम दिल्ली के अशोक विहार इलाके में ट्यूशन पढ़ाने के दौरान एक टीचर ने छह और सात साल की दो बच्चियों के साथ अश्लील हरकतें कर रहा था। यह सिलसिला कई माह तक चलता रहा। बच्चियों ने परिजनों को इसकी सूचना दी तो पुलिस से शिकायत की गई। परिजनों का बयान लेकर मासूमों की काउंसलिंग कराई गई। छानबीन के बाद पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से शिकायत होने की भनक लगते ही आरोपी फरार हो गया, पुलिस उसकी तलाश कर रही है।
आरोपी पिछले करीब नौ महीने से बच्चियों के साथ गंदी हरकत कर रहा था। पुलिस के मुताबिक, बच्चियां परिवार के साथ अशोक विहार इलाके में रहती हैं।

## ईडब्ल्यूएस श्रेणी में दाखिले का इंतजार

**चिंता**

**8 ईडब्ल्यूएस श्रेणी के दाखिले अब तक शुरू नहीं हुए हैं। ऐसे में अभिभावकों को चिंता बढ़ती जा रही है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** राजधानी के निजी स्कूल में नर्सरी दाखिले के शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के सामान्य श्रेणी में दाखिले संपन्न हो गए हैं। लेकिन, लंबे इंतजार के बाद ईडब्ल्यूएस श्रेणी के दाखिले अब तक शुरू नहीं हुए हैं। ऐसे में अभिभावकों को चिंता बढ़ती जा रही है। हालांकि, ऐसे में अभी भी कई स्कूलों में सीटें खाली हैं। वहीं, आर्थिक पिछड़ा वर्ग (ईडब्ल्यूएस), वंचित वर्ग (डीजी) व विशेष आवश्यकता वाले (सीडब्ल्यूएसएन) श्रेणी की सीटों पर दाखिला की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। नए सत्र के शुरू होने में एक माह से कम बचा है। अभी तक ईडब्ल्यूएस श्रेणी के दाखिले शुरू नहीं हुए हैं। इससे कई अभिभावक स्कूलों में जाकर ईडब्ल्यूएस श्रेणी दाखिले के लिए पूछताछ कर रहे हैं। बता दें कि निजी स्कूलों में 25 फीसदी सीट ईडब्ल्यूएस, डीजी और विशेष बच्चों की श्रेणी के लिए आरक्षित करने का प्रावधान है। शिक्षा निदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्कूलों से सीटों के मामले के बारे में आंकड़ें लिए जा रहे हैं, अधिकतर स्कूलों ने इस बारे में जानकारी दे दी है। इसे सूचीबद्ध किया जा रहा है। ईडब्ल्यूएस श्रेणी के दाखिला संबंधी दिशा-निर्देश व अधिसूचना जल्द जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस माह के अंत तक इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। वहीं, सरोजिनी नगर में रहने वाली मीना यादव ने बताया कि उनकी बेटी का दाखिला बीते वर्ष भी नहीं हो पाया था, वह चिंतित हैं कि कहीं इस बार भी उनका बेटी दाखिला से वंचित न रह जाए।

## 'केजरीवाल के पास अब सम्मान नहीं, सिर्फ समन बचा'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** शराब घोटाला मामले के अलावा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितता से जुड़े एक मामले में सीएम केजरीवाल को अलग से समन भेजा है। उन्होंने 18 मार्च को पेश होने के लिए कहा गया है। आम आदमी पार्टी ने इसे भाजपा का केजरीवाल की गिरफ्तारी का बैकअप प्लान बताया है। वहीं, इसके अलावा केजरीवाल को शराब घोटाला मामले में भी केजरीवाल को समन भेजा गया है। इस मामले में उन्हें 21 मार्च को पेश होने को कहा है। ईडी के समन को लेकर भाजपा ने केजरीवाल पर हमला बोला है।




भाजपा नेता बांसुरी स्वराज ने कहा, 'मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पढ़े लिखे हैं, उनका पूरा मंत्रिमंडल पढ़े लिखे लोगों का है। जांच शराब नीति मामले में हो रही है। अरविंद केजरीवाल की जवाबदेही बनती है और उन्हें बताना पड़ेगा कि आम आदमी पार्टी इतना भ्रष्टाचार क्यों कर रही है। समन भेजे जाने पर आपका यह दायित्व है कि आप उसका आदर करें और जवाब दें लेकिन आप जब भी समन का निरादर करते हैं तब आप एक नया अपराध कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने पिछले 8 समन का निरादर किया है।' वहीं, भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, 'अरविंद केजरीवाल के पास अब सम्मान नहीं, सिर्फ सम्मन है।


**साधा निशाना**

**8 आप जब भी समन का निरादर करते हैं तब आप एक नया अपराध कर रहे हैं: भाजपा नेता बांसुरी स्वराज**

## जियो टैगिंग से दोगुना संपत्तिकर जमा करने की तैयारी में निगम

**पारदर्शिता**

**8 निगम का मानना है कि इससे भ्रष्टाचार को रोकने और पारदर्शिता लाने में मदद मिलेगी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** निगम ने संपत्तियों की जियो टैगिंग से इस साल दोगुना संपत्तिकर जमा करने की तैयारी की है। निगम का मानना है कि इससे भ्रष्टाचार को रोकने और पारदर्शिता लाने में मदद मिलेगी। इसके जरिये करीब दो हजार करोड़ रुपये ज्यादा संपत्तिकर जमा करने का लक्ष्य रखा गया है। हाल ही में हुई सदन की बैठक में नेता सदन मुकेश गोयल ने संपत्तिकर से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में निगम को 2359.24 करोड़ रुपये संपत्तिकर के रूप में मिले थे। वित्तीय वर्ष 2023-24 में यह राशि बढ़कर 4300 करोड़ रुपये तक होने का लक्ष्य रखा गया है। विपक्ष करीब दो माह से संपत्तिकर के लिए हर साल लागू होने वाली आम माफी योजना लागू करने की मांग कर रहा है।
**यह होगा फायदाः** संपत्तियों की जियो टैगिंग का काम दिसंबर में शुरू हुआ।
पहले 50 दिनों में 15 लाख संपत्तियों की टैगिंग होनी थी, लेकिन तीन महीने बाद भी आधी संपत्ति का काम पूरा नहीं हुआ है।

## बेरहम बहू: बुजुर्ग महिला के साथ जानवरों की तरह मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** हौज खास के शाहपुर जट इलाके में 73 साल की एक बुजुर्ग महिला के साथ जानवरों की तरह मारपीट का मामला सामने आया है। बुजुर्ग सविता ने किसी और पर नहीं बल्कि अपनी बहू पर मारपीट कर जुल्म करने के आरोप लगाए हैं। हमले में बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से जख्मी हुई हैं, उनका अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से न लेते हुए बेहद हल्की धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बहू से जान बचाने की गुहार लगाई है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मामले की जांच करवाने की बात कर रहे हैं, उनका कहना है कि बुजुर्ग पर जुल्म करने वाले जो भी आरोपी हैं, उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार सविता (73) शाहपुर जट इलाके में रहती हैं। पुलिस को दिए बयान में पीड़िता ने बताया कि उनके बेटे की बहू देवकी कौशिक पिछले करीब तीन सालों उनके साथ झगड़ा और मारपीट कर रही थी। वह छोटी-छोटी बातों पर उनके साथ मारपीट करती है।

**केस दर्ज**

**8 बुजुर्ग सविता ने किसी और पर नहीं बल्कि अपनी बहू पर मारपीट कर जुल्म करने के आरोप लगाए हैं**

## कारोबारी के दरवाजे पर मिठाई के डिब्बे में रखे दो कारतूस और धमकी भरा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत विहार में बदमाशों ने कारोबारी के घर मिठाई के डिब्बे में कारतूस भिजवाकर दहशत फैला दी। डिब्बा खोलते ही उसमें दो कारतूस, गुलाब का फूल और धमकी भरा पत्र रखा था। पत्र में ने पीड़ित दीपक सतीजा (50) को जल्द ही जान से मारने की धमकी दी गई थी। इससे पीड़ित बुरी तरह घबरा गए। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। वसंत विहार थाना पुलिस मामला दर्ज कर सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की पहचान का प्रयास कर रही है। आशंका है कि वारदात में दीपक के किसी करीबी का हाथ हो सकता है। पुलिस के मुताबिक, दीपक सतीजा परिवार के साथ डी-ब्लॉक में रहते हैं। उनका लॉजिस्टिक के अलावा वेयर हाउस का कारोबार है। शुक्रवार को वे घर पर थे। इस बीच किसी ने डोर बेल बजाई। परिजनों ने दरवाजा खोला तो बैग रखा हुआ था। बैग खोला तो उसमें मिठाई का डिब्बा मिला जिसे खोलने पर दो कारतूस, गुलाब का फूल और धमकी भरा पत्र रखा था। इसकी सूचना वसंत विहार थाने को दी गई। फिलहाल इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि किसने पीड़ित के घर के दरवाजे पर बैग रखा। पुलिस को सीसीटीवी की फुटेज से सुराग मिले हैं, उसके आधार पर कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है।




## नशे में टल्ली दो बहनों ने थाने में किया हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** पटेल नगर में नशे में दो युवतियों ने बलेनो से होंडा सिटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि होंडा सिटी पूरी तरह घूमकर क्रेटा से टकरा गई। इसके बाद दोनों ने कार लेकर भागना शुरू कर दिया, लेकिन होंडा सिटी सवार पीछा करने लगा। कुछ दूर जाकर सड़क पर पिकेट लगी थी। दोनों युवतियां वहां फंस गईं। कार से उतरते ही दोनों गालियां देने लगीं। काफी देर चले हंगामे के बाद उन्हें थाने लाया गया तो उन्होंने यहां भी खूब बवाल काटा। महिला स्टाफ की मदद से किसी तरह दोनों शांत किया गया। बाद में होंडा सिटी सवार स्नेहिल सचदेवा (21) की शिकायत पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने दोनों कारों को कब्जे में ले लिया है। 27 और 24 साल की दोनों युवतियां गुरुग्राम की रहने वाली हैं। पुलिस के मुताबिक, बीबीए के छात्र स्नेहिल परिवार के साथ पटेल नगर में रहते हैं। देर रात करीब 11 बजे वह होंडा सिटी से घर लौट रहे थे। इस बीच ईस्ट पटेल नगर में बलेनो ने दायीं ओर से जोरदार टक्कर मार दी। कार पूरी तरह घूम गई और क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान स्नेहिल की कार क्रेटा से भी टकरा गई।

## मेट्रो फेज-4 पर नया अपडेट, स्टेशनों पर लगेंगे सोलर पैनल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) बिजली की बचत के लिए सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने में जुटा हुआ है। इसी क्रम में फेज चार के निर्माणाधीन कॉरिडोर के एलिवेटेड मेट्रो स्टेशनों पर सौर ऊर्जा के इस्तेमाल के लिए सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इसके लिए डीएमआरसी ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत 13.68 करोड़ की लागत से फेज चार के 27 स्टेशनों के छत पर सोलर पैनल लगाया जाएगा। जिससे 3.5 मेगावाट बिजली उत्पन्न होगी। मौजूदा समय में डीएमआरसी ने 142 जगहों पर लगे सोलर पैनल से प्रतिदिन 50 मेगावाट बिजली उत्पन्न करता है।



ये सोलर पैनल विभिन्न एलिवेटेड मेट्रो स्टेशनों व मेट्रो डिपो में लगाए गए हैं।
**मेट्रो परिचालन में भी हो रहा सौर ऊर्जा का इस्तेमालः** इससे प्रति डीएमआरसी रीवा सोलर पावर प्लांट से करीब 120 मेगावाट बिजली लेता है। इस तरह डीएमआरसी मेट्रो में करीब 35 प्रतिशत बिजली की जरूरतें सौर ऊर्जा से पूरा कर रहा है। सौर ऊर्जा का इस्तेमाल मेट्रो के परिचालन में भी हो रहा है। ताकि मेट्रो के परिचालन का खर्च कम हो सके।
**65.20 किलोमीटर होगी कुल लंबाईः** इसी क्रम में डीएमआरसी ने फेज चार के निमार्णाधीन स्टेशनों पर भी सोलर पैनल लगाने की पहल की है। फेज चार में तीन कॉरिडोर निमार्णाधीन है। जिसकी कुल लंबाई 65.20 किलोमीटर होगी और 45 स्टेशन होंगे। जिसमें से 27 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। इन एलिवेटेड स्टेशनों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे।

**सौर ऊर्जा**

**8 निर्माणाधीन कॉरिडोर के एलिवेटेड मेट्रो स्टेशनों पर सौर ऊर्जा के इस्तेमाल के लिए सोलर पैनल लगेंगे**

## दोस्ती कर 38 लाख रुपये ले उड़ा जालसाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** डाबड़ी इलाके में एक जालसाज ने पड़ोस में रहने वाले सार्जेंट अर्जुन चौरसिया से गहरी दोस्ती कर ली। दोस्ती इतनी गहरी थी कि आरोपी खुद को दुकानदार बताकर सामान खरीदने के लिए उनके क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करने लगा। उसने खर्च किए पैसे जमा भी कर दिए। जब पीड़ित को उस पर विश्वास हो गया तो जालसाज पीड़ित के कई कार्ड से 14 लाख रुपये निकाल कर परिवार सहित फरार हो गया। उसकी तलाश में पीड़ित जब उन लोगों के पास पहुंचा, जिनके पास उसका उठना बैठना था। वहां पता चला कि आरोपी एक शख्स से 16 तो दूसरे से 8 लाख रुपये लेकर फरार हुआ है। पुलिस धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है। अर्जुन चौरसिया परिवार के साथ राजापुरी इलाके में रहते हैं। वह पिछले 14 साल से पालम स्थित एयरफोर्स स्टेशन में बतौर सार्जेंट काम कर रहे हैं। उन्होंने 14 मार्च को डाबड़ी थाने में ठगी की शिकायत की, जिसमें बताया कि पिछले साल फरवरी में उनके पड़ोस में तमन कुमार टंडन नाम का व्यक्ति परिवार के साथ किराए पर रहने आया।

## हत्यारोपी 15 साल बाद पकड़ा गया

### रिश्तेदार के घर में छिपा हुआ था शख्स, दिल्ली पुलिस ने ढूंढ निकाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आनंद विहार इलाके में युवक की हत्या के मामले में फरार एक आरोपी को 15 साल बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी पर दिल्ली पुलिस ने 50 हजार का इनाम घोषित किया था। इस मामले में छह आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ अदालत ने 2014 में सजा सुनाई थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्पेशल सेल की ट्रांस यमुना परिक्षेत्र की टीम को हत्या, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली, डकैती, कार लूट के मामलों में शामिल वांछित और इनामी अपराधियों को पकड़ने का काम सौंपा गया था। सुनील तेवतिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बदमाशों पर निगरानी रखनी शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस को पता चला कि 2009 में आनंद विहार में एक युवक की हत्या हुई थी। इस मामले में शामिल आरोपी संजय सिंह 15 साल से फरार है। पुलिस आरोपी संजय की तलाश में जुट गई। टीम दिल्ली, यूपी, बिहार और गुजरात सहित कई राज्यों में उसके बारे में जानकारी हासिल कर रही थी। कई दिनों की निगरानी के बाद एएसआई वीरेंद्र को आरोपी के बिहार के बक्सर जिले में छिपे होने की जानकारी मिली।

पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी संजय सिंह को बिहार के बक्सर के एक गांव से गिरफ्तार कर लिया।
वह अपने एक रिश्तेदार के घर में छिपा हुआ था।
**एक अन्य आरोपी को अपराध शाखा ने पकड़ाः** इसी मामले में फरार एक अन्य आरोपी को अपराध शाखा ने पटना से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पटना निवासी धर्मवीर के रूप में हुई है।

**सफलता**

**8 आरोपी पर दिल्ली पुलिस ने 50 हजार का इनाम घोषित किया था। इस मामले में छह आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं**

## दिल्ली में खुला पहला सीएए सहायता केंद्र, मिलेगी मदद

### विहिप देशभर में सीएए सहायता केंद्र खोलेगा, अभी पहला केंद्र दिल्ली के आदर्श नगर में खोला गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) दिल्ली प्रांत के सेवा आयाम की ओर से पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थी बस्ती आदर्श नगर में भारतीय नागरिकता कानून (सीएए) सहायता केंद्र का आरंभ किया गया है। विहिप के प्रांत मंत्री सुरेंद्र गुप्ता ने इस सहायता केंद्र के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सीएए कानून आने के बाद हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता दिलाने में मदद के लिए सीएए सहायता केंद्र खोले जा रहे हैं।
**आदर्श नगर में खोला गया पहला केंद्रः** विहिप देशभर में सीएए सहायता केंद्र खोलेगा। अभी पहला केंद्र दिल्ली के आदर्श नगर में खोला गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पांच सीएए सहायता केंद्र खोले जाएंगे। आदर्श नगर, भाटी माइंस, मजनू का टीला, रोहिणी सेक्टर 11 और झंडेवालान में सीएए सहायता केंद्र खोले जाएंगे।




उन्होंने कहा कि दिल्ली में 30 हजार शरणार्थी नागरिकता के लिए आवेदन आ सकते हैं। इनमे पाकिस्तान से आने वाले हिंदू, बलूचिस्तान से आने वाले बलूची और अफगानिस्तान से आने वाले सिख शरणार्थी शामिल हैं। हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता मिल सके, इसलिए सहायता केंद्र में हर संभव मदद की जाएगा। उन्होंने कहा कि सहायता केंद्र में बताया जाएगा कि हिंदू शरणार्थियों की नागरिकता के आवेदन के लिए कौन-कौन से दस्तावेज की जरूरत है, सारे दस्तावेज होंगे तो उनका इंटरनेट आवेदन करेंगे। अगर दस्तावेज नहीं बने हैं तो कैसे बनेंगे, कहां जाना है, क्या करना है, सबकुछ बताया जाएगा। सीएए सहायता केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर विहिप दिल्ली प्रांत के सह सेवा प्रमुख अनिल भारद्वाज, विभाग मंत्री राजीव, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुद्धि राजा, जिला सह मंत्री प्रेम शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष राकेश जुनेजा सहित विहिप के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**केंद्र**

**8 सीएए कानून आने के बाद हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता दिलाने में मदद के लिए सीएए सहायता केंद्र खोले जा रहे**

# पीली-नीली ध्वजों के साथ जमकर झूमे श्याम भक्त

## श्याम की पीली ध्वजा लिए हुए हजारों भक्तों के चुलकान गांव स्थित श्री श्याम बाबा मंदिर पहुंचने के साथ ही श्याम फाल्गुन महोत्सव विधिवत शुरू हुआ

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**हाथों** में श्याम की पीली ध्वजा लिए हुए हजारों भक्तों के चुलकान गांव स्थित श्री श्याम बाबा मंदिर पहुंचने के साथ ही श्याम फाल्गुन महोत्सव विधिवत्त शुरू हो गया। समालखा शहर और चुलकाना धाम में हर तरफ श्याम का नाम ही गुंजायमान होता रहा। चाहे कोई छोटा हो या बड़ा, अमीर हो या गरीब हर कोई पीला निशान, बाबा के नाम, मैं तो श्याम के रंग में रंग जाऊं के जयघोष के साथ पैदल, नंगे पांव वाहनों पर बाबा के दरबार में पहुंचकर दर्शन किए।



श्याम फाल्गुन महोत्सव में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। बाबा के भक्त हाथों में श्याम निशाना पीली पताका लेकर पैदल, वाहनों पर मंदिर में पहुंचे। समालखा से चुलकाना धाम की करीब चार किलोमीटर तक पूरा रास्ता श्याम नाम के रस में डूबा हुआ प्रतीत हुआ। तो दूसरी तरफ जीटी रोड के दोनों तरफ पदयात्रा कर आने वाले भक्तों की कतारें देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर पहले पवित्र सरोवर में स्नान किया और उसके बाद बाबा के दर्शन किए।

बाबा को अर्पित किए श्याम निशान- पीली ध्वजा रूपी श्याम निशान लेकर मंदिर पहुंचे भक्त लम्बी कतारों में लगे रहे और और उसके बाद उन्होंने बाबा को श्याम निशान अर्पित किए। भक्तों का मानना है कि बाबा का निशान भेंट करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

हर तरफ पीली पताका, श्याम की धून- श्याम के दर्शन के लिए आने वाले भक्त हाथों में पीली पताका लिए हुए थे और शहर में भी दुकानों पर जगह-जगह पीले झंडे वातावरण को मनोहरी बना रहे थे। भक्त टोलियों बनाकर भी चल रहे थे तो कई ढोल नगाड़े, डीजे पर गुलाल उड़ाते हुए बाबा के भजनों पर झूम रहे थे। पदयात्रा में पानीपत से दीपक भी बच्चे के वाकर में लड्डू गोपाल को लेकर बाबा के दर्शन करने पहुंचे।

**बाबा के दर पर**

> 8 हर कोई पीला निशान, बाबा के नाम, मैं तो श्याम के रंग में रंग जाऊं के जयघोष के साथ पैदल चल रहा था

जगह-जगह भंडारे लगाए- मंदिर में दर्शन करने जाने वाले भक्तों के लिए स्थानीय लोगों, विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा जगह-जगह भंडारे लगाकर लोगों को पीने का पानी, कोल्डड्रिंक, भोजन आदि वितरित किया गया। इसमें महिलाएं और बच्चे भी सेवा करने में पीछे नहीं रही। वाहनों को रोककर भी उन्हें प्रसाद दिया जा रहा था।

व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस रही मौजूद- मंदिर में भक्तों की संख्या को देखते हुए प्रशासन द्वारा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस के विशेष प्रबंध किए गए थे। पुलिस कर्मी मुस्तैदी से काम करते दिखे वहीं मंदिर कमेटी के सदस्य भी व्यवस्था बनाने में लगे रहे। समालखा शहर में भी पुराने बस अड्डे पर पुलिस कर्मी यातायात सुचारू करने में लगे रहे।

## न्यूज फ्लैश

### वर्ष 2024 के प्रस्तावित कलैक्टर रेट को लेकर जिलावासी 30 मार्च तक जमा करवा सकते हैं सुझाव व आपत्तियां-उपायुक्त

**सोनीपत:** उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने कहा कि वर्ष 2024 के अंतर्गत सोनीपत जिला के कलैक्टर निर्धारित किए जाने है, जिनके प्रस्तावित कलैक्टर रेट जिला की वैबसाईट में पब्लिक डोमैन पोर्टल पर अपलोड किए गए है। उन्होंने कहा कि वेबसाईट पर अपलोड वर्ष 2024 के कलैक्टर रेटों से संबंधित किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति या सुक्षाव देना है तो 30 मार्च तक जिला राजस्व अधिकारी कार्यालय, संबंधित तहसीलदार या नायब तहसीलदार कार्यालय में जमा करवा सकता है।

### 9 ग्राम हेरोइन सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**



एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने उक्त हेरोइन कमीशन पर बेचने के लिए गांधी कॉलोनी निवासी आकाश से लेकर आने बारे स्वीकारा। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया आकाश उसको हेरोइन सप्लाई करने के लिए एक दिन के 1 हजार रुपए कमीशन देता है। पुलिस ने थाना माडल टाउन में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पूछताछ के बाद आरोपी अरूण को रविवार को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। नशा सप्लायर आरोपी आकाश को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि शनिवार देर शाम उनकी टीम गशत व जांच पड़ताल के दौरान माडल टाउन में मदान हॉस्पिटल के पास मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की गांधी कॉलोनी निवासी अरूण ईदगाह रोड पर गौरी शंकर मंदिर के पास मादक पदार्थ बेचने के लिए आएगा। पुलिस टीम सूचना को पुख्ता मानते हुए ईदगाह रोड पर मंदिर के पास नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात एक युवक गांधी कॉलनी की और से पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने पुलिस टीम को देखकर वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने मौके पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अरूण पुत्र मुकेश निवसी गांधी कॉलनी के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट ईटीओ सुनील ढूल की उपस्थिति में युवक की तलाशी ली तो पहनी हुई पेंट की जेब से हेरोइन बरामद हुई। बरामद हेरोइन का वजन करने पर 9 ग्राम पाया गया।

### ढाबे पर युवक की पीट पीटकर हत्या करने मामले में आठवां आरोपी गिरफ्तार

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

थाना समालखा पुलिस ने करहंस गांव के पास स्थित ढ़ाबे पर युवक की पीट पीटकर हत्या करने मामले में आठवे आरोपी को समालखा पुराना बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान अमन उर्फ लीला निवासी पट्टीकल्याणा के रूप में हुई। थाना समालखा प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले पकड़े जा चुके अपने 7 साथी आरोपियों के साथ मिलकर हत्या की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी अमन को रविवार को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया की थाना समालखा पुलिस ने गत दिनों उक्त वारदात का पदार्फास कर आरोपी दीपक उर्फ डीके व अंशु निवासी जौरासी खालसा, अश्वनी निवासी चुलकाना, पवन व राहुल निवासी पट्टीकल्याणा, मनीष व अजय निवासी करहंस को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपियों ने अपने साथी आरोपी अमन उर्फ लीला निवासी पट्टीकल्याणा के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दो लोहे की पाइप व तीन बाइक बरामद के सातों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद वारदात में शामिल फरार आरोपी अमन उर्फ लीला की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि थाना समालखा में करहंस निवासी हरिचंद ने शिकायत देकर बताया था कि 15 फरवरी की देर शाम वह भतीजे नवीन व दोस्त अंकित के साथ नवीन की कार में सवार होकर गांव के नजदीक हांडी स्पाइसी ढाबा पर खाना खाने के लिए गए थे। ढाबा पर पहुचनें के बाद अंकित कार में ही बैठा रहा और उसने व नवीन ने नीचे उतर कर खाना पैक करने का आर्डर दिया। आर्डर देकर दोनों कार के पास खड़े होकर बातचित करने लगे।

# आम चुनाव-2024 के लिए आदर्श आचार संहिता लागू

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है, इसकी अनुपालना दृढ़ता से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में सबसे पहले राजनीतिक पार्टियों और सरकार की उपलब्धियों से सम्बन्धित प्रचार-प्रसार सामग्री को शीघ्र हटवाएं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार राजनैतिक पार्टियों से सम्बन्धित सरकारी संपत्तियों पर प्रचार-प्रसार की सामग्री बसों व सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक तथा निजी स्थानों से हटवाना आवश्यक है। सम्बन्धित अधिकारियों को प्रचार-प्रसार सामग्री हटवाने के बाद प्रमाण पत्र भी देना होगा। इस कार्य में लापरवाही न बरती जाए।

**दिशा-निर्देश**

> 8 सरकार की उपलब्धियों और राजनैतिक दलों से सम्बन्धित प्रचार-प्रसार सामग्री को शीघ्र हटवाएं

# सहायक निर्वाचन अधिकारियों ने ली बैठक

## अपना स्टेशन मेनटेन करें, ऑनलाईन शिकायत मिलते ही निर्धारित समयावधि में करें समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** सहायक निर्वाचन अधिकारियों एसडीएम अमित कुमार व डीआरओ हरिओम अत्री ने सोनीपत तथा राई विधानसभा क्षेत्रों के लिए गठित की गई एफएसटी और एसएसटी टीमों की संयुक्त बैठक लेते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान विशेष रूप से निर्देश दिए गए कि सभी अधिकारी अपना स्टेशन मेनटेन करें। जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति के बिना कोई भी अपना स्टेशन न छोड़ें। लघु सचिवालय में सोनीपत और राई विधानसभा क्षेत्रों की फलाईंग स्कवायड टीम (एफएसटी) तथा



स्टेटिकल सर्विलांस टीम (एसएसटी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सोनीपत विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी एसडीएम अमित कुमार तथा राई के सहायक निर्वाचन अधिकारी डीआरओ हरिओम अत्री कर रहे थे। एसडीएम अमित कुमार ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए कि वे चुनाव के दौरान अपना स्टेशन न छोड़ें। सहायक निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने कहा कि लोकसभा के आम चुनावों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, जिसके चलते गठित एफएसटी व एसएसटी टीमों की ड्यूटी भी प्रारंभ हो गई है। इसलिए एफएसटी व एसएसटी टीमें सक्रिय होकर अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी व मुस्तैदी के साथ करें। उन्होंने निर्देश दिए कि ईएसएमएस और सी-विजिल ऐप इत्यादि ऐप्स तुरंत अपने मोबाईल फोन में डाउनलोड करके अपनी आईडी बनवायें। सहायक निर्वाचन अधिकारी हरिओम अत्री ने कहा कि चुनाव के दौरान ऐप्स पर शिकायतें आएंगी, जिनका निवारण चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समयावधि में करना होगा। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए कोई स्थान नहीं है।

# जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत सुखबीर ने जीतगढ़ रामनगर का किया दौरा

**कमाल हुसैन**

**पानीपत :** आम आदमी पार्टी द्वारा शुरू जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत आज सुखबीर सिंह मलिक और उनकी टीम ने गांव जीतगढ़ रामनगर का दौरा किया एवम लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। उनको आम आदमी पार्टी की विचारधारा से अवगत करवाया ।

बढ़ती हुई मंहगाई के दौर मे आपके हक की मूलभूत सुविधाओं शिक्षा स्वास्थ्य बिजली पानी महिला सुरक्षा आदि के बारे मे जानकारी दी। ग्राम सचिव ग्राम अध्यक्ष को बूथ मैनेजमेंट करने के लिए सुखबीर मलिक ने अधिकृत किया आम आदमी पार्टी का ग्राफ दिन-ब-दिन बढ़ रहा है पूरे हरियाणा में आम आदमी पार्टी का संगठन सवा लाख कार्यकताओं से अधिक है। जो दिन रात



मेहनत कर रहे हैं। मूलभूत सुविधाएं बिजली पानी शिक्षा स्वास्थ्य महिला सुरक्षा पर लोगों से चर्चा कर रहे हैं। सुखबीर मलिक ने गांव की जनता से अपील की महंगाई और बेरोजगारी से निजात पाने के लिए इस बार लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट करें। हरियाणा में 10 की 10 सीट्स इंडिया गठबंधन को जितवाने की अपील की। आम आदमी पार्टी की मूलभूत सुविधाएं लोगों को महंगाई के दौर में पसंद आ रही है। लोग दिल्ली में पंजाब की तरह हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार चाहते हैं।

गांव जीतगढ़ रामनगर से रामनगर जीत गढ़ के नाम रणबीर जगदीश कुमार रामलाल गुलाब सिंह डॉ रामचंद्र अनिल कुमार सत्यवान सैनी पवन कुमार बलवान सिंह रामपाल सतपाल लाल महेंद्र सिंह

राजवीर जोगिंदर रघुवीर सिंह राजवीर सिंह, व अन्य साथियों ने आम आदमी पार्टी की नीतियों को पसंद किया और आने वाले लोकसभा चुनाव में समर्थन देने का वादा किया। लोगों ने आम आदमी पार्टी में अपनी निष्ठा दिखाई और पार्टी के लिए काम करने का आश्वासन दिया इस मौके पर प्रदेश सह सचिव सुखबीर मलिक और उनकी टीम मे प्रदेश सह सचिव राजकुमार मुंडे प्रदेश सह सचिव, सर्किल इंचार्ज कर्मवीर जाटल होशियार सिंह मुकेश शर्मा(जिला अध्यक्ष सोशल मीडिया)संदीप मनचंदा उनके साथ थे।

**जिम्मेवारियां**

> 8 ग्राम अध्यक्ष और ग्राम सचिव को सुखबीर मलिक ने बूथ मैनेजमेंट की जिम्मेवारियां दी

# स्वयंसेविका मोनिका को मिला बेस्ट वोल्यूंटियर का अवार्ड

**सोनीपतः** जीवीएम गर्ल्ज कालेज की एनएसएस इकाई के शिविर के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में एमडीयू रोहतक के एनएसएस के कोर्डिनेटर डा. तिलकराज ने कर्मठ व प्रतिभाशाली छात्रा मोनिका को बेस्ट वोल्यूंटियर तथा खुशी को बेस्ट कैंपर के अवार्ड से सुशोभित किया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने भी अवार्ड विजेता छात्राओं के साथ शिविर के सफल आयोजन की बधाई दी। जीवीएम की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी प्राध्यापिका रूचिका विरमानी के कुशल नेतृत्व में इकाई का सात दिवसीय आवासीय शिविर कामी गांव में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# गांव महलाना में लगाया रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः जनहित** अभियान फाउंडेशन व सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के द्वारा गांव महलाना में लगाया रक्तदान शिविर। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्टेट अवॉर्डी हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह ने किया शिविर का उदघाटन। समाज सेवी संस्था सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया से सुरेश वत्स ने अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से सभी को इम्यूनिटी बूस्टर किट भेंट की। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया की आज के रक्तदान शिविर में 35 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। सहयोगी सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट इस अवसर पर रेडक्रोश के पूर्व अधिकारी धर्मवीर दहिया,पहलवान हवा सिंह



अंतिल, मास्टर पूर्ण सिंह ,रविंद्र हुडा, राजेश दहिया, प्राध्यापक राजेश सैनी, काला, सोनू,विकास, सुनील दहिया उपस्थित रहे।

# 'भाजपा ने चंदे की वसूली के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए'

**हिसार :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने हिसार लोकसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न बैठकों में हिस्सा लेकर अपनी विचारधारा व भावी योजनाओं से जनता को रूबरू करवाया। उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड के संदर्भ में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने चंदे की वसूली के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड उसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों व व्यवसायियों पर विभिन्न माध्यमों से दबाव बनाकर इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा ने मोटा चंदा वसूल किया है।

# सबकी मनोकामना पूर्ण करते हैं बाबा श्यामः संजय

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः** बाबा श्याम जी भगवान कृष्ण के अवतार हैं। निर्बल और हारे हुए को सहारा देने वाले बाबा श्याम सबकी मनोकामना पूर्ण करते हैं उक्त बातें भाजपा नेता संजय छौक्कर ने श्री श्याम सखा परिवार पट्टीकल्याणा द्वारा निकाली गई भव्य श्री श्याम निशान पदयात्रा का स्वागत करते हुए कही। उन्होंने कहां सदियों से बाबा श्याम हारे तथा निर्बल लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा के स्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के अवतार बाबा श्याम वर्तमान युग में हर जरूरतमंद और सहारे की उम्मीद रखने वाले शख्स का भला करते हैं। उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें



अपने जीवन में समाज तथा राष्ट्र के उत्थान के लिए काम करने का संकल्प लेना चाहिए, तभी हम अपने नागरिक कर्तव्य को बेहतर तरीके से निभा पाएंगे। इस अवसर पर श्री श्याम सखा परिवार के सदस्यों ने संजय छौक्कर को श्याम बाबा की तस्वीर भेंट की ओर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की जीतांसु मित्तल,किरण भगत, पालू भगत ने बताया श्याम सखा परिवार हर वर्ष फागुन के महीने में निशान पदयात्रा निकलता है यह यात्रा गांव पट्टीकल्याणा से शुरू होकर समालखा बाजार से होते हुए चुलकाना धाम पहुंचती है सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होते है और चुलकाना धाम पहुंच कर सभी की सुख समृद्धि की कामना करते है।

**श्याम बाबा**

> 8 यह यात्रा गांव पट्टीकल्याणा से शुरू होकर समालखा बाजार से होते हुए चुलकाना धाम पहुंचती है

# केयू स्टार इलेवन बनी टी-20 श्रृंखला की चैम्पियन, एडमिन प्लेयर्स को 47 रनों से दी मात

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्रः** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में रविवार को टी-20 श्रृंखला का फाइनल मैच जीतकर केयू स्टार इलेवन चैम्पियन बनी। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव विनोद वर्मा ने टॉस उछालकर मैच का शुभारम्भ करते हुए कहा कि खेल आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। इस अवसर पर उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को टीम भावना व अच्छा खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया।

एडमिन प्लेयर्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए केयू स्टार इलेवन की



ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए अजय यादव ने 35 गेंदों में 7 चौके व 1 छक्का लगाकर 55 रनों व विजय जांगड़ा ने 39 गेंदों में 5 चौके व 1 छक्का लगाकर 45 रनों की नाबाद पारी खेली। हेमंत सिंगला ने 28 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए एडमिन प्लेयर्स की टीम 127 रन ही बना सकी। एडमिन प्लेयर्स के कप्तान पवन शर्मा ने 52 रनों की पारी खेली। केयू स्टार इलेवन की ओर से कपिल थापा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में मात्र 9 रन देकर 2 विकेट, उपकप्तान शमशेर चौहान ने 22 रन देकर 2 व कप्तान अरविन्द श्रीवास्तव ने 2 विकेट झटके। मैच में अम्पायर की भूमिका सुशील यादव व पंकज जांगड़ा ने निभाई।

इस अवसर पर सहायक कुलसचिव विनोद वर्मा, खेल शिक्षक संदीप चौहान, केयू स्टार इलेवन के खेल कोच गणेश रावत, अधीक्षक सतनारायण, अंशुल शर्मा, हरिश गैरोला, राजकुमार सहित खिलाड़ी एवं दर्शक मौजूद रहे।

**खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर किया सम्मानितः**

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में आयोजित फाइनल मैच जीतने के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि कुवि के सहायक कुलसचिव विनोद वर्मा तथा स्कूल के खेल शिक्षक संदीप चौहान द्वारा विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी तथा उपविजेता का मैडल देकर सम्मानित किया गया।

केयू स्टार इलेवन के खेल कोच गणेश रावत ने सभी खिलाड़ियों को जीत की बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत एवं परिश्रम का फल है।

**प्रतियोगिता**

> 8 सेकेंडरी मॉडल स्कूल में रविवार को टी-20 श्रृंखला का फाइनल मैच जीतकर केयू स्टार इलेवन चैम्पियन बनी

# आदर्श एक विश्वास सोसायटी ने 56वाँ मेडिकल जांच कैम्प व नेत्र जाँच शिवर का किया आयोजन

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः** गुरुद्वारा बाबा जोधसचियार आसन कलाँ के प्रांगण में आदर्श एक विश्वास सोसायटी के द्वारा 56वाँ मेडिकल जांच कैम्प व नेत्र जाँच शिवर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कपिल अनेजा ० अनेजा परिवार के द्वारा स्० नारायण दास अनेजा की याद में किया गया। बाबा जोध सचियार से भाई सतनाम सिंह ने मेडिकल कैम्प का शुभारंभ किया गया । कैम्प में मुख्यरूप से डॉ सुनील मेहता डॉ परम शिव गौड़ (नेत्र रोग )की टीम से डॉ जोत सिंह राजा ० गुलशन अरोड़ा के द्वारा



उपस्थित 278 से अधिक मरीजो के स्वास्थ्य की जाँच गई ० सभी मरीजो को दूर ० पास के नजर के चश्मे ० दवाईया उपलब्ध करवाई गई। आदर्श एक विश्वास से नवीन मुंजाल,गौरव तागरा,अंकित शर्मा, संदीप अरोड़ा, अशोक कनोजिया, राहुल डुडेजा,अशोक कालडा, कशिश ढिंगरा, राकेश राजपूत मुख्यरूप से उपस्थित रहे।

# बाबा कॉलोनी में यादव महासंघ दिल्ली ने किया होली मिलन समारोह आयोजित









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के बुराड़ी इलाके के बाबा कॉलोनी स्थित शिवम गार्डन में यादव महासंघ दिल्ली के द्वारा होली मंगल मिलन समारोह का भव्य रूप में आयोजन किया गया। इस मौके पर बिरहा गायको ने अपने मधुर स्वरों से कार्यक्रम में समां बांधा। इस अवसर पर बुराड़ी क्षेत्र के विधायक संजीव झा ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज यादव महासंघ दिल्ली के द्वारा बडे ही भव्य रूप में कार्यक्रम किया गया है। मैं इसके लिए सभी को बधाई देता हूं। इस मौके पर विधायक संजीव झा, सुरभि मनोज तिवारी, पार्षद अनिल त्यागी, पार्षद गुलाब सिंह राठौर, रूबी धर्मेंद्र रावत पार्षद, गगन चौधरी पार्षद, पूर्व पार्षद अजय शर्मा, आम आदमी पार्टी प्रदेश प्रवक्ता नरेन्द्र सोनी, अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव, राष्ट्रीय महासचिव जीडी यादव, अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनीष यादव, आरएस यादव, भानूश्री यादव, सपा नेता सत्यनारायण यादव के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का यादव महासंघ दिल्ली के पदाधिकारियों ने भव्य रूप में स्वागत किया।

इस दौरान सभी ने फूलों की होली खेली और एक दूसरों को होली की बधाई दी। इस अवसर पर अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने कार्यक्रम के आयोजको को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और सभी को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रामनरेश यादव, जय प्रकाश यादव, श्रवण यादव, राजबहादुर यादव, असित यादव, अरूण यादव, सचिन यादव, सन्नी उपाध्याय, रत्नाकर पांडेय प्रवीन यादव, राजीव यादव, प्रेम कुमार, डॉ. गायत्री यादव, देवी यादव, बबिता यादव, दौलत यादव, राधा यादव, तारा यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।





# विभागीय लापरवाही से सर्विस रोड़ पर गंदगी का माहौलः जिंदल

## सरकार को जनता की समस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान देना चाहिएः हरीकिशन जिंदल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राजधानी दिल्ली में कई ऐसे सर्विस रोड़ है, जिन पर कूड़े का ढ़ेर होने की वजह से लोग भी उस रोड़ का कम ही प्रयोग करते है।

कुछ ऐसा ही हाल इन दिनों सराय पीपल थला जीटी करनाल रोड़ जो आजादपुर मंडी के पीछे वाला सर्विस रोड़ है उसका होता जा रहा है। इस सर्विस रोड़ पर जगह-जगह गंदगी का मौहाल है।

इस संदर्भ में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिंदल ने बताया कि जीटी करनाल रोड़ सराय पीपल थला सर्विस रोड़ पर जगह-जगह गंदगी का ढ़ेर है, जिसके चलते यहां से गुजरने वाले लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना



पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि गंदगी और सड़न इतनी ज्यादा है कि लोगों को मुंह पर रूमाल रख कर यहां से गुजरना पड़ रहा है।

कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिंदल ने संबंधित विभाग से मांग करते हुए कहा कि सर्विस रोड़ पर जगह-जगह गंदगी का मौहाल है और जगह-जगह आप कूड़े का ढ़ेर भी देख सकते है, इसलिए मेरी संबंधित विभाग से मांग है, इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाये।

उन्होंने सरकार से मांग करते हुए बताया कि सरकार को जनता की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए, जिससे की जनता को परेशान न होना पड़े।

# निगम पार्षद श्वेता कमल खत्री को मातृ शोक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** नरेला वार्ड से निगम पार्षद श्वेता कमल खत्री की माताजी (सास) का निधन शनिवार को हो गया, जिनका अंतिम संस्कार श्मशान घाट सबौली रोड़ पर किया गया। इस मौके पर पूरा खत्री परिवार के साथ-साथ वार्ड के लोग भी मौजूद रहे। लोगों ने खत्री परिवार को इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया।

लोगों ने कहा कि माताजी बड़ी नेकदिल इंसान थी और हर किसी के सुख-दुख में शामिल होती थीं। उनका इस तरह चले जाना खत्री परिवार के लिए बड़ा आघात है, जिसे भरना नामुमकिन है। ईश्वर



पुण्यआत्मा को अपने चरणों में स्थान दें। इस मौके पर भारी संख्या में परिवार के साथ वार्ड वासी के साथ दूर-दूर से लोग खत्री परिवार के साथ खड़ा नजर आया।

# गरीबों व असहायों की मदद के लिए सभी आये आगेः डॉ. विपिन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** वीआईपी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल ने कहा कि हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम असहाय व गरीब की सहायता करें। उन्होंने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए, क्योंकि पौधारोपण बहुत ही ज्यादा जरूरी है। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है।

उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेवारी है



की हम अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधे लगाये और उस पौधे की रक्षा भी करें। पेड़-पौधों लगाने से वातावरण भी सुगंधित रहता है और क्षेत्र में हरियाली रहती है, इसलिए सभी अधिक से अधिक पौधे लगाये।

# शिवाजी कॉलेजः एनसीसी इकाई ने मनाया वार्षिकोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** शिवाजी कॉलेज एनसीसी यूनिट ने अपने वार्षिक एनसीसी महोत्सव लक्ष्य 2024 का आयोजन किया। एडीजी मेजर जनरल एस.पी. विश्वास राव और ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर देबाशीष चौधरी इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इस कार्यक्रम में एनसीसी से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं में कैडेटों ने दिन भर भाग लिया। महोत्सव में दिल्ली के विभिन्न कॉलेजों के 600 से अधिक कैडेटों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कैडेटों का उत्साह काफी ऊंचा था। एडीजी ने कैडेटों को अमृत काल में एनसीसी कैडेटों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए संबोधित किया और बताया कि एनसीसी कैडेट 2047



तक विकसित भारत के निर्माण में कैसे योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कैडेट के जीवन में अनुशासन की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं के करियर को आकार देने में सोशल मीडिया के उपयोग पर भी प्रकाश डाला। ब्रिगेडियर. डी. चौधरी ने कैडेटों को जीवन में ऊंचे लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित किया। शिवाजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर वीरेंद्र भारद्वाज ने छत्रपति शिवाजी का उदाहरण देकर देशभक्ति की भावना की सराहना की और कैडेटों से शिवाजी महाराज के जीवन और समय से सीखने का आग्रह किया। कार्यक्रम में 2 दिल्ली बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल संजय सेठी और 7 दिल्ली गर्ल्स बटालियन की कमांडिंग ऑफिसर मेजर सुबोध शानवाल भी मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. राजिंदर सिंह और लेफ्टिनेंट डॉ. दीप्ति के मार्गदर्शन में किया गया।

# 'रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** साहू समाज एकता समिति के अध्यक्ष गिरीश कुमार साहू ने कहा कि रक्तदान से आप किसी की जान को बचा सकते हैं, बुरे वक्त में किसी के काम आ सकते, जो आपके दिल और दिमाग को अलग ही खुशी देता है।

इसलिए मेरी सभी से अपील है कि सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित



करें। रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है।

# सुजीत ठाकुर ने भाजपा झुग्गी-झोपड़ी अभियान के तहत लोगों को किया गया जागरूक









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-झोपड़ी अभियान के तहत चांदनी चौक लोकसभा के शालीमार बाग विधानसभा के एकता कैंप, पीतमपुरा सेवा बस्ती के प्रमुख के साथ बैठक की गई। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-झोपड़ी अभियान के सहसंयोजक व पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने किया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-झोपड़ी अभियान के संयोजक एवम पूर्वांचल मोर्चा दिल्ली प्रदेश प्रभारी विजय भगत, झुग्गी झोपड़ी अभियान, लोकसभा संयोजक संजय शर्मा, विधानसभा संयोजक बब्लू राय, एकता कैंप सेवा बस्ती से झुग्गी झोपड़ी अभियान के लिए पांच प्रमुख बनाए जिसमें शंभू चौधरी, चंदा देवी, विजय पासवान, विमल पासवान, अनिता देवी, पूर्वांचल मोर्चा के मंडल अध्यक्ष वार्ड नंबर 57, पीतमपुरा धीरज एवम अन्य सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर सुजीत ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी को भाजपा की नीतियों व कार्यों के बारे में जानकारी दी गई और सभी को पत्रक बांटे गये और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में जो विकास कार्य किये है, उनके बारें लोगों को विस्तार से जानकारी दी गई और लोगों को चांदनी चौक लोकसभा से प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल को भारी मतों से जीत दिलवाए इसके लिए सभी से आग्रह किया गया। इस मौके पर उनके साथ कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# दस वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लिखा गया है विकास का नया अध्याय : मुख्यमंत्री नायब सैनी

**कामना**

**8 नायब सैनी ने माता मनसा देवी के दर्शन कर प्रदेशवासियों के उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री बनने के बाद नायब सैनी पंचकूला में माता मनसा देवी के दर्शन के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री सैनी ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और प्रदेशवासियों के उज्जवल भविष्य, स्वस्थ जीवन और प्रदेश की उन्नति की कामना की है। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटें जीतने की बात कही। यहां मुख्यमंत्री ने विकसित भारत और विकसित हरियाणा के निर्माण के लिए इस लोकतंत्र के पर्व में हरियाणा की जनता से ज्यादा से ज्यादा अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने तथा इस महापर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील भी की।

माता मनसा देवी के दर्शनों के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को आतंकवाद मुक्त किया है। भारत को विकास की गति पर आगे बढ़ाने का काम मोदी सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत की नींव रखने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास तीव्र गति से हो रहा है। पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास का एक नया अध्याय लिखा गया है।नायब सैनी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का गौरव और सम्मान बढ़ा है। दस वर्षों में योजनाबद्ध तरीके से गरीब व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 10 वर्षों के कामों का परिणाम है कि देश के 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से हर वर्ग तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाया है। जनता का विश्वास मोदी सरकार में लगातार बढ़ रहा है। देश का गौरव भी विश्व पटल पर उंचा हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने 11 करोड़ से ज्यादा इज्जत घर बनाकर महिलाओं को सम्मान दिया है। इन 10 सालों में मोदी सरकार ने आयुष्मान कार्ड के जरिए गरीब लोगों को बीमारी की चिंता से मुक्ति दिलाई है। श्री सैनी ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में गरीब माताओं-बहनों को उज्जवला योजना के तहत निशुल्क गैस कनेक्शन मिला, जिससे उन्हें धूआं से भी मुक्ति मिल पाई है।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सोच भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश के हर नागरिक को लोकसभा चुनाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

# आर्य समाज प्रेम नगर में लगाया गया आयुष हेल्थ कैंप, 258 मरीजों की जांच

**कैंप**

**8 कैंप में मुख्यातिथि के रूप में डॉ.जयदीप आर्य, चेयरमैन हरियाणा योग आयोग ने शिरकत की।**




**राजकुमार प्रिंस**
**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल के मार्गदर्शन में आर्य समाज मंदिर, प्रेम नगर में निशुल्क आयुष चिकित्सा एवं औषधि वितरण कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप में मुख्यातिथि के रूप में डॉ.जयदीप आर्य, चेयरमैन हरियाणा योग आयोग ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

डॉ. जयदीप ने आयुष विभाग के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारी को अंग वस्त्र पहनकर उनका सम्मान किया तथा प्रेम नगर वासियों को आयुष विभाग द्वारा लगवाए जा रहे निशुल्क चिकित्सा कैंप में अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. नितिन रोहिल्ला ने बताया कि इस शिविर में लोगों को खान पान, ऋतु अनुसार दिनचर्या, बदलते मौसम को देखते हुए गर्म कपड़े एकाएक बंद न करने, दही इत्यादि ठंडे पदार्थों का सेवन न करने और दिन में न सोने, मच्छरों से बचाव,पास्ट फूड इत्यादि का सेवन न करने की सलाह दी गई।

# नांदल खाप संस्थापक स्व. चौ. रणसिंह एडवोकेट की प्रतिमा का अनावरण समारोह संपन्न:नांदल

**मूर्ति स्थापना**

**8 नांदल भवन में खाप संस्थापक स्वर्गीय चौ. रणसिंह एडवोकेट की मूर्ति की स्थापना की गई है**



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

अखिल भारतीय नांदल खाप ने बोहर गांव स्थित नांदल भवन में खाप संस्थापक स्वर्गीय चौ. रणसिंह एडवोकेट की मूर्ति की स्थापना की गई है, जिसका अनावरण आज पूर्व कुलपति मेरठ विश्वविद्यालय डॉ. रामपाल नांदल के करकमलों द्वारा अनावरण किया गया। अनावरण समारोह की अध्यक्षता खाप के प्रधान ओमप्रकाश नांदल ने की और समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति डॉ. रामपाल नांदल रहे। मंच संचालन खाप प्रवक्ता देवराज नांदल ने कुशलतापूर्वक किया और देशभर से हजारों खाप प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समारोह में सभी वक्तओं ने खाप संस्थापक स्वर्गीय चौ. रणसिंह एडवोकेट के कामों की भूरि-भूरि प्रंशसा की और सभी ने कहा कि चौ. रणसिंह एडवोकेट ने खाप की छत्तीस बिरादरी के लिए बहुत काम किये जिनमें बहुत लोगों के आपसी झगड़ों का निपटारा भाईचारे से करवाया और गांव की गलियों को पक्का कराने का काम किया और लड़कियों की उच्च शिक्षा के लिए विशेष प्रबंध करवाया। लड़कियों के लिए प्राइमरी स्कूल से उच्च विद्यालय का निर्माण करवाया। बोहर गांव में अठगामा के भाईचारे को मजबूत करने के लिए अठगामा भवन का निर्माण करवाया। पहली बार 2002 में नांदलों के 53 गांवों के प्रतिनिधि इक्ठे करके 20 अक्तूबर को नांदल भाईचारा मिलन समारोह का आयोजन किया और नांदल खाप का गठन किया तथा नांदल खाप मुख्यालय बोहर में बनाने का प्रस्ताव पास करवाया। जो अब सभी खापों के लिए मिसाल बना हुआ है, दूसरी खापें भी नांदल खाप का अनुसरण करके अपना मुख्यालय बना रही है। उन्होंने लोगों को पंचायती जमीन का बंटवारा करके आर्थिक मजबूती प्रदान की। राजनीति में हिस्सेदारी के लिए बोहर मठ के मंहत श्रीयोनाथ को विधानसभा का चुनाव कलोई हलके से लड़वाया जो जीतकर हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री बने। उनका सारा जीवन सामाजिक कार्यों के लिए अनुकरणीय है। खाप के प्रतिनिधियों ने आज संकल्प लिया है कि उनके कार्यों से प्रेरणा लेकर खाप के सभी गांवों का चहुँमुखी विकास करेगें और भाईचारे को मजबूत करेगें।

इस अवसर पर मुख्य रूप से हरिश नांदल, पूर्व प्रधान महेन्द्र सिंह नांदल, कोषाध्यक्ष सुरेश भोपान, अशोक प्रिंसिपल, जाट संस्था के पूर्व प्रधान राजसिंह नांदल, वाल्मिक समाज के पूर्व प्रधान राजबीर वाल्मिकी, खाप प्रवक्ता मास्टर देवराज नांदल, चंचल नांदल, जोगिदर नांदल पूर्व उपभोक्ता फोरम अध्यक्ष रोहतक, मुख्य अतिथि रामपाल नांदल पूर्व कुलपति आदि उपस्थित रहे। समारोह के समापन पर खाप के प्रधान ओमप्रकाश नांदल ने सभी का हार्दिक धन्यवाद किया और खाप के सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

फोटो फाईल :
ओमप्रकाश नांदल
प्रधान नांदल खाप
फोन नं.: 8901387702
देवराज नांदल
प्रवक्ता नांदल खाप
फोन नं. : 8307501506

# जींद: 35 सौभाग्यवती कन्याएं एक साथ विवाह बंधन में बंधीं

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

जींद के अर्जुन स्टेडियम में रविवार को 35 सौभाग्यवती कन्याओं का एक साथ विवाह के पवित्र बंधन में बंधी। इन सभी 35 सौभाग्यवती कन्याओं ने एक ही पंडाल के नीचे एक साथ जयमाला की रस्म निभाई। समारोह में फेरे भी सामूहिक हुए। हजारों लोग इस समारोह के साक्षी बने। समारोह में 35 दूल्हे ढोल नगाड़ों और बारातियों के साथ अपनी दुल्हनियां को लेने पहुंचे जहां पहले से ही सजी संवरी 35 दुल्हनें अपने दूल्हे का इंतजार कर रही थी।इस समारोह में हर वह रस्म निभाई गई जो एक दूल्हा और दुल्हन के बीच निभाई जाती है।

# लोकसभा चुनाव: पैसों के लेन-देन पर नजर रखें बैंक: उत्तम सिंह

**राजकुमार प्रिंस**
**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**



डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनावों व उपचुनाव की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सभी बैंक, पैसों के संदिग्ध लेन-देन पर कड़ी नजर बनाकर रखें। बैंकों को यदि लगता है कि किसी खाते से संदिग्ध लेन-देन हो रहा है, उसकी रिपोर्ट तत्काल भेजी जाए, ताकि चुनाव में पैसे के प्रभाव पर अंकुश लगाया जा सके।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह रविवार को जिला के सभी बैंकों के अधिकारियों की बैठक के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मनी पावर के प्रभाव को रोकने और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना हमारी पहली प्राथमिकता है। चुनाव के दौरान पैसे के प्रभाव से मतदाता को प्रभावित न किया जा सके, इसके लिए पूरी चुनावी मशीनरी काम करेगी। चुनाव के दौरान यदि किसी खाते से संदिग्ध ट्रांजक्शन या एक खाते से अनेक लाभार्थियों के खाते में संदिग्ध ट्रांजक्शन हो रही है तो उस पर पैनी नजर बनाकर रखी जाए।

तत्काल खोलें उम्मीदवार का खाता

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि सभी बैंक, चुनाव में खड़े उम्मीदवारों के खाते को तत्काल खोलें। उनके खाते को खोलने में किसी तरह की परेशानी न आए। उम्मीदवार को तत्काल पासबुक व चैकबुक उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने कहा कि उम्मीवादर के परिवार से जुड़े खातों में हो रही ट्रांजक्शन पर भी नजर रखी जाए। बैंक की कैश वैन किसी दूसरे व्यक्ति का कैश लेकर न जाए

उत्तम सिंह ने कहा कि करेंसी चेस्ट से बैंक तक जो भी वाहन कैश लेकर जाए, उसका प्रोपर मैकेनिज्म बनाया जाए। बैंक का कैश वाहन किसी दूसरे व्यक्ति का कैश लेकर न जाए। कैश वैन पर लगे कर्मचारी अपने पहचान पत्र व अन्य जरुरी दस्तावेजों को साथ रखें। उन्होंने कहा कि चुनाव को प्रभावी और निष्पक्ष तरीके से करवाना हम सभी का दायित्व है, इसमें बैंक अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

इस मौके पर एसडीएम अनुभव मेहता, एसडीएम राजेश कुमार सोनी, सीटीएम शुभम, एलडीएम सुशील कुमार व अन्य बैंक अधिकारी मौजूद रहे।

# आर्य सुरेश मलिक होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर हुए शामिल

**कमाल हुसैन**
**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**



कुमाऊं संस्था पानीपत द्वारा आर्य कॉलेज के सभागार में बहुत ही भव्य व विशाल उत्तराखंड होली मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर आर्य सुरेश मलिक, उप प्रधान जिला परिषद पानीपत ने शिरकत की। उन्होंने सभागार में उपस्थित हजारों उत्तराखंड वासियों को होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी और समाज को संगठित रहने व इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने संस्कृति से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया और संगठन के महत्व को बताया। आर्य जी ने इस अवसर पर समाज के बलिदान व ईमानदारी का भारतीय समाज व देश के इतिहास में अतुलनीय योगदान के बारे में बताया और संगठन के पदाधिकारियों व विशाल संख्या में उपस्थित समस्त उत्तराखंड समाज को विश्वास दिलाया कि हमेशा की भांति हर सुख दुख की घड़ी में मैं आपके साथ खड़ा हूं। संस्था के समस्त पदाधिकारी व लोक गायको ने मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल आर्य सुरेश मलिक का बहुत ही भव्य स्वागत अभिनंदन किया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में बहुत ही सुप्रसिद्ध लोक गायक प्रकाश काहला जी, लोक गायक भवन गोस्वामी, लोक गायिका लीला बिष्ट ,लोग गायिका निकिता रावत एवं हास्य कलाकार शिबू रावत ने उत्तराखंड संस्कृती की छटा बिखेर दी। जिससे उपस्थित विशाल जनसमूह अभिभूत हो गया।

# आर्य समाज घोघड़ीपुर का वार्षिकोत्सव 29 से 31 मार्च तक



**राजकुमार प्रिंस**
**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

**वार्षिकोत्सव**

**8 गांव घोघड़ीपुर में आर्य समाज का वार्षिकोत्सव हर वर्ष की भांति बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।**

गांव घोघड़ीपुर में आर्य समाज का वार्षिकोत्सव हर वर्ष की भांति बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में 29 से 31 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वार्षिकोत्सव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस वार्षिकोत्सव को लेकर आर्य समाज भवन को भव्य ढंग से सजाया जा रहा है।

प्रधान बलविन्द्र सिंह आर्य ने बताया कि आर्य समाज के इय वार्षिकोत्सव में जेनिसिज क्लासेज के मैनेजिंग डायरेक्टर जितेंद्र सिंह अहलावत मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहीं कार्यक्रम आचार्य प्रिंयवदा वेद भारती आर्ष कन्या गुरुकुल नजीबाबाद बिजनौर मुख्य वक्ता, रामनिवास आर्य भजनोपदेशक रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य हरीश मदान करेंगे। 28 मार्च को यज्ञ यात्रा सांय 3 बजे प्रारंभ होगी। 29 मार्च को यज्ञ भजन प्रवचन सांय 3 से 6 बजे तक होगा।

उन्होंने बताया कि 30 मार्च को यज्ञ भजन प्रवचन प्रातः 8 से 11 बजे तक और सांय 3 से 6 बजे तक किया जाएगा।

वहीं 31 मार्च को यज्ञ एवं बालक बालिकाओं का उपनयन संस्कार का समय प्रातः 8 से 10 बजे तक रहेगा। भजन उपदेश तथा शांति पाठ प्रातः10 से 1 बजे तक किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे लंगर का आयोजन किया जाएगा।

प्रधान बलविन्द्र ने कहा कि वार्षिकोत्सव समारोह गांव व समाज को समर्पित होगा। इस अवसर पर प्रधान बलविन्द्र आर्य, उपप्रधान राजेंद्र आर्य, मंत्री ओमप्रकाश आर्य, उपमंत्री जितेंद्र मान, प्रचार मंत्री डॉ. महिन्द्र आर्य, कोषाध्यक्ष बलराज मान, संयोजक भोपाल सिंह आर्य, सहकोषाध्यक्ष डॉ. सतीश आर्य आदि मौजूद रहे।

# लोस चुनाव: हरियाणा में 1.99 करोड़ मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने रविवार को बताया कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। अब नई विकास परियोजनाओं की हरियाणा सरकार घोषणा नहीं कर सकती। जिन परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है वह जारी रहेगी। अनुराग अग्रवाल ने पत्रकार वार्ता में हरियाणा के चुनाव कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आचार संहिता के उल्लंघन के बारे शिकायत दर्ज करने के लिए चुनाव आयोग ने सी-विजिल ऐप बनाया है, जिस पर कोई भी नागरिक वीडियो व आडियो बनाकर भेज सकता है, जिस पर 100 मिनट में कार्रवाई की जाएगी।

चुनाव को लेकर प्रदेश में केंद्रीय शस्त्र पुलिस बलों की 15 कंपनियां आ चुकी हैं। गृह मंत्रालय से 200 कंपनियों की मांग की गई है। इसके अलावा हरियाणा पुलिस व गृह आरक्षी कर्मियों को भी चुनाव में सुरक्षा में लगाया जाएगा। पिछले लोकसभा चुनाव में हरियाणा में लगभग 70 प्रतिशत मतदान हुआ था, आगामी चुनाव में मतदान बढ़े इसके लिए मतदाताओं से अपील की गई है कि वे मतदान में अवश्य भाग लें।

# दांतों की नियमित जांच से होगा मुंह में होने वाले रक्त स्राव से बचाव

**शिविर**

**8 हीमोफीलिया जागरूकता फिजियोथैरेपी व फैक्टर वितरण शिविर आयोजित**



**राजकुमार प्रिंस**
**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

हीमोफीलिया सोसायटी एवं इंटास फाउंडेशन द्वारा हीमोफीलिया रोगियों के लिए हीमोफीलिया जागरूकता फिजियोथैरेपी व फैक्टर वितरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बाल रोग विशेषज्ञ पीजीआईएमएस रोहतक की प्रो. डा. अलका यादव ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने हीमोफीलिया के लक्षण के बारे बताते हुए कहा कि हीमोफीलिया में मरीज के शरीर मे खून का थक्का जमाने वाले प्रोटीन की कमी के कारण ऐसे मरीजो में हर समय शरीर के भीतर और बाहर रक्तस्राव का खतरा बना रहता है, इसके कारण इनके हाथ-पैर के जोड़ में हीमोअर्थराइटिस हो जाता है, कभी-कभी मरीज के पेट, गर्दन, मस्तिक, पेशाब, शौच व मसूड़ों में भी रक्तस्राव हो जाता है, जो कि बेहद गम्भीर अवस्था मानी जाती है। इसकी रोकथाम के लिए विशेष भूमिका एन्टी हीमोफीलिया फैक्टर की रहती है। इन खून का थक्का बनाने वाले ब्लड प्रोटीन जैसे फैक्टर 7, 8 , 9 और फीबा आदि से चिकित्सक ऐसे मरीजों के रक्तस्राव की रोकथाम करता है।

उन्होंने बताया कि इन मरीजों में ऐसी गम्भीर स्थिति उत्पन्न ही ना हो, इसके लिये आजकल प्रोफालेक्सेस विधि द्वारा ईलाज दिया जाता है, यानि सप्ताह में 2 से 3 बार इनको फैक्टर इंजेक्शन दिया जाता है और इनके फैक्टर के स्तर को नियंत्रित रखा जाता है, ताकि इन मरीजो में रक्तस्राव ही न हो और यह मरीज एक सामान्य जीवन जी पाएं। वर्तमान में 15 दिन या 1 महीने में लगने वाले रक्तस्राव रोकथाम के टीके भी आने लगे है, जैसे लॉन्ग एक्टिंग फैक्टर और मोनोकुलर इंजेक्शन, जिसके परिमाण बहुत ही बेहतर पाए गए हैं।

# कच्ची सडकों से मिलेगी निजात, 20 करोड़ से होगा सुधार : सोहन सिंह राणा

**शिलान्यास**

**8 जिला परिषद अध्यक्ष प्रवेश सोहन सिंह राणा ने दौरा करके विकास कार्यों का शिलान्यास किया।**



**राजकुमार प्रिंस**
**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

जिला परिषद की ओर से गांवों में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। आगामी दो माह में ग्रामीण क्षेत्र की सडकें सुदृढ़ होंगी। इसे लेकर जिला परिषद की ओर से कार्य शुरू कर दिया गया है। जिला परिषद अध्यक्ष प्रवेश सोहन सिंह राणा ने अलग-अलग खंडों का दौरा करके विकास कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि करीब 175 सडकों की विशेष मरम्मत और नवनिर्माण होगा। इस पर करीब 20 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी।

उन्होंने कहा कि बिना भेदभाव के जिला परिषद के सभी 20 वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सबसे पहले गांव कलवेहड़ी में प्राइमरी स्कूल में शौचालय निर्माण, गांव माखु माजरा में शिव मंदिर प्रांगण में ग्रेनाइट पत्थर लगाने, माखु माजरा से बड़ागांव तक मार्केटिंग बोर्ड की सडक का नवनिर्माण व चौड़ीकरण, गांव दरड़ से संगोहा तक मार्केटिंग बोर्ड की सडक की रिपेयर, इन्द्री हलके की मार्केटिंग बोर्ड की सडकों का रिपेयर व निर्माण कार्य शुरू कराया। उन्होंने बुजुर्गों के हाथों से नारियल तोडकर काम शुरू कराया। इसके अलावा गाँव चुण्डीपुर में सामुदायिक हॉल का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि इससे पहले गांवों में स्ट्रीट लाइटें लगाने का कार्य शुरू हो चुका है। गांवों में पुस्तकालय और ओपन जिम भी स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि लोग खुद को स्वस्थ रख सकें और युवाओं को ग्राम स्तर पर ही पढ़ाई के लिए संसाधन उपलब्ध हों। आने वाले समय में गांवों की सभी प्रमुख सडकें गड्ढ़ा मुक्त होंगी।

कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य मोहन सैनी, शिवचरण राणा, किरणपाल राणा, शीशपाल राणा, मोहर सिंह सैनी जयरामपुरा, जिला पार्षद प्रदीप राणा नलवी कलां, विक्रम राणा नलवी कलां, माखु माजरा सरपंच बसंत सिंह, जयरामपुरा सरपंच मनोज कुमार, रिंडल सरपंच बलविंदर कुमार मौजूद रहे।

# रोजगार न मिलने पर मजबूरी में विदेशों में जाने को मजबूर युवा: अनुराग ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/कलायत /कैथल**



आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कलायत विधानसभा के गांव बड़सीकरी में ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों से मिले और नुकसान का जायजा लिया। इसके बाद रूस और यूक्रेन युद्ध के बीच रशिया आर्मी में फंसे मटौर गांव के युवाओं के परिजनों से मुलाकात की। उनके साथ सुनील सहारण, हरपाल सेगा, राजीव ढूल, सतबीर गोयत, देवेंद्र ढूल, प्रवीण और शमशेर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यहां पर कोई रोजगार न होने की वजह से मजबूरी में मटौर के 7-8 के युवा रूस में काम करने के लिए गए थे। लेकिन मैंने जो ऑडियो इन युवाओं के सुने वह बहुत ही भयावह है। वहां गए युवा कह रहे हैं कि यह हालत बहुत खराब हैं, चारों तरफ गोलियां चल रही है और उनको युद्ध के लिए धकेल दिया गया है। अपने बच्चों के लिए परिवार भी प्रशासन से गुहार लगा रहा है। लेकिन यदि हमारे देश का नागरिक कहीं भी फंसता है तो उसे सुरक्षित निकालना भारत सरकार की जिम्मेदारी है। इसलिए हम मांग करते हैं कि भारत सरकार इन बच्चों की तरफ ध्यान दे और इनको सुरक्षित निकाले। क्योंकि इसमें इन बच्चों की नहीं बल्कि सरकार की गलती है क्योंकि सरकार इन्हें यहां पर रोजगार उपलब्ध नहीं कर सकी।

उन्होंने कहा कि इस इलाके से बड़ी तादाद में भारतीय सेना में भी युवा जाते थे, लेकिन भाजपा सरकार ने अग्निवीर योजना लाकर वह रास्ता भी युवाओं के लिए बंद कर दिया है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 18 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## तीसरी बार केंद्र में भाजपा बनायेगी सरकार: ज्योति

**चित्रकूट:** देश में लोकसभा चुनाव का शंखनाद होते ही केंद्रीय मंत्री एवं फतेहपुर से भाजपा उम्मीदवार साध्वी निरंजन ज्योति रविवार को चित्रकूट पहुंची। यहां पर उन्होंने मनोकामनाओं के पूरक भगवान श्री कामतानाथ के दर्शन-पूजन कर चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत कर दी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 सीटें जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ केंद में अपनी सरकार बनायेगी। कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास महाराज से भेंट कर उनका आशीर्वाद लेने के बाद केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब ,किसान,युवा और महिला चारों जातियों का चहुमुखी विकास किया है। इसके अलावा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिये आधी आबादी को राजनीति में अधिकार देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। साध्वी ने कहा कि 2014 के पहले देश के लोग गठबंधन के दयनीय शासन के कारण ठगा हुआ और निराश महसूस कर रहे थे। कोई भी क्षेत्र घोटालों और पॉलिसी पैरालिसिस से अछूता नहीं रहा। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद 140 करोड़ भारतीयों की शक्ति से भारत ने विकास का नया कीर्तिमान रचा है। देश विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। देश के करोड़ों लोगों को गरीबी से मुक्ति मिली है। सरकार की गरीब कल्याण की योजनाएं देश के सभी हिस्सों तक पहुंची हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित कर पीएम मोदी ने देश की आधी आबादी को राजनीति में भागेदारी देने का ऐतिहासिक कार्य किया है।इसके अलावा विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज पूरा विपक्ष दिशाहीन और मुद्दाविहीन है। उनके वंशवादी दृष्टिकोण और समाज को विभाजित करने के प्रयासों को जनता स्वीकार नहीं कर रही है। उनके कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार के ट्रैक रिकॉर्ड भी उन्हें उतना ही नुकसान पहुंचा रहे हैं। जनता को ऐसा नेतृत्व नहीं चाहिए।

## सिद्धू मूसेवाला की मां ने दिया बच्चे को जन्म

**सिद्धू** मूसेवाला के घर एक बार फिर से खुशी का माहौल बन गया है। सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर को एक बार फिर मातृत्व का सौभाग्य मिला है और उन्होंने एक बेटे को जन्म दिया है। इस बात की जानकारी खुद सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर दी है। इसके साथ ही उन्होंने अपने नवजात बच्चे की एक फोटो भी सोशल मीडिया पर शेयर की है। "शुभदीप को चाहने वाले लाखों-करोड़ों लोगों के आशीर्वाद से, भगवान ने शुभ के छोटे भाई को हमारी गोद में डाल दिया है। भगवान के आशीर्वाद से परिवार स्वस्थ है। मैं सभी शुभचिंतकों के इस अपार प्यार के लिए आभारी हूं।" इस पोस्ट पर दुनियाभर से फैंस लाइक और कमेंट्स कर रहे हैं। तो कमेंट्स के जरिए शुभकामनाएं मिल रही हैं। सिद्धू मूसेवाला की मां ने 58 साल की उम्र में दोबारा मां बनने का फैसला किया, जिससे हर कोई हैरान रह गया। चरण कौर आईवीएफ तकनीक की मदद से मां बनीं। 60 साल के बलकौर सिंह एक बार फिर पिता बन गए हैं। इस खबर को सुनने के बाद सिद्धू के फैंस भी खुश हैं। दुनिया भर से फैंस ने सिद्धू के माता-पिता को बधाई देना शुरू कर दिया है।

# उत्तराखंड में 'करो या मरो' के अंदाज में लड़ेगी कांग्रेस

### 1,000 मंडलम पार्टी के प्रचार तंत्र को आमजन से जोड़ने का बड़ा और महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** कांग्रेस लोकसभा का चुनावी समर उत्तराखंड में करो या मरो के अंदाज में लड़ने जा रही है। 11,729 बूथ कमेटी और सांगठनिक दृष्टि से तैयार किए गए 1,000 मंडलम पार्टी के प्रचार तंत्र को आमजन से जोड़ने का बड़ा और महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे हैं। भाजपा से मिलने वाली कड़ी चुनौती की प्रभावी काट को ध्यान में रखकर पहली बार प्रमुख विपक्षी दल ने प्रदेश व जिलों के साथ में ब्लाकों से लेकर बूथ स्तर तक वार रूम तैयार किए है। केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश स्तर पर बनने वाली चुनावी रणनीति त्वरित सबसे निचले स्तर पर पहुंचेगी। साथ ही बूथ स्तर पर पार्टी की कमान संभालने वाले योद्धाओं को आवश्यकता के अनुसार शीघ्रता से चुनाव सामग्री पहुंचाई जा सकेगी। अलग उत्तराखंड राज्य बनने के बाद लोकसभा चुनाव का यह पांचवां महासमर कांग्रेस के लिए निर्णायक बन चुका है। लगातार दो लोकसभा चुनाव में हार चुकी पार्टी पर अब तीसरे चुनाव में दबाव बढ़ गया है। कांग्रेस इस चुनौती को महसूस कर रही है। प्रदेश में राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए पार्टी ने इस बार पूरी तैयारी की है। मुकाबले के लिए पार्टी के पूरे प्रचार तंत्र को बेहद सावधानी से खड़ा किया गया है। केंद्रीय नेतृत्व की स्वयं इसमें बड़ी रुचि है। यह केंद्रीय नेतृत्व का ही आग्रह रहा कि बूथ स्तर पर इकाइयों को गठित करने पर विशेष ध्यान दिया गया है।



**मंडलम इकाइयां गठित:** प्रदेश कांग्रेस संगठन ने इस बार मंडलम इकाइयों के रूप में नया प्रयोग किया है। लगभग न्याय पंचायत स्तर पर ऐसी 1,000 मंडलम इकाइयां गठित की गई हैं। इनका गठन नगरों और ग्रामीण क्षेत्रों, दोनों में किया गया है। मंडलम इकाइयों को खड़ा कर विपक्षी दल का प्रयास अधिक संख्या में मतदाताओं से सीधे जुड़ने का है। पार्टी की चुनाव प्रचार की रणनीति को धार देने और विरोधियों पर भी इसके माध्यम से नजर रखी जाएगी। यह इकाई बूथ और ब्लाक के बीच समन्वय का कार्य भी करेगी। दो महीने का विशेष अभियान चलाकर इन इकाइयों को मूर्त रूप दिया गया है।

**लोकसभा क्षेत्र व जिलेवार मीडिया समन्वयक:** चुनाव में मीडिया प्रभारी और मीडिया समन्वयकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। कांग्रेस नेतृत्व ने डा चयनिका उनियाल को प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग का प्रभारी बनाया है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत लोकसभा क्षेत्रवार, जिलेवार और मंडलवार मीडिया समन्वयक नियुक्त किए हैं। यही नहीं, इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म का लोकसभा चुनाव में उपयोग किया जाएगा। इन प्लेटफार्म पर एक क्लिक पर सभी सूचनाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। 1,000 इंटरनेट मीडिया ग्रुप बनाए गए हैं। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 500 वाट्सएप ग्रुप भी बनाए जा रहे हैं। संघ के 32 आनुषांगिक संगठनों का भी लाभ उत्तराखंड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 32 आनुषांगिक संगठन विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्यों से जुड़े हैं। राष्ट्रीय विचारधारा से ओतप्रोत इन संगठनों के धरातल पर कार्य करने का लाभ भी चुनाव में भाजपा को मिलेगा।

### प्रदेश स्तर पर वार रूम सक्रिय

**प्रदेश** कांग्रेस कमेटी ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में वार रूम सक्रिय कर दिया है। वार रूम की कमान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नवीन जोशी को सौंपी गई है। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि वार रूम में टीम पांच कंप्यूटर के साथ लगातार काम कर रही है। जिलाध्यक्षों के साथ प्रतिदिन संपर्क कर फीडबैक लिया जा रहा है। बूथ कमेटी अध्यक्ष भी मोबाइल फोन नंबर के माध्यम से वार रूम से जुड़े हुए हैं। चुनाव के लिए प्रदेश से लेकर जिला, ब्लाक और बूथ स्तर तक बनाए गए हैं।

केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर तय हो रही हर रणनीति: बूथ स्तर पर भी वार रूम राज्य के भ्रमण के लिए पहुंचने वाला अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का पर्यवेक्षक हो अथवा लोकसभा चुनाव प्रभारी, या प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, सभी ने बूथ कमेटी के गठन और उसके लिए तैयारियों को परखा है। सभी 11,729 बूथ कमेटी के अध्यक्ष नियुक्त किए जा चुके हैं। बूथों की मजबूती पर इस बार विशेष ध्यान दिया गया है। बूथ अध्यक्ष व कमेटी के सदस्यों को प्रतिद्वंद्वी भाजपा के पन्ना प्रमुखों का तोड़ ढूंढते हुए अधिक सक्रियता से काम करने को कहा गया है। इस बार बूथ स्तर पर वार रूम भी काम करेगा। यह वार रूम ब्लाक, जिले के साथ ही प्रदेश स्तर पर वार रूम से जुड़ा रहेगा। यहां से हर सूचना उच्च स्तर तक पहुंचाई जाएगी, ताकि धरातल पर पार्टी की तैयारी पुख्ता रखी जा सकें।

## कांग्रेस के लिए चुनौती बनी अनुराग की हमीपुर सीट

**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर:** हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर लोकसभा सीट पर इस बार भी कांग्रेस की राह आसान रहने वाली नहीं है। भाजपा ने अपने कद्दावर नेता व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को इस सीट से फिर उम्मीदवार बनाया है। अनुराग ठाकुर लगातार चार बार यहां से जीत दर्ज कर चुके हैं। हर बार उनकी जीत का अंतर विशाल रहा है। कांग्रेस इस सीट पर 28 साल से लगातार हार रही है। बीते आठ लोकसभा चुनाव से कांग्रेस को हमीरपुर से पराजय का मूंह देखना पड़ रहा है। कांग्रेस को आखिरी बार 1996 में यहां जीती मिली थी।



**राह आसान नहीं**

हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर लोकसभा सीट पर इस बार भी कांग्रेस की राह आसान रहने वाली नहीं है

कांग्रेस इस बार भी इस सीट को बड़ी चुनौती मानकर चल रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री हमीपुर संसदीय क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं। ऐसे में इन दोनों की प्रतिष्ठा दांव पर है। सुक्खू और अग्निहोत्री के अलावा कैबिनेट मंत्री राजेश धमार्णी के कंधों पर भाजपा का विजय रथ रोकने की जिम्मेदारी है। अभी तक कांग्रेस अपने उम्मीदवार को घोषित नहीं कर पाई है। कांग्रेस सरकार के खिलाफ बगावत करने वाले छह में से चार बागी व निष्कासित विधायक इसी संसदीय क्षेत्र से हैं। ये बागी कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। दरअसल संसदीय क्षेत्र के 17 विधानसभा क्षेत्रों में से 10 कांग्रेस के विधायक हैं, जबकि पांच पर भाजपा और दो पर निर्दलीय हैं। अयोग्य घोषित कांग्रेस के तीन विधायक इस संसदीय क्षेत्र से हैं। इनमें सुजानपुर से राजेंद्र राणा, गगरेट से चैतन्य शर्मा और बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल शामिल हैं। देहरा से होशियार सिंह और हमीरपुर शहर से आशीष शर्मा निर्दलीय विधायक हैं जो राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को वोट कर चुके हैं।

**नड्डा, धूमल और सुक्खू का है गृह संसदीय क्षेत्र:** यह पूर्व सीएम प्रेम कुमार धूमल के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का गृह संसदीय क्षेत्र है।



राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने रविवार को गोविंद देव जी मंदिर में विधिवत पूजा और आरती कर प्रदेशवासियों की संपन्नता और खुशहाली के लिए कामना की है। राज्यपाल मिश्र रविवार प्रात: गोविंद देव जी मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने जन जन के आराध्य भगवान श्री गोविंद देव जी की आरती उतारी और विधिवत पूजा अर्चना की।

## घोसी: चुनावी तैयारियों को लेकर प्रशासन अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**मऊ:** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की घोषणा के साथ 70 घोसी लोकसभा क्षेत्र में चुनावी तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने बताया कि लोकसभा चुनाव की दृष्टि से घोसी लोकसभा क्षेत्र को 14 जोन व 138 सेक्टर में बांट दिया गया है। घोसी लोकसभा में बनाए गए 1124 मतदान केंद्रों व 2125 मतदेय स्थलों पर कुल 20 लाख 66 हजार 457 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। घोसी लोकसभा के लिए मतदान सातवें व अंतिम चरण में 01 जून को होगा। इसके लिए प्रत्याशी 07 से 14 मई के बीच अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चलने-फिरने में पूरी तरह अक्षम दिव्यांग मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराए जाने की व्यवस्था कराई जा रही है। बूथों पर दिव्यांग मतदाताओं को ले जाने के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था के साथ ही इनकी कतार अलग होगी।

## आईडी कार्ड नहीं फिर भी डाल सकेंगे वोट..

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** कई लोग ऐसे होंगे जिनका नाम तो वोटर लिस्ट में है, लेकिन उनके पास वोटर आईडी कार्ड नहीं है। चुनाव आयोग ने बगैर वोटर आईडी कार्ड के भी वोट डालने का विकल्प दिया है।

**12 विकल्प में से किसी एक आईडी के आधार पर वोट डाल सकेंगे:** उत्तराखंड में प्रथम चरण में 19 अप्रैल लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। यहां कुल पांच लोकसभा सीट है। चुनाव में ईवीएम और वीवीपैट का इस्तेमाल किया जाएगा। मतदान के लिए राज्य में कुल 11 हजार 729 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। राज्य के 83,71,207 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।




**ये हैं 12 विकल्प, बस एक दस्तावेज अनिवार्य:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरूषोत्तम ने बताया कि आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक या डाकघर से जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआई की ओर से जारी स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन अभिलेख, केंद्र एवं राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों और सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों की ओर से कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसद-विधायक, एमएलसी की ओर से जारी आधिकारिक पहचान पत्र, सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से जारी विशिष्ट दिव्यांगता फोटो पहचान पत्र इन सभी में से कोई एक पहचान पत्र दिखाने पर आप वोट दे सकेंगे।

**मत का अधिकार**

विशिष्ट दिव्यांगता फोटो पहचान पत्र इन सभी में से कोई एक पहचान पत्र दिखाने पर आप वोट दे सकेंगे

## जहीर मलिक ने बसपा से दिया इस्तीफा

**टीम एक्शन इंडिया**

**जलालाबाद:** आचार संहिता की घोषणा होते ही नगर पंचायत अध्यक्ष जहीर मलिक ने बहुजन समाज पार्टी से इस्तीफा दे दिया। आरोप लगाया कि पार्टी मजबूती से चुनाव नहीं लड़ रही है, और कार्यकर्ताओं की भी उपेक्षा हो रही है। वह थानाभवन विधानसभा से पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर बसपा के सिंबल पर जीत दर्ज की थी। जल्द ही वह लखनऊ में सपा में शामिल होंगे। वर्ष 2005 में तत्कालीन कैबिनेट मंत्री अनुराधा चौधरी ने जहीर मलिक को राष्ट्रीय लोक दल में शामिल कर 2006 में रालोद के चिन्ह पर निकाय अध्यक्ष का चुनाव लड़वाया था।

## मायावती व जयंत चौधरी को बड़ा झटका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग ने 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। उत्तर प्रदेश में चुनाव सभी सात चरणों में होंगे। तारीखों की घोषणा के साथ ही आचार संहिता भी लागू हो गई है। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों के एलान के बाद उत्तर प्रदेश में सियासी हलचल तेज हो गई। पार्टियां एक-एक वोट का गुणा-गणित बनाने में जुट गई हैं। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में रक्षा मंत्रालय के सेवानिवत्त अधिकारी आदर्श कुमार सहित कई दिग्गज नेताओं ने सपा की सदस्यता ली। राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री अकीलुर्रहमान खां, बसपा से पूर्व विधायक हाजी रिजवान, बागपत से रालोद की महिला सभा की जिलाध्यक्ष तथा बड़ौत के तीन बार पार्षद रही श्रीमती रेनू तोमर पत्नी आशुतोश तोमर ने समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ली। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- इन साथियों के आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। बता दें हाजी रिजवान बसपा के दिग्गज नेताओं में से एक माने जाते थे, वह चार बार के पूर्व विधायक हैं। दो बार कुंदरकी से और दो बार सम्भल की बिलारी विधासनभा सीट चुनाव जीता था। जबकि अकीलुर्रहमान खां रालोद के शीर्ष नेताओं में से एक थे, वह बहजोई असमौली विधानसभा सीट से विधायक रह चुके हैं।



**हलचल**

4 बार के पूर्व विधायक व दिग्गज नेताओं ने थामा समाजवादी पार्टी का दामन

## 'विपक्ष को उप्र से नहीं मिलेगी एक भी सीट'

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** सिर्फ घर में रहकर सोशल मीडिया से प्रचार करने वाला जनता का दर्द कैसे समझ सकता है। उसको जनता की सेवा से मतलब नहीं, सिर्फ उसको लोकसभा और विधानसभा में अपनी पार्टी की सीटें जीतनी चाहिए और जीत के बाद अपने देश और प्रदेश का नहीं, अपने घर की भलाई में बजट को समर्पित कर देना है। ऐसे दल के नेता आज भारत के विकास के लिए दिन-रात एक कर देने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। यह सब जनता समझ रही है। ये बातें पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कही।

## 'धर्मेंद्र को गलत तरीके से हराया गया था'

**टीम एक्शन इंडिया**

**बबराला:** गुन्नौर के गांव कैल पहुंचे बदायूं लोकसभा के सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार पूंजीपतियों की सरकार है। इस सरकार में केवल चंद पूंजीपतियों का कर्ज माफ हो सकता है, गरीब का नहीं। कहा कि ये बहुत झूठी सरकार है। कोई भी कार्य जनता के हित में नहीं किया। कहा कि अब हम आ गए हैं। मैं अब जनता का ध्यान रखूंगा। उन्होंने यह बातें एक सभा के दौरान कहीं।

आयोजित सभा में उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र यादव का टिकट कटा नहीं है। हमें इसलिए भेजा गया है कि पिछली बार धर्मेंद्र यादव को गलत तरीके से हराया गया इस बार इसे सही किया जाए। इस मौके पर सपा विधायक रामखिलाड़ी सिंह यादव, पूर्व विधायक राजेश यादव, जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, अमित यादव, अखिलेश यादव, अजीत यादव, विजेंद्र सिंह यादव, रूप किशोर यादव, सर्वेश यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**दावा**

भाजपा की सरकार पूंजीपतियों की सरकार है। इस सरकार में केवल चंद पूंजीपतियों का कर्ज माफ हो सकता है

**हरि बाबा धाम में लिया आशीर्वाद:** बदायूं से सपा प्रत्याशी शिवपाल यादव अपने पुत्र आदित्य यादव के साथ शनिवार की सुबह हरि बाबा धाम पर दर्शन कर आशीर्वाद लिया। कहा कि हरि बाबा से मेरा शुरू से लगाव रहा है। रजपुरा, रसूलपुर, बहट, केसरपुर में लोगों से मिले।

## उत्तराखंड कांग्रेस: दो दिग्गजों ने छोड़ी पार्टी

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** लोकसभा चुनाव से पहले उत्तराखंड में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। गढ़वाल संसदीय सीट के अंतर्गत बदरीनाथ से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी ने पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने नई दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।

**धन सिंह नेगी ने भी कांग्रेस से त्यागपत्र दिया:** वहीं टिहरी सीट से पूर्व विधायक धन सिंह नेगी ने भी कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया। उनके जाने से टिहरी संसदीय सीट पर कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ी हैं।

**पूर्व विधायक विजयपाल और मालचंद ने थामा भाजपा का दामन:** कांग्रेस से एक दिन पहले त्यागपत्र देने वाले उत्तरकाशी जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण और मालचंद ने अपने समर्थकों के साथ शनिवार को भाजपा का दामन थाम लिया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल की उपस्थिति में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

चुनावी बिसात

### नेताओं द्वारा 2022 के विधान सभा चुनाव के बाद से पार्टी छोड़ने का क्रम लगातार जारी है

## पंजाब में कांग्रेस की आसान नहीं राह, 13 में से 4 सीटों पर अपने ही नेताओं से टक्कर!

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** पंजाब की परेशानी कम नहीं हो रही है। नेताओं द्वारा 2022 के विधान सभा चुनाव के बाद से पार्टी छोड़ने का क्रम लगातार जारी है। अभी तक कांग्रेस को पूर्व विधायक ही छोड़ रहे थे लेकिन चब्बेवाल विधान सभा सीट से सिटिंग विधायक डॉ. राजकुमार चब्बेवाल पार्टी छोड़ कर कांग्रेस की परेशानी और बढ़ा दी है। क्योंकि अब राज्य में 13 में से चार लोक सभा सीटें हो जाएंगी जहां पर कांग्रेस को 'अपनों' से ही मुकाबला करना पड़ेगा। पार्टी में चल रही उठापटक के कारण ही कांग्रेस अभी लोक सभा की टिकटों पर फैसला नहीं ले पा रही है। क्योंकि पार्टी को यह डर है कि टिकटों की घोषणा के बाद यह क्रम कहीं बढ़ न जाए।

**अपने ही ताने-बाने में उलझी कांग्रेस:** कांग्रेस की परेशानी यह है कि वह अपने बुने ताने-बाने में उलझती जा रही है। कैप्टन अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री पद से हटाने के फैसले के बाद से पार्टी छोड़ कर जाने वाले नेताओं का क्रम बादस्तूर जारी है। जबकि कांग्रेस के कई नेता इस बात को खुद स्वीकार करते हैं कि चुनाव के नजदीक जिस समय कैप्टन को पार्टी से हटाया गया वह सही समय नहीं था। क्योंकि 2022 के विधान सभा चुनाव को छह माह से भी कम का समय रह गया था। जिसकी वजह से पार्टी ने न सिर्फ विधान सभा चुनाव गंवाया बल्कि पार्टी में बिखराव भी हुआ।



**बीते दिन सांसद परनीत कौर ने की भाजपा ज्वाइन:** साल 2023 में कांग्रेस को जालंधर के लोकसभा उप चुनाव में अपनी ही पार्टी से गए पूर्व विधायक सुशील रिंकू से हार का सामना करना पड़ा। आप ने रिंकू को इस बार भी टिकट दी है। वहीं, पार्टी से निलंबित सांसद परनीत कौर ने भाजपा ज्वाइन कर ली है। पटियाला में संभवतः वह ही भाजपा की उम्मीदवार होंगी। जबकि फतेहगढ़ साहिब से कांग्रेस के ही विधायक गुरप्रीत जीपी को आप ने लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है। जबकि अब आप डा. राजकुमार चब्बेवाल को होशियारपुर से लोक सभा का उम्मीदवार बना सकती है। चब्बेवाल 2019 का लोक सभा चुनाव भाजपा के सोम प्रकाश के हाथों हार गए थे। कांग्रेस यह दावा कर रही है कि इस बार पार्टी उन्हें टिकट नहीं दे रही थी। प्रदेश प्रधान वड़िंग का कहना है, कांग्रेस ने चब्बेवाल को तीन बार उम्मीदवार बनाया।

**कांग्रेस उलझी**

कांग्रेस की परेशानी यह है कि वह अपने बुने ताने-बाने में उलझती जा रही है